संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 05 मार्च 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 62 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



'मियां-टियां' या 'पाकिस्तानी' कहना भले सुनने में ठीक नहीं लगता हो, लेकिन ऐसे मामले में आईपीसी की धारा 298 के तहत धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसा अपराध नहीं बनता: सुप्रीम कोर्ट

# भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को धोया



**दुबई:** विराट कोहली के 84 रन और मोहम्मद शमी की गेंदबाजी की बदौलत भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले सेमीफाइनल में भारत ने आस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराया। ऐसे में भारतीय टीम फाइनल में पहुंच गई है। 9 मार्च को भारतीय टीम का सामना दूसरे सेमीफाइनल की विनर से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में 5 मार्च को साउथ अफ्रीका का सामना न्यूजीलैंड से होगा। ऑस्ट्रेलिया को हराने के साथ ही भारतीय टीम ने वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में मिली हार का बदला भी ले लिया है।

**ऑस्ट्रेलिया ने बनाए 264 रन**

मुकाबले की बात करें तो टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया टीम 49.3 ओवर में 264 रन पर सिमट गई। कप्तान स्टीव स्मिथ ने 96 गेंदों पर 73 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 4 चौके और 1 छक्का लगाया। उनके अलावा एलेक्स कैरी ने 57 गेंदों पर 61 रन ठोक दिए। हालांकि, वह अपनी गलती की वजह से रन आउट हुए। श्रेयस अय्यर के रॉकेट थ्रो ने उन्हें पवेलियन भेजा।

**कूपर का नहीं खुला खाता**

कंगारू टीम की शुरूआत खराब रही और डेब्यू मैच खेल रहे कूपर कोनोली का खाता नहीं खुला। भारतीय टीम की सबसे बड़ी हेडेक ट्रेविस हेड ने भी बड़ी पारी नहीं खेली। हेड ने 33 गेंदों पर 39 रन बनाए। मार्नस लाबुशेन ने 29, जोस इंग्लिस ने 11 और ग्लेन मैक्सवेल ने 7 रन बनाए। भारत की ओर से मोहम्मद शमी ने 3 विकेट चटकाए। उनके अलावा वरुण चक्रवर्ती और रवींद्र जडेजा की झोली में 2-2 विकेट आए।

**अक्षर पटेल और हार्दिक पांड्या के नाम भी 1-1 विकेट रहा।**

जवाब में भारतीय टीम को औसत शुरूआत मिली। कप्तान रोहित शर्मा ने एक झोर से बाउंड्री लगाना शुरू किया तो शुभमन गिल ने संयमित बल्लेबाजी की। हालांकि, गिल ने 11 गेंदों पर 8 रन बनाकर पवेलियन लौटे। 43 के स्कोर पर भारत को दूसरा झटका लगा। रोहित शर्मा ने 3 चौके और 1 छक्के की मदद से 29 गेंदों पर 28 रन बनाए। 2 विकेट जल्दी गिरने के बाद विराट कोहली और श्रेयस अय्यर ने पारी को संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 91 रन जोड़े। 27वें ओवर में एडम जैम्पा ने अय्यर को बोल्ड किया। श्रेयस फिफ्टी से चूक गए और उन्होंने 62 गेंदों पर 45 रन की पारी खेली।



## प्लेयर ऑफ द मैच बने चेज मास्टर विराट कोहली

**टीम इंडिया** ने ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। सेमीफाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच बने चेज मास्टर विराट कोहली, जिन्होंने 84 रन की बेहद अहम पारी खेली। दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए सेमीफाइनल में कोहली ने रन चेज में 3 बड़ी साझेदारियां भी कीं। उन्होंने श्रेयस अय्यर के साथ 91, अक्षर पटेल के साथ 44 और केएल राहुल के साथ 47 रन जोड़े। इन्हीं पार्टनरशिप ने रन चेज को आसान बनाया। आखिर में हार्दिक पंड्या ने तेजी से 28 रन बनाए और केएल राहुल ने छक्का मारकर जीत दिलाई। वे 42 रन बनाकर नाबाद लौटे। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी की और 265 रन का टारगेट दिया। ऑस्ट्रेलिया से कप्तान स्टीव स्मिथ ने 73 और एलेक्स कैरी ने 61 रन बनाए। इंडियन बॉलर्स ने ऑस्ट्रेलिया को ऑलआउट कर दिया। मोहम्मद शमी ने 3, रवींद्र जडेजा और वरुण चक्रवर्ती ने 2-2 विकेट लिए।

## पंजाब में सरकार की किसानों पर कार्रवाई, गिरफ्तार किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** पंजाब में भगवंत मान सरकार ने कई किसान नेताओं को उनके घरों पर हाउस अरेस्ट कर दिया है। कथित तौर पर यह गिरफ्तारी किसानों के द्वारा पांच मार्च से प्रस्तावित धरने को रोकने के लिए की गई है। किसानों पर यह कार्रवाई एक दिन पहले सोमवार को किसान नेताओं और मुख्यमंत्री भगवंत मान के बीच बातचीत के असफल होने के बाद की गई है। कांग्रेस ने भगवंत मान सरकार की इस कार्रवाई को किसानों के हितों के विरुद्ध बताया है।

**क्या है पूरा मामला**

पंजाब में किसान लंबे समय से आंदोलनरत हैं। किसानों की मांग है कि सरकार और किसानों के बीच एक समिति गठित की जाए जो समय-समय पर किसानों और सरकार के बीच समन्वय का काम करे। पुराने बिजली बिल की माफी, प्रीपेड बिजली मीटर लगाने, कर्जमाफी, फसलों के लिए उचित बीमा पॉलिसी लाना, सहकारी समितियों पर नए खाते खोलने की अनुमति देना और कई अन्य मांगों को लेकर किसान नेता लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों ने इन मांगों को पूरा करने के लिए पांच मार्च को राज्य स्तरीय धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया था। इस धरने को संयुक्त किसान मोर्चा (राजनीतिक) के लगभग 40 संगठनों का समर्थन प्राप्त था। इस धरने के पहले सोमवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और संयुक्त किसान मोर्चा के किसान नेताओं के बीच लंबी बातचीत हुई।

बताया जा रहा है कि मान सरकार किसानों की बड़ी मांगों को स्वीकार करने का पहले ही आश्वासन दे चुकी है।

**सख्ती**

▶▶ कथित तौर पर यह गिरफ्तारी किसानों के द्वारा पांच मार्च से प्रस्तावित धरने को रोकने के लिए की गई

## वन संरक्षण के लिए महिला व युवक मंडलों को मिलेगा मुआवजा: सुक्खू




**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को वन विभाग की विभिन्न योजनाओं व परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए राज्य में वन क्षेत्र को विस्तार देने और संरक्षित करने के लिए महिला मंडलों, युवक मंडलों, स्वयं सहायता समूहों व पंचायतों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## टैरिफ वॉर की आशंका से सहमा शेयर बाजार, निफ्टी में गिरावट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** टैरिफ वॉर तेज होने की आशंका के कारण घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को एक बार फिर गिरावट के साथ बंद हुआ। निफ्टी ने लगातार 10वें कारोबारी दिन लाल निशान में अपने कारोबार का अंत किया। सेंसेक्स आज 73 हजार अंक के स्तर से नीचे फिसल कर बंद हुआ। इंडेक्स शेयरों के विपरीत स्मॉल और मिडकैप शेयरों में खरीदारी होती रही। बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से दिन भर शेयर बाजार की चाल में भी उतार-चढ़ाव होता रहा।



पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.13 प्रतिशत और निफ्टी 0.17 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज दिन भर कारोबार के दौरान पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस तथा एनर्जी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। इसी तरह बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, हेल्थ केयर और मेटल इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। आईटी, ऑटोमोबाइल, टेक और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली होती रही। बावजूद ब्रॉडर मार्केट में आज खरीदारी होती रही।

**बिकवाली**

▶▶ बाजार की गिरावट के बावजूद निवेशकों को 96 हजार करोड़ का फायदा

## सीएम धामी ने एसडीआरएफ जवानों का किया अभिनंदन

**देहरादूनः मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को एसडीआरएफ जवानों को सम्मानित करते हुए कहा कि हरिद्वार कुंभ में प्रयागराज महाकुंभ के अनुभव काम आएंगे। एसडीआरएफ टीम ने महाकुंभ में अपनी दक्षता का कुशल परिचय देकर उत्तराखंड का मान बढ़ाया है। मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री धामी ने एसडीआरएफ के 112 कार्मिकों के वापस आने पर आयोजित महाकुंभ प्रयागराज 2025 अभिनन्दन कार्यक्रम में यह बात कही। इस मौके पर उन्होंने एसडीआरएफ की टीम को पुरस्कार स्वरूप 05 लाख रुपये का चेक भी सौंपा।

## वंतारा में शेर-तेंदुए के साथ पीएम नरेंद्र मोदी ने बिताया समय

**टीम एक्शन इंडिया**

**जामनगरः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में वंतारा वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र के उद्घाटन के बाद उसका दौरा भी किया है। बता दें कि, वंतारा में 2,000 से अधिक प्रजातियां और 1.5 लाख से अधिक बचाए गए, लुप्तप्राय और संकटग्रस्त जानवर रहते हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कई सुविधाओं का जायजा भी लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने एशियाई शेर शावकों, सफेद शेर शावक, हिम तेंदुए शावक जो एक दुर्लभ और लुप्तप्राय प्रजाति है, कैराकल शावक समेत कई



प्रजातियों के साथ खेलते भी दिखे। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस सफेद शेर के बच्चे को खाना खिलाया, उसका जन्म वंतारा में हुआ था, जब उसकी मां को बचाकर यहां लाया गया था। भारत में कभी बहुतायत में पाए जाने वाले कैराकल अब दुर्लभ होते जा रहे हैं। वंतारा में, कैराकल को उनके संरक्षण के लिए प्रजनन कार्यक्रम के तहत कैद में पाला जाता है और बाद में जंगल में छोड़ दिया जाता है। प्रधानमंत्री ने वंतारा में वन्यजीव अस्पताल का भी दौरा किया।

**संरक्षण केंद्र**

▶▶ प्रधानमंत्री मोदी ने जिस सफेद शेर के बच्चे को खाना खिलाया, उसका जन्म वंतारा में हुआ था

## महाकुंभ का आयोजन हमारे लिए अग्निपरीक्षा थी: सीएम



**टीम एक्शन इंडिया**

लखनऊः यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रदेश की विधानसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सपा पर तीखे हमले किए। उन्होंने कहा कि सपा के लोग खुद को समाजवादी कहते हैं लेकिन उनको राम मनोहर लोहिया जी की सोच से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि सपा के लोगों को लोहिया के आदर्श और आचरण से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का वृहद आयोजन इसका उदाहरण है कि हम भारत की परंपराओं का सम्मान करते हैं। इस बार के महाकुंभ में 66 करोड़ 30 लाख लोगों ने स्नान किया। ये विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक आयोजन था। इसकी दुनिया भर में प्रशंसा हो रही है। दुनिया भर के मीडिया ने कहा कि इतना बड़ा आयोजन किसी चमत्कार से कम नहीं है। महाकुंभ का आयोजन हमारे लिए अग्निपरीक्षा थी। इसमें केंद्र और राज्य सरकारें खरी उतरीं। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन की गूंज दुनिया में लंबे समय तक सुनाई देगी। ये हमारे सनातन धर्म के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ आध्यात्मिक उपलब्धि नहीं है बल्कि इस आयोजन से हमारी अर्थव्यवस्था को साढ़े तीन लाख करोड़ का लाभ होने की उम्मीद है। महाकुंभ के आर्थिक पक्ष का वर्णन करते हुए सीएम योगी ने कहा कि सपा नाविकों के शोषण का मुद्दा उठाती है। महाकुंभ के आयोजन के दौरान 45 दिनों में एक नाविक ने 23 लाख रुपये कमाये।

**खरा उतरे**

▶▶ सपा के लोग खुद को समाजवादी कहते हैं लेकिन उनको राम मनोहर लोहिया की सोच से कोई लेना देना नहीं

## डेटा-संचालित प्रणालियां दक्षता बढ़ा सकती हैं:मुर्मु

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अधिकारियों को यह याद रखने की सलाह दी कि तकनीक सिर्फ एक उपकरण है और यह मानवीय मूल्यों का विकल्प नहीं है। डेटा-संचालित प्रणालियां दक्षता बढ़ा सकती हैं, लेकिन वे कभी भी सहानुभूति और अखंडता की जगह नहीं ले सकतीं। आईआरएस के 78वें बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भेंट की। इनमें रॉयल भूटान सेवा के दो अधिकारी प्रशिक्षु भी शामिल



हैं, वे राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी (एनएडीटी), नागपुर में प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि बदलते समय, बढ़ती अपेक्षाओं और सरकारी पहलों ने अधिक दक्षता, पारदर्शिता और सुविधा के एक नए युग की शुरूआत की है। डिजिटल तकनीक इस बदलाव के मूल में है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि आयकर विभाग उल्लेखनीय सटीकता के साथ विसंगतियों का पता लगाने के लिए उन्नत डेटा एनालिटिक्स का उपयोग करता है और यह सुनिश्चित करता है कि ईमानदार करदाताओं को असुविधा का सामना न करना पड़े।

**अपेक्षाओं पर खरे**

▶▶ आईआरएस के 78वें बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भेंट की

## औरंगजेब पर मैं अपना बयान वापस ले रहा हूं : अबू

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई :** समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी ने औरंगजेब पर दिए अपने बयान को लेकर उठे विवाद पर सफाई दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह उनका व्यक्तिगत बयान नहीं था, बल्कि उन्होंने असम के मुख्यमंत्री द्वारा राहुल गांधी की तुलना औरंगजेब से किए जाने पर प्रतिक्रिया दी थी। इसके साथ ही उन्होंने अपने बयान को वापस लेने की बात कही है। वहीं सत्ताधारी महायुति इस बयान का जबरदस्त विरोध कर रहा है।

अबू आजमी ने कहा, यह मेरा बयान नहीं था, बल्कि मैंने असम के मुख्यमंत्री द्वारा राहुल गांधी की तुलना औरंगजेब से किए जाने पर प्रतिक्रिया दी थी। कई इतिहासकारों ने औरंगजेब के बारे में लिखा है और मैंने उन्हीं तथ्यों को दोहराया है। ये पुस्तकें अभी भी प्रतिबंधित नहीं हैं, इतिहासकारों पर कोई कार्रवाई की गई है। फिर जब मैंने वही बातें कही हैं, तो इस मुद्दे को लेकर इतना बवाल क्यों मचाया जा रहा है

## द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए ब्रिटेन पहुंचे जयशंकर

**टीम एक्शन इंडिया**

**लंदनः** विदेश मंत्री एस जयशंकर द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ावा देने के लिए मंगलवार से ब्रिटेन और आयरलैंड की छह दिवसीय यात्रा पर हैं। जयशंकर सबसे पहले लंदन पहुंचे। यहां वे अपने ब्रिटिश समकक्ष डेविड लैमी के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर बातचीत करेंगे। जयशंकर और लैमी की यह मुलाकात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के बीच तीखी नोकझोंक की पृष्ठभूमि में होगी। जानकारों की मानें तो इस दौरान भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा होने की उम्मीद है।

**शिक्षा पर बल** राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा को लेकर कई सारी एजेंसियां अलग-अलग हिस्सों में काम कर रही

## रक्षा मंत्री ने देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा की चुनौतियों के खतरों पर चेताया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश की आंतरिक सुरक्षा के मुद्दे पर मंगलवार को कहा कि हमें आतंकवाद, अलगाववादी आंदोलन, वामपंथी उग्रवाद, सांप्रदायिक तनाव, सीमा पार से घुसपैठ और संगठित अपराध देखने को मिल रहे हैं। इसी तरह बाहरी सुरक्षा में अलग-अलग चुनौतियां हैं। पहले ये चुनौतियां सिर्फ पारंपरिक थीं, लेकिन अब हाइब्रिड युद्ध, साइबर और अंतरिक्ष आधारित चुनौतियों के खतरे हमारे सामने आ रहे हैं। राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में आंतरिक सुरक्षा के लिए उन्नत



प्रौद्योगिकियों पर एक सेमिनार में कहा कि आंतरिक और बाहरी सुरक्षा दोनों अलग-अलग चीजें नहीं हैं, इसलिए इन्हें अलग-अलग करके नहीं देखा जा सकता। यह एक ही सिक्के के दो सिद्धांत हैं। राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा को लेकर कई सारी एजेंसियां अलग-अलग हिस्सों में काम कर रही हैं। अलग-अलग दायित्व होने के बावजूद सबका साथ और आदर्श वाक्य एक ही है। उनका आदर्श वाक्य है, देश की सुरक्षा। उनका आदर्श वाक्य है, देश में शांति और उनका आदर्श वाक्य है, देश की प्रगति। इसलिए इस सम्मेलन का आयोजन न केवल प्रासंगिक है, बल्कि समय की आवश्यकता के अनुसार भी है। रक्षा मंत्री ने विश्वास जताया कि आंतरिक सुरक्षा और आपदा राहत कार्यों के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियां' जैसे महत्वपूर्ण विषय के साथ दो दिवसीय सम्मेलन के सार्थक परिणाम हमारे सामने आएंगे। जब मैं गृह मंत्री था, तो उस दौरान मुझे भारत की आंतरिक सुरक्षा को करीब से देखने और समझने का अवसर मिला। इसके बाद पिछले लगभग 6 वर्षों से रक्षा मंत्री के रूप में मुझे भारत की बाहरी सुरक्षा को भी नजदीक से देखने का मौका मिल रहा है। इस सम्मेलन में मौजूद अधिकारियों के पास फील्ड अनुभव है, ऑपरेशनल अनुभव है और व्यावहारिक अनुभव भी है।

**ऑपरेशनल**

▶▶ अधिकारियों के पास फील्ड अनुभव है, ऑपरेशनल अनुभव है और व्यावहारिक अनुभव भी है

# अगवानपुर रोड पर नगर योजनाकार विभाग ने चलाया पीला पंजा



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** मंगलवार को जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा गांव गन्नौर की राजस्व सम्पदा में गन्नौर रोड से गांव अगवानपुर रोड के बीच में पड़ने वाली लगभग 5 एकड़ भूमि पर अवैध कालोनी में 10 ड़ी.पी.सी. को जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने तोड़फोड़ की कार्यवाही की। उपायुक्त ने बताया कि विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाकर शहर मे पनप रहीं अवैध कालोनियों व निर्माणों को शुरूआती दौर में ध्वस्त किया जा रहा है। तोडफोड़ की कार्यवाही ड्यूटि मजिस्ट्रेट एवं इंन्फोरसमैन्ट स्टाफ व पुलिस बल की मौजूदगी में अमल में लाई गई। आम जनता से अनुरोध है कि अवैध कॉलोनियों में भू:माफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट ना खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बरबाद ना होने दें क्योंकि अवैध कालोनी में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती है। सभी अवैध कालोनियों में जन साधारण को जागरूक करने के लिए चेतावनी बोर्ड भी लगाये जा चुके हैं।

# पुलिस ने 8 वाहनों का 6 हजार 500 का चालान किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** जी टी रोड चौकी प्रभारी ने चालान काटने के अभियान के दौरान भागने का प्रयास करने वाले मोटरसाईकिल सवार तीन युवकों की मोटरसाईकिल का 31 हजार 500 रुपएं का चालान काटने के बाद इम्पाउंड किया। इसके अलावा अन्य 8 वाहनों के चालान 6 हजार 500 रुपएं के चालान किए। चौकी प्रभारी शमशेर सिंह दहिया के नेतृत्व में पुलिस कर्मी शहर के देवीलाल चौक पर सड़क सुरक्षा नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ जांच अभियान चलाए हुए थे। इस दौरान एक मोटरसाईकिल पर सवार होकर तीन युवक आए और पुलिस को देख उन्होंने भागने का प्रयास किया। डयूटी पर तैनात प्रभारी ने उन्हें पकड़कर कागजों की जांच की तो कागजात न मिलने व नियमों का पालन न करने पर एक मोटरसाईकिल का 31 हजार 500 का चालान किया। चौकी प्रभारी शमशेर ने चेताया कि

## उत्तर रेलवे
### इ–निविदा (इ–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सीनियर एडीईएन/एनडीएलएस के अधीन एसएसई/पी–वे/एनडीएलएस के खंड में टीआरआर (एस) एनडीएलएस यार्ड लाइनों में 20 किमी (लाइन संख्या 1–ए और 5–ए, 7–ए और 13–ए जिसमें पीएफ 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15 और 16 शामिल हैं। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | ₹ 5,17,28,147.38 (पाँच करोड़ सत्रह लाख अट्ठाईस हजार एक सौ सैंतालीस और अडतीस पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | ₹ 4,08,700/- (रुपये चार लाख आठ हजार सात सौ मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपयें) | Rs. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 26.03.2025 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 29314103 |

• ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं.: 128–W/280/इ–निविदा सूचना/48–2024–25/W-3 दिनांक : 04.03.2025 694/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अर्न्तगत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 09252224 | एयर ब्रेक होस कपलिंग सपोर्ट | 34966 नग | 24.03.2025 |

**निविदा शर्तें**– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
**टेंडर नोटिस सं.:** 102/2024–2025 दिनांक 03.03.2025 681/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# हिंदी ओलंपियाड के छात्रों सम्मानित किया



**राई।** ओम शांति शिक्षा सदन विद्यालय नाथुपुर में मंगलवार को हिंदी ओलंपियाड के छात्रों को पदक पदक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। हिंदी विषय में विद्यालय के 53 छात्रों ने ओलंपियाड में भाग लिया। जिसमें हिंदी विषय व व्याकरण से सम्बंधित प्रश्न पूछे गए। छात्रों ने अपने ज्ञान व प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक प्राप्त किए। स्कूल निदेशक योगराज भारद्वाज, प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। निदेशक योगराज भारद्वाज ने बताया कि ओलंपियाड में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया है। छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल ऐसी प्रतियोगिता में भाग दिलाते हुए उनकी प्रतिभा को निखारने का काम कर रहा है।

## हवाई फायर करने के मामले दो आरोपित गिरफ्तार

**गन्नौर।** क्राइम यूनिट गन्नौर ने गुमड गांव में प्लाट में बैठे व्यक्ति के साथ गाली-गलौज कर हवाई फायर करने के मामले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमन निवासी खुबड़ु हाल गांधी नगर रोड, गन्नोर व मनोज निवासी गुमड़ का रहने वाला है। जानकारी देते हुए क्राइम यूनिट इंचार्ज एएसआई मनीष ने बताया कि गुमड गांव निवासी विकास ने थाना गन्नौर में शिकायत दी थी।

## उत्तर रेलवे
### ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई –नीलामी की जाएगी (टेबल अनुसार)। जिसका विवरण वेबसाईट IREPS पर मौजूद है। ई–नीलामी की धरोहर राशि, बोली की 5% होगी तथा बोली, कम से कम बोली मूल्य से 0.2% बढ़ा कर लगानी होगी।

**नीलामी केटलॉग सं. : UMB-Ctg-03-2025 रेट यूनिटः वार्षिक लाइसेंस फीस प्रारम्भ होने की तिथि व समय : 12.03.2025 को 13:00 बजे**

| क्र. सं. | लॉट सं. एवं विवरण | नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1 | Catg-UMB-MOT-GMU-69-24-1 (खान पान–जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल के लिए स्टाल, प्लेटफार्म नं. 2 पर मलोट रेलवे स्टेशन पर) (Size 10'x 6') | 12.03.2025 को 13:30 बजे |
| 2 | Catg-UMB-GDB-GMU-71-24-1 (खान पान–जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल के लिए स्टाल प्लेटफार्म नं. 2 पर गिदरबाहा रेलवे स्टेशन पर) (Size 10'x 6') | 12.03.2025 को 13:40 बजे |
| 3 | Catg-UMB-NBA-GMU-63-24-1 (खान पान–जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल के लिए स्टाल संख्या नं. 1, प्लेटफार्म न. 1 पर नाभा रेलवे स्टेशन पर) | 12.03.2025 को 13:50 बजे |
| 4 | Catg-UMB-JUDW-GMU-58-24-1 (खान पान–जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल के लिए स्टाल संख्या नं. 2, प्लेटफार्म नं. 2 पर जगाधरी वर्कशॉप रेलवे स्टेशन पर) (Size 10'x 6') | 12.03.2025 को 14:00 बजे |

ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखें। 683/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना – ई – टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई – प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

| क्र | निविदा सूचना संख्या | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा जमा करने व खुलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 32-W-BR-1251-1254-MB DATE 01.03.2025 | मुरादाबाद डिवीजन के लक्सर–देहरादून खंड के पुल संख्या 3 DN 5x18.3m, पुल संख्या 21 UP 2x45.75m, और मुरादाबाद–सहारनपुर खंड के पुल संख्या 1251 UP 3x18.3m, पुल संख्या 1251 DN 3x18.3m, पुल संख्या 1254 UP 2x18.3, पुल संख्या 1254 DN 2x18.3m, पुल संख्या 1258 UP 4x18.3m, पुल संख्या 1258 DN 4 x 18.3m, पुल संख्या 1268 UP 3x30.5m पुल संख्या 1268 DN 3x30.5m पर साइड पाथवे का प्रावधान का कार्य। | ₹ 22774950.93 | ₹ 263900/- | 08 (आठ) महीने | दिनांक: 26.03.2025 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात। |
| 2 | 32-W-BR-1227-1231-MB DATE 01.03.2025 | मुरादाबाद डिवीजन के मुरादाबाद–सहारनपुर खंड के पुल संख्या 1227 UP of 4x18.3m, पुल संख्या 1227 DN of 4x18.3m, पुल संख्या 1231 UP of 6x18.3m, पुल संख्या 1231 DN of 6x18.3, पुल संख्या 1232 UP of 1x16.25m, पुल संख्या 1232 DN of 1x18.3m, पुल संख्या 1244 UP of 5x30.5m, पुल संख्या 1244 DN of 5x30.5m, पुल संख्या 1249 UP 2x18.3m, पुल संख्या 1249 DN 2 x 18.3m, पुल संख्या 1250 UP of 4x18.3m, पुल संख्या 1250 DN of 4x18.3m पर साइड पाथवे का प्रावधान का कार्य। | ₹ 30353450.05 | ₹ 3,01,800/- | 08 (आठ) महीने | दिनांक: 26.03.2025 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात। |
| 3 | 32-W-BR-1258-1259-MB DATE 01.03.2025 | मुरादाबाद डिवीजन के मुरादाबाद–सहारनपुर खंड पर पुल संख्या 1258 UP और पुल संख्या– 1254 UP & DN की जंग लगे टॉप फ्लेंज प्लेट को बदलना और पुल संख्या 1259 DN लाइन की जंग लगी लेटरल ब्रेसिंग क्रॉस बियरिंग एंगल और गसेट प्लेट को बदलना और पुल संख्या 1259 DN लाइन और सहसपुर जंक्शन –संभल हातिम सराय खंड पर पुल संख्या– 6 SL की सेंट्रलाइज्ड बियरिंग द्वारा फ्लेट बियरिंग को बदलना का कार्य। | ₹ 29612548.28 | ₹ 298100/- | 08 (आठ) महीने | दिनांक: 26.03.2025 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात। |

**नोट :** उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व डाउनलोड किया जा सकता है। 673/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### शुद्धि पत्र

संदर्भः (i) निविदा सूचना क्रमांक 73/2024-2025 दिनांक 19.11.2024
(ii) निविदा संख्या 15245006 24.03.2025 को देय है।

01. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, नियत तिथि 04.03.2025 से बढ़ाकर 24.03.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्ते अपरिवर्तित हैं।

शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 697/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली – 110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई – निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र.स. | निविदा स. | संछिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 82255009 | नेत्र विज्ञापन के लिए ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप (विनिर्देश पीडीएफ के अनुसार संलग्न) | 1 | 27.03.2025 |

**निविदा शर्तें** : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। टेंडर नोटिस सं. 82255009/MED/PART-II दिनांक: 03.03.2025 686/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **राहुल,** पुत्र फूल चंद्र, निवासी- मकान नंबर 4666, गली मेहर सिंह जाट, पहाड़ी धीरज रोड, सदर बाज़ार, दिल्ली ने **ई-प्रथम सूचना रिपोर्ट नंबर 00818/2022 धारा 411 भा.द.स थाना सदर बाज़ार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उदघोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **राहुल, ई-प्रथम सूचना रिपोर्ट नंबर 00818/2022 धारा 411 भा.द.स थाना सदर बाज़ार, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 05.04.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री गौरव गोयल**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-06
केंद्रीय, कमरा नं. 247
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली
DP/2746/N/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रब सिंह** पुत्र इन्द्र सिंह निवासी मकान नं. जी–757, चौथा तल, जे.जे. कॉलोनी, शकूरपुर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 375/2020 धारा 33/38 दिल्ली आबकारी अधिनियम थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रब सिंह** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रब सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 375/2020 धारा 33/38 दिल्ली आबकारी अधिनियम थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **रब सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **10.04.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री वसुन्धरा छोंकर
महा न्यायिक दण्डाधिकारी (उत्तर–पश्चिम)
कमरा नं. 108, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली,
DP/2728/NW/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आनंद मोहन उर्फ काले पुत्र श्री जावेश चौधरी निवासी म. नं. जे-236, गली नंबर 9, मच्छी मार्केट, संजय कॉलोनी, समयपुर बादली, दिल्ली** ने एफआईआर नं. **160/2022, अन्तर्गत धारा 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना अलीपुर, बाहरी उत्तरी जिला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आनंद मोहन उर्फ काले** मिल नहीं रहा/रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आनंद मोहन उर्फ काले** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं. **160/2022, अन्तर्गत धारा 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना अलीपुर, बाहरी उत्तरी जिला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आनंद मोहन उर्फ काले** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.04.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री रूबी नीरज कुमार**
एलडी. सीजेएम, (उत्तर)
कोर्ट नं. 115, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली
**DP/2628/ON/2025**
**(Court Matter)**

## अभियुक्तों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तों **1. नियांगेलियन** पत्नी एलेलो ओकाफोर और **2. कृष्ण कुमार माथुर** पुत्र **प्रताप सिंह** दोनों निवासी परिसर प्लॉट नं. 34 के सामने, खसरा नं. 8/25, ब्लॉक–बी, पोल नं. 18, कुतुब विहार, फेज–2, नजफगढ़, नई दिल्ली ने सी.टी. केस नं. 722/2020, धारा 135 भारतीय विद्युत अधिनियम के तहत थाना छावला, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. नियांगेलियन** और **2. कृष्ण कुमार माथुर** मिल नहीं रहे हैं, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. नियांगेलियन** और **2. कृष्ण कुमार माथुर** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि सी.टी. केस नं. 722/2020, धारा 135 भारतीय विद्युत अधिनियम के तहत थाना छावला, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्तों **1. नियांगेलियन** और **2. कृष्ण कुमार माथुर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **04.04.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री विनोद कुमार मीना,
अति. जिला एवं सत्र न्यायधीश,
विशेष कोर्ट, विद्युत, (दक्षिण–पश्चिम)
कमरा नं. 609, द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली
DP/2712/SW/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी सूरज सिंह चौहान उर्फ सन्नी पुत्रः** अनिल सिंह **पताः मकान नं. 117, गली नं. 5, तुख्मीरपुर, दिल्ली – 110094 एवं मकान नं. 239, गली नं. 5, सी ब्लॉक, दयालपुर, दिल्ली FIR No: 339/2021, Dt. 08.09.2021 U/s 365/392/34 IPC पुलिस थानाः पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आरोपी सूरज सिंह चौहान उर्फ सन्नी,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आरोपी सूरज सिंह चौहान उर्फ सन्नी,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **आरोपी सूरज सिंह चौहान उर्फ सन्नी, FIR No: 339/2021, Dt. 08.09.2021 U/s 365/392/34 IPC पुलिस थानाः पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.04.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**छाया त्यागी**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
पूर्व जिला कोर्ट नंबर 03
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/2732/ED/2025
(Court Matter)

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गौरव उर्फ बकरा**, पुत्र : श्री मोती लाल, **पताः** बी–285, दक्षिण पुरी, नई दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 63/21 U/S 394 / 34 / 411 IPC, थानाः जी.के.–I, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गौरव उर्फ बकरा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गौरव उर्फ बकरा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 63/21 U/S 394 / 34 / 411 IPC, थानाः जी.के.–I, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गौरव उर्फ बकरा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
देवांशी जनमेजा
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–04
कोर्ट नं. 10, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली
DP/2685/SD/2025
(Court Matter)

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2, पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# भलस्वा लैंडफिल पर एलजी व सीएम ने किया पौधारोपण

## अगले एक-डेढ़ माह में लगाए जाएंगे 54 हजार बांस के पेड़, एलजी व सीएम ने कहा, प्रदूषण मुक्त व सुंदर दिल्ली बनाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को केदारनाथ त्रासदी का जिक्र करते हुए बड़े रोचक ढंग से उपराज्यपाल वीके सक्सेना की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि केदारनाथ में जब बादल फटा तो एक शिला थी, जिसने मंदिर को बचाए रखा। उन्होंने कहा, "जिस प्रकार से शिला ने पानी के बहाव से मंदिर को बचाया, ऐसे ही आपने भी शिला की तरह उस सरकार के समय में काम किया और इस दिल्ली के प्रांगण/मंदिर को डूबने से बचा कर रखा।"

**भलस्वा लैंडफिल पर एलजी व सीएम ने किया पौधारोपण**
दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को भलस्वा लैंडफिल साइट पर पौधारोपण अभियान का श्रीगणेश किया। कूड़ा मुक्त की गई करीब पांच एकड़ भूमि पर लगभग दो हजार बांस (बैंबू) के पेड़ लगाए गए हैं।अगले एक-डेढ़ माह में यहां 54 हजार पौधे लगाए जाएंगे।



**एलजी व सीएम ने कहा-प्रदूषण मुक्त व सुंदर दिल्ली बनाएंगे**
उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रदूषण मुक्त व सुंदर दिल्ली बनाने का संकल्प दोहराया और कहा कि दिल्ली को प्रदूषण मुक्त करेंगे, आज यह पहला कदम है।दिल्ली को साफ व सुंदर बनाने का मिशन है, सरकार मिशन मोड पर काम कर रही है। डबल इंजन की सरकार, डबल रफ्तार से काम करेगी। लैंडफिल साइट को ग्रीन लैंड में विकसित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, "पिछले सरकारें पहाड़ के बारे में बातें बहुत करती रहीं, लेकिन पहाड़ का सिरा भी नहीं पकड़ पाईं।" उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री के साथ-साथ मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा व सांसद योगेंद्र चांदोलिया ने भलस्वा लैंडफिल साइट का निरीक्षण किया और बांस का पौधा रोपकर पौधारोपण अभियान की शुरुआत की।


**दो साल में खत्म होगी भलस्वा लैंडफिल साइट- एलजी**
इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा, "पिछले दो वर्षों में मेहनत करके यहां जमीन को खाली कराया गया है, यहां पौधारोपण कर आज एक नई शुरुआत की है। बांस का पेड़ सबसे ज्यादा ऑक्सीजन देने वाला पेड़ है। बांस 30 प्रतिशत ज्यादा ऑक्सीजन देता है।" उन्होंने कहा कि इस पेड़ को कम पानी की जरूरत होती है और ज्यादा बढ़ता है। सालभर में 20-25 फीट ऊंचाई ले लेगा। हाईवे से गुजरने वालों को कूड़े के पहाड़ के बजाय हरियाली (ग्रीन पेच) नजर आएगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने का वादा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पहाड़ से कूड़ा कम होने का श्रेय उप राज्यपाल को दिया और कहा कि पिछली सरकारें तो बातें करती रहीं। पहाड़ का सिरा भी नहीं पकड़ पाईं। पिछली सरकारों ने रूचि नहीं ली। यह काम केंद्र के सहयोग से हुआ है। मलबे को केंद्र सरकार के प्रोजेक्ट में इस्तेमाल किया गया। डीडीए मैदानों की लेवलिंग की गई। लाखों टन मलबे को यहां से वहां लगाया गया। उन्होंने कहा कि मासिक आधार पर कार्य की समीक्षा की जाएगी। तीनों साइट का निरीक्षण होगा। सालभर मे पहाड़ की ऊंचाई कम होगी, इस ग्रीन लैंड के तौर पर विकसित किया जाएगा।दिल्ली को साफ व सुंदर बनाना हमारा मिशन है। इस अवसर पर बादली से विधायक दीपक चौधरी, निगम पार्षद गायत्री यादव, मुख्य सचिव धर्मेंद्र, दिल्ली नगर निगम के आयुक्त अश्वनी कुमार समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



**अभियान**
▶▶ कूड़ा मुक्त की गई करीब पांच एकड़ भूमि पर लगभग दो हजार बांस (बैंबू) के पेड़ लगाए गए हैं

# भाजपा नेता अवधेश कुमार ने की खुदकुशी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उत्तर-पूर्वी जिला के भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व जोन चेयरमैन ठाकुर अवधेश कुमार ने यमुना विहार स्थित जिला कार्यालय में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मंगलवार सुबह पार्टी कार्यकर्ता कार्यालय पहुंचे तो उन्हें दरवाजा अंदर से बंद मिला। मामले की सूचना भजनपुरा पुलिस को दी गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर देखा तो अंदर पंखे से उनका शव लटका हुआ था। मामले की सूचना क्राइम टीम के अलावा एफएसएल को दी गई। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस का कहना है कि अवधेश के पास एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें उन्होंने कर्ज न उतार पाने की वजह से यह कदम उठाने की बात लिखी है। पुलिस ने मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। भजनपुरा पुलिस मामले की जांच कर कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि उनके परिजनों से भी इस संबंध में पूछताछ की जाएगी। पुलिस ने उनका मोबाइल फोन को जांच के लिए कब्जे में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक अवधेश कुमार परिवार के साथ तुकमीरपुर में रहते थे। परिवार में पत्नी सुधा के अलावा बेटा संजय और एक बेटी है। अवधेश मंगलवार सुबह किसी को बिना कुछ बताए घर से निकल गए थे। इसके बाद वह जिला कार्यालय पहुंचे। सुबह करीब 11 बजे कार्यकर्ता दफ्तर पहुंचे तो वह अंदर से बंद था। मामला संदिग्ध लगने पर पुलिस को खबर दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला। फिलहाल पुलिस पूर मामले की जांच कर रही है।



# स्वास्थ्य स्थिति को सीएजी रिपोर्ट ने उजागर किया: रेखा गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विधानसभा में सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन पर सीएजी रिपोर्ट के संदर्भ में चर्चा की। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी (आआपा) सरकार के 10 वर्षों में बदहाल हुई दिल्ली की स्वास्थ्य स्थिति को सीएजी रिपोर्ट ने उजागर किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली को विश्वस्तरीय सुविधाएं देने का दावा करने वाले केजरीवाल ने दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग और अस्पतालों को खुद ही बीमार बना डाला। 10 वर्षों में घोटालों की सरकार ने न तो एक भी नया अस्पताल बनवाया और न ही सुविधाएं दीं। दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करते हुए क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2010 को दिल्ली में लागू नहीं किया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने सालों से एसेंशियल ड्रग लिस्ट ही नहीं बनाई, जिससे दिल्ली के हर अस्पताल को अपनी अलग लिस्ट बनाने की छूट मिल गई, इसका सीधा नुकसान दिल्लीवासियों को हुआ। इसके अलावा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने डीडीए से अस्पताल और दवाखाने बनाने के लिए 684 लाख में 15 प्लॉट खरीदे थे लेकिन आज तक एक भी स्थान पर काम शुरू नहीं हुआ। जनता के पैसों से खरीदी गई जमीन खाली पड़ी है और दिल्ली के लोग बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केजरीवाल ने हर विभाग में चोरी की है, यहां तक दिल्ली सरकार के सोशल मीडिया अकाउंट की भी चोरी कर ली, क्या ये उनके सम्पत्ति है, जो सोशल मीडिया अकाउंट को भी चोरी करके ले गए उनसे आप क्या ही उम्मीद कर सकते हैं।



**साधा निशाना**
▶▶ केजरीवाल ने दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग और अस्पतालों को खुद ही बीमार बना डाला: सीएम


# विधानसभा सत्र के दौरान सभी सूचीबद्ध कार्यों को पूरा किया गया : विजेंद्र गुप्ता

**पारित**
▶▶ एलजी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव सदन में 28 फरवरी को पारित किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि आठवीं विधानसभा के पहले सत्र के दौरान सभी सूचीबद्ध कार्यों को पूरा किया गया। इस दौरान 18 घंटे 18 मिनट सदन की कार्यवाही चली। उन्होंने कहा कि अब सदन का नियमानुसार सत्रावसान किया जाएगा। पहले की तरह एक ही सत्र को अलग-अलग टुकड़ों में साल भर नहीं चलाया जाएगा। विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए कहा कि विधानसभा का सत्र 24 फरवरी को शुरू हुआ और 3 मार्च को सदन अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित हुआ। सदन की बैठकें 24, 25, 27, 28 फरवरी और 03 मार्च को आयोजित की गईं। इन पांच बैठकों के दौरान कुल 18 घंटे 18 मिनट तक सदन की कार्यवाही चली। पांच दिनों तक विभिन्न अवसरों पर कुल 126 सदस्यों ने सदन में अपने विचार व्यक्त किए। सदस्यों ने पहले दिन 24 फरवरी को शपथ ली। वरिष्ठ सदस्य अरविंदर सिंह लवली को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया। 25 फरवरी को उपराज्यपाल ने सदन को सम्बोधित किया। उपराज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव सदन में 28 फरवरी को पारित किया गया। धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में 16 सदस्यों ने भाग लिया और मुख्यमंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने तीन मार्च को उपराज्यपाल से मुलाकात की तथा धन्यवाद प्रस्ताव पारित होने के बारे में उन्हें व्यक्तिगत रूप से सूचना दी। उपराज्यपाल ने सदन को अपना संदेश भेजा, जिसे मैंने कल सदन की बैठक के दौरान पढ़कर सुनाया। अध्यक्ष ने बताया कि 25 फरवरी को उपराज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्ष के सदस्यों को उनके खराब व्यवहार और कार्यवाही में बाधा डालने के कारण बाहर निकालना पड़ा। उपराज्यपाल के अभिभाषण में बाधा डालने के कारण, बाद में सदन ने विपक्ष के सदस्यों को तीन बैठकों के लिए निलम्बित कर दिया। अध्यक्ष ने बताया कि पहले सत्र का अन्य मुख्य बिंदु सीएजी की रिपोर्ट सदन में प्रस्तुत करना रहा। दिल्ली में शराब के विनियम और आपूर्ति पर सीएजी की ऑडिट रिपोर्ट 25 फरवरी को मुख्यमंत्री ने सदन में प्रस्तुत की। सदस्यों की मांग के बाद इस पर सदन में दो दिन चर्चा भी की गई। इस चर्चा में 23 सदस्यों ने भाग लिया।



# नीलम की जमानत याचिका पर पुलिस को नोटिस



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने संसद सुरक्षा चूक की आरोपित नीलम आजाद की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। जस्टिस प्रतिभा सिंह की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल को करने का आदेश दिया। नीलम आजाद ने ट्रायल कोर्ट की ओर से जमानत याचिका खारिज करने के आदेश को चुनौती दी है। पटियाला हाउस कोर्ट ने 13 सितंबर 2024 को नीलम आजाद की जमानत याचिका खारिज कर दिया था। पटियाला हाउस कोर्ट ने 24 दिसंबर 2024 को इस मामले के एक और आरोपित मनोरंजन डी की जमानत याचिका खारिज कर दिया था। पटियाला हाउस कोर्ट ने 22 नवंबर 2024 को सह-आरोपित महेश कुमावत की जमानत याचिका खारिज कर दिया था। दिल्ली पुलिस ने अपनी चार्जशीट में कहा है कि आरोपित संसद भवन को निशाना बनाकर लोकतंत्र को बदनाम करना चाहते थे। चार्जशीट में कहा गया है कि संसद पर हमले के लिए आरोपित दो साल से योजना बना रहे थे। करीब एक हजार पेजों के चार्जशीट में दिल्ली पुलिस ने कहा है कि आरोपित एक-दूसरे से सोशल मीडिया पर मिले थे। आरोपितों ने मैसूर, गुरुग्राम और दिल्ली में कुल पांच बैठकें की थी। उनकी पहली मुलाकात फरवरी 2022 में मैसूर में हुई थी। दिल्ली पुलिस के इस चार्जशीट पर कोर्ट ने 3 अगस्त को संज्ञान लिया था। दिल्ली पुलिस ने 15 जुलाई 2024 को इस मामले में पूरक चार्जशीट दाखिल किया था।

**सुनवाई**
▶▶ जस्टिस प्रतिभा सिंह की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल को करने का आदेश दिया

# मानहानि से जुड़ी जानकारी आतिशी और संजय के साथ साझा करें संदीप

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने कांग्रेस के पूर्व सांसद संदीप दीक्षित को निर्देश दिया है कि वो दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना और सांसद संजय सिंह को उनके खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि के दस्तावेज उपलब्ध कराएं। चीफ एडिशनल जुडिशियल मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने संदीप दीक्षित को निर्देश दिया कि वे एक पेन ड्राइव में मानहानि के आरोपों से संबंधित दस्तावेज आतिशी और संजय सिंह उपलब्ध कराएं। मामले की अगली सुनवाई 12 मार्च को होगी। संदीप दीक्षित की ओर से 27 जनवरी को कहा गया था कि अगर संजय सिंह और आतिशी उनके ऊपर लगाए आरोप वापस लेते हैं तो वह उनके खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि का मुकदमा नहीं चलाने के बारे में सोच सकते हैं। कोर्ट ने 16 जनवरी को संदीप दीक्षित की याचिका पर आतिशी मार्लेना और संजय सिंह को नोटिस जारी किया था। संदीप दीक्षित ने अपनी याचिका में कहा है कि आतिशी मार्लेना और संजय सिंह ने 26 दिसंबर 2024 को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया जिसमें आरोप लगाया गया है कि संदीप दीक्षित ने बीजेपी से करोड़ों रुपये लिए हैं। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया गया है कि संदीप दीक्षित ने बीजेपी के साथ मिलकर आम आदमी पार्टी को हराने की साजिश रचने में शामिल हैं।



# पहलवान सुशील कुमार को हाई कोर्ट से बड़ी राहत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने पहलवान सागर धनखड़ हत्याकांड में आरोपित पहलवान सुशील कुमार को जमानत दे दी है। जस्टिस संजीव नरुला की बेंच ने सुशील कुमार को 50 हजार रुपये के मुचलके पर जमानत देने का आदेश दिया। इससे पहले सुशील कुमार को अपने पिता के अंतिम संस्कार में हिस्सा लेने के लिए अंतरिम जमानत मिली थी। सुशील कुमार को घुटने की सर्जरी के लिए भी जमानत मिली थी। कोर्ट ने 12 अक्टूबर 2022 को पहलवान सागर धनखड़ हत्याकांड मामले में सुशील कुमार और 17 अन्य आरोपितों के खिलाफ आरोप तय कर दिया था। कोर्ट ने हत्या, हत्या की कोशिश, दंगा फैलाने और आपराधिक साजिश रचने समेत दूसरी धाराओं के तहत आरोप तय करने का आदेश किया था। कोर्ट ने इस मामले में दो फरार आरोपितों के खिलाफ भी आरोप तय करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने जिन आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था उनमें पहलवान सुशील कुमार, अजय कुमार, प्रिंस दलाल, मोहित ऊर्फ भोली, मनजीत ऊर्फ चुन्नीलाल, गुलाब, रोहित मलिक ऊर्फ सोनू, बिजेंदर ऊर्फ बिंदर, अनिरुद्ध दहिया, सुभाष, गौरव लौरा, सुरजीत ग्रेवाल ऊर्फ काला, भूपेंद्र, अनिल धीमान, प्रवीण डबास पुत्र साहिब सिंह डबास, प्रवीण ऊर्फ छोटी, राहुल ऊर्फ ढांडा और प्रवीण डबास पुत्र सुरेश ऊर्फ गुनिया शामिल हैं। 06 अगस्त 2021 को कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की ओर से दाखिल पहली चार्जशीट पर संज्ञान लिया था।



**हत्याकांड**
▶▶ हाई कोर्ट ने पहलवान सागर धनखड़ हत्याकांड में आरोपित पहलवान सुशील कुमार को जमानत दे दी

# डीयू में मनुस्मृति-बाबरनामा पढ़ाने की योजना नहीं: कुलपति

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने मंगलवार को कहा कि विश्वविद्यालय में मनुस्मृति या बाबरनामा जैसा कोई भी कोर्स या अध्ययन सामग्री प्रस्तुत करने की हमारी कोई मनसा नहीं है। डीयू प्रशासन के सामने न तो ऐसा कोई विषय विचाराधीन है और भविष्य में भी हम ऐसे विषयों को अस्वीकार करते हैं। कुलपति ने कहा कि बाबरनामा तो वैसे भी एक आतातायी की आत्मकथा है। उसके पढ़ाने की न तो कोई जरूरत है और आज के समय में न ही उसकी कोई प्रासंगिकता है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के तहत हम भारतीय परम्पराओं के अनुरूप नए-नए कोर्स लाना चाहते हैं और ला भी रहे हैं, जिनसे देश और समाज का भला हो। हम विकसित भारत की ओर बढ़ रहे हैं। इस दिशा में देश की अर्थव्यवस्था कैसे मजबूत हो और समाज का दायरा कैसे बेहतर हो सके, हम इसकी ओर अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय अपनी अध्ययन सामग्री इस बात के मद्देनजर डिजाइन कर रहा है कि हम 2047 तक विकसित राष्ट्र के संकल्प को कैसे प्राप्त कर सकते हैं।

# हर वर्ग के सुझाव को बजट में शामिल करेगी दिल्ली सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** एक्शन मोड में आई दिल्ली सरकार ने बजट 2025-26 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। भाजपा सरकार विकसित दिल्ली बजट 24 से 26 मार्च के बीच विधानसभा में पेश करेगी। जनता की भागीदारी से विकसित दिल्ली बजट की रूपरेखा को तैयार किया जाएगा। सभी वर्ग व हितधारकों से इसके लिए सुझाव लिया जाएगा। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इसके लिए व्हाट्सएप नंबर 9099962025 और ई-मेल आईडी जारी किया है। इस माध्यम से दिल्ली के लोग सरकार को सुझाव भेज सकते हैं। सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि आगामी बजट में महिलाओं के आर्थिक सहायता, स्वास्थ्य सेवा का विस्तार, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, प्रदूषण को कम करना, रोजगार, शिक्षा की बेहतर व्यवस्था और गरीबों को सस्ता पौष्टिक भोजन, वरिष्ठ नागरिकों का कल्याण, यमुना नदी की सफाई, कल्याणकारी योजना को जारी रखने पर फोकस रखा गया है। 5 मार्च को दिल्ली की महिला संगठनों के साथ बजट पर उनके सुझावों को लेकर दिल्ली सरकार का मंत्रिमंडल संवाद भी करेगा। उन्हें दिल्ली विधानसभा बुलाया गया है। 6 मार्च को दिल्ली के व्यापारिक एवं औद्योगिक संगठनों के साथ ही अलग-अलग संगठनों के साथ भी संवाद किया जाएगा ताकि उनसे भी सुझाव लेकर दिल्ली को बेहतर बनाने के कार्यों की रूपरेखा तैयार की जा सके।




**दिल्ली कैबिनेट भी लेगा बजट पर सुझाव**
दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री और विधायक ग्रामीणों, किसानों, युवाओं, झुग्गीवासियों और नौकरीपेशा लोगों से संवाद करेंगे। उनके सुझाव बजट में शामिल करेंगे। यह बजट दिल्ली की जनता को कई बड़ी सौगात भी देने वाला होगा। रेखा गुप्ता ने मीडिया से बातचीत में बताया कि दिल्लीवालों ने इस बार भाजपा को जिताकर यह मौका दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जन आकांक्षाओं की पूर्ति के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सभी वर्गों की उन्नति, कल्याण व सर्वांगीण विकास के लिए सरकार कृत संकल्पित है।

**दिल्ली के लोगों के लिए होगा बजट-सचदेवा**
प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र 24 मार्च से शुरू हो रहा है, जिसकी घोषणा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की है। निश्चित रूप से भाजपा की सरकार दिल्ली के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और हम बार-बार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि जिस तरह से पिछले 10-11 वर्षों में दिल्ली का विकास अवरुद्ध हुआ है।

**प्रतिबद्ध**
▶▶ भाजपा सरकार विकसित दिल्ली बजट 24 से 26 मार्च के बीच विधानसभा में पेश करेगी

# दो पक्षों के बीच मारपीट के बाद चली गोली, पांच लोग घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उत्तर पूर्वी जिले के ज्योति नगर इलाके के शक्ति गार्डन में सोमवार रात दो पक्षों के बीच मारपीट के बाद फायरिंग हुई। इस फायरिंग में पांच लोग घायल हो गए। घायलों को दिलशाद गार्डन के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उत्तर-पूर्वी जिले के डीसीपी आशीष मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि ज्योति नगर थाने में सोमवार रात 9 बजे शक्ति गार्डन गली नंबर 1 में दो पक्षों के बीच फायरिंग की सूचना मिली। पुलिस की टीम ने सभी घायलों को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया। शिकायत पर हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। क्राइम टीम और फोरेंसिक टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। डीसीपी के अनुसार शुरुआती जांच में पता चला है कि दोनों पक्षों के बीच आपसी रंजिश को लेकर फायरिंग हुई थी। घायलों में शामिल आकाश की मां डॉ. सुदेश ने बताया कि उनके बेटे का सोमवार को जन्मदिन था। पार्टी का सामान लेने के लिए वह अपने दोस्त के साथ दुकान गया था तभी बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी। घटना में तीन लोगों को गोली लगी है जिन्हें जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत गंभीर है। सुदेश का कहना है कि बाद में फायरिंग करने वाले ने भी क्रॉस केस बनाने के लिए अपने ऊपर भी फायरिंग की। सुरेश का कहना है कि उनके बेटे के ऊपर फायरिंग का एक मामला अदालत में चल रहा है।



# बजट में शामिल किये जायेंगे मंत्रीगण/ विधायकगण के महत्वपूर्ण सुझाव: सैनी

## आगामी बजट पर महत्वपूर्ण सुझावों के साथ दो दिवसीय "बजट-पूर्व परामर्श" का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में पंचकूला आयोजित दो दिवसीय "बजट-पूर्व परामर्श" बैठक आज संपन्न हो गई। इस कार्यक्रम में सभी मंत्रीगण, विधायकगण और प्रशासनिक सचिव आगामी वित्त वर्ष 2025-26 के बजट के लिए बहुमूल्य जानकारी और सुझाव देने के लिए एक मंच पर एकत्रित हुए। सभी ने एक समावेशी बजट की परिकल्पना को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए ।
परामर्श बैठक की अध्यक्षता करते हुए नायब सिंह सैनी, जो वित्त विभाग का कार्यभार भी संभाल रहे हैं, ने मंत्रियों और विधायकों द्वारा हरियाणा प्रदेश और इसके नागरिकों के कल्याण हेतु दिए गए



महत्वपूर्ण सुझावों के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी सुझावों पर ध्यानपूर्वक विचार किया जाएगा और हरियाणा के सतत विकास को और गति देने के लिए आगामी राज्य बजट में इन्हे शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य ऐसा बजट पेश करना है जो राज्य के प्रत्येक नागरिक के लिए समृद्धि लाए। मुख्यमंत्री ने विधायकों को अपने सुझाव लिखित रूप में प्रस्तुत करने के लिए भी प्रोत्साहित किया ताकि सभी महत्वपूर्ण सुझावों को सम्माहित कर प्रदेश में हो रहे नॉन स्टॉप विकास को और तीव्र गति प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि हम ऐसा बजट बनाने के लिए

**समावेशी**

**हमारा लक्ष्य ऐसा समावेशी बजट प्रस्तुत करना है जो प्रत्येक नागरिक के लिए समृद्धि लेकर आए: मुख्यमंत्री**

प्रतिबद्ध हैं जो हमारे नागरिकों की जरूरतों और आकांक्षाओं पर खरा उतरे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने परामर्श बैठक में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए सभी मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों का धन्यवाद भी व्यक्त किया। परामर्श बैठक के दौरान जिन प्रमुख क्षेत्रों पर प्रकाश डाला गया उनमें मुख्य रूप से सड़क बुनियादी ढांचे में सुधार, खेल सुविधाएं, जलापूर्ति, बिजली, परिवहन, औद्योगिक विकास, सरकारी संपत्तियों का बेहतर उपयोग, प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना, नशे के नेटवर्क का उन्मूलन, नशे के आदी लोगों का पुनर्वास, समुचित सिंचाई जल वितरण, सरकारी विभागों का डिजिटलीकरण, अधिकारियों के लिए आवास सुविधा, साइबर अपराध से निपटना, क्षमता निर्माण और यातायात प्रबंधन आदि शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा पिछले कई दिनों से समाज के विभिन्न हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ कर बजट-पूर्व परामर्श बैठकें आयोजित की ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आगामी बजट हरियाणा के लोगों की आकांक्षा और अपेक्षाओं के अनुरूप हो।

# यमुना नदी सहित अन्य स्थानों पर अवैध खनन की हो रही है नियमित मॉनिटरिंग

**निरीक्षण**

**फरीदाबाद में खनन अधिकारी स्वयं टीम सहित कर रही हैं निरीक्षण, आदेशानुसार सजग है खनन विभाग**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार द्वारा फरीदाबाद जिला से निकल रही यमुना नदी सहित अन्य स्थानों पर अवैध खनन रोकने व बिना ई-रवाना बिल के निकलने वाले खनिज वाहनों पर पूरी मुस्तैदी के साथ मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला में दिन रात खनन विभागीय टीम जहां सड़कों पर बिना ई रवाना बिल के खनिज वाहनों की जांच कर रही है वहीं नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है। खनन विभाग के महानिदेशक के.एम.पांडुरंग के आदेशानुसार विभागीय टीम पूरी सजगता से अपना दायित्व निभाते हुए हर पहलू पर फोकस कर रही है। जिला खनन अधिकारी कमलेश बिधलान स्वयं जिला से निकल रही यमुना नदी के हर हिस्से का निरीक्षण करते हुए अवैध खनन रोकने में सक्रियता बरत रही हैं वहीं उन्होंने बताया कि विभाग की टीम द्वारा निरन्तर जिला में अवैध खनन न हो इसकी जांच की जा रही है। साथ ही जिला से निकलने वाले राष्ट्रीय व राज्य मार्गों सहित अन्य कनेक्टिविटी पर चैकिंग टीम द्वारा खनिज वाहनों की जांच भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि चेकिंग के दौरान फिलहाल कहीं भी कोई अवैध खनन होना नहीं पाया गया है और यदि कहीं नियमों की अवहेलना पाई जाती है तो वे तुरन्त प्रभाव से आगामी आवश्यक कार्रवाई अमल में लाएंगी। जिला खनन अधिकारी श्रीमती बिधलान ने कहा कि फरीदाबाद जिला सहित पूरे प्रदेश में खनन विभाग की ओर से महानिदेशक के.एम.पांडुरंग के दिशा निर्देशों की अनुपालना करते हुए चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत अवैध खनन न हो इसकी गंभीरता से जांच की जा रही है कोई भी खनिज वाहन बिना ई रवाना बिल के जिला की सड़कों से न निकले इसकी पूरी मॉनिटरिंग हो रही है।

# 07 मार्च से शुरू हो रहे बजट सत्र की सुरक्षा चाक-चौबंद



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा विधान सभा के 7 मार्च से शुरू हो रहे बजट सत्र के मद्देनजर विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने मंगलवार को सुरक्षा संबंधी बैठक बुलाई। इस बैठक में उन्होंने सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने के लिए हरियाणा, पंजाब और यूटी चंडीगढ़ के शीर्ष अधिकारियों से ब्योरे पर चर्चा की। कल्याण ने इन अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए।
बैठक में तय हुआ कि विधान सभा के बजट सत्र के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सुरक्षा प्रबंध पुख्ता किए जाएंगे। इसके लिए उन्होंने हरियाणा, पंजाब और यूटी चंडीगढ़ पुलिस के अधिकारियों की समन्वय कमेटी बनाने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से सत्रावधि के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी। किसी भी मामले में कार्रवाई के

**बैठक**

**विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने हरियाणा, पंजाब और यूटी चंडीगढ़ के शीर्ष अधिकारियों के साथ की बैठक**

लिए चंडीगढ़ पुलिस भी मौके पर मौजूद रहेगी। विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि विधान सभा परिसर और उसके आसपास वन्य जीवों से बचाव के लिए भी प्रबंध करने चाहिए। पिछले दिनों यहां हुए मधुमक्खियों द्वारा किए गए हमले का उदाहरण भी उन्होंने दिया। सुरक्षा बैठक में सभी मंत्रियों, विधायक, अधिकारी और प्रेस प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया है कि वे विधान भवन में मोबाइल फोन न लाएं। यदि यह लाना बहुत आवश्यक हो तो उसे स्वागतकर्ता के पास जमा करवा दें या साइलेंट मॉड पर रखें।

# खननः सीआईडी ने हरियाणा सरकार को चेताया

**रिपोर्ट**

**हाल में सरकार की ही एजेंसी सी आई डी ने 14 जिलों में अवैध खनन होने की रिपोर्ट दी है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा में जब भी अवैध खनन किए जाने की बात आती है सरकार की** ओर से पल्ला झाड़ लिया जाता है। लेकिन हाल में सरकार की ही एजेंसी सी आई डी ने 14 जिलों में अवैध खनन होने की रिपोर्ट दी है। अवैध खनन के इलाके 55 पुलिस थानों के तहत बताए गए हैं। प्रदेश की सी



आई डी ने इस बारे में खनन विभाग को रिपोर्ट भेजी है। इसके बाद खनन विभाग के महानिदेशक ने हाई जोन में रखे 7 जिलों के डिप्टी कमिश्नरों को पत्र भेजा है। इसमें खनन रोकने के लिए सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। इन सात जिलों में पलवल, फरीदाबाद, नूंह, भिवानी, महेंद्रगढ़, यमुनानगर और चरखी दादरी शामिल हैं।
खनन को लेकर सबसे ज्यादा गंभीर हालत नूंह और यमुनानगर में है। यहां के 8-8 थाना इलाकों में अवैध खनन हो रहा है। इसके बाद गुरुग्राम के 5 पुलिस थानों के इलाकों में अवैध खनन किया जा रहा है। सी आई डी रिपोर्ट के बाद खनन विभाग ने अवैध खनन के लिहाज से जिलों को जोन में बांटा है। हाई जोन में रखे जिलों में यमुनानगर, सोनीपत, भिवानी, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़-नारनौल, गुरुग्राम, नूंह, फरीदाबाद और पलवल शामिल हैं। मीडियम जोन में पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, कैथल, पंचकूला और अंबाला हैं। वहीं लो जोन में हिसार, फतेहाबाद, रोहतक, झज्जर, जींद, सिरसा और रेवाड़ी जिले हैं। इसी हिसाब से जिलों में पुलिस में अलग एन्फोर्समेंट विंग बनाई गई हैं। खनन विभाग के मुख्यालय में एक डी एस पी और 2 इंस्पेक्टरों को पुलिस से तालमेल के लिए रखा गया है।

# बिजली की पुरानी व कम लोड वाली तारों को भी बदला जाएगाः विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** – हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि "ऊर्जा विभाग में इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं और इसी कड़ी में यमुनानगर में 800 मेगावाट का नया बिजली संयंत्र स्थापित किया जा रहा हैं और इसके लिए स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इसी प्रकार से बिजली की पुरानी तारों/कम लोड वाली तारों को भी बदला जाएगा"। इसके अलावा, विज ने बताया कि "पुरानी बसों को बदलने के साथ-साथ बस अड्डों की हालत में भी सुधार कर आधुनिक रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि हर जिले में ड्राइविंग स्कूल स्थापित होंगे और प्रत्येक जिले में ऑटोमेटिक वॉशिंग



मशीन सिस्टम और ऑटोमेटिक सिस्टम फॉर चेकिंग व्हीकल फिटनेस स्थापित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं"। ऐसे ही, प्रत्येक जिले में श्रमिकों के लिए एयर कंडीशन अस्पताल स्थापित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए हैं।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ स्थित आवास संत कबीर कुटीर पर लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

# सरकार ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों का किसानों को जल्द दे मुआवजाः कुमारी सैलजा

**मांग**

**कहा- जुमलेबाज सरकार ने गत वर्ष ओलावृष्टि से खराब हुई फसल का अभी तक नहीं दिया मुआवजा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में हुई बारिश और ओलावृष्टि के चलते 12 जिलों में गेहूं और सरसों की फसल को भारी नुकसान हुआ है। गेहूं की खड़ी फसल खेतों में पूरी तरह बिछ गई है, वहीं सरसों के दाने भी झड़ गए हैं। इसके अलावा पशु चारा, सब्जियां व प्याज जैसी कई फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है। इसलिए सरकार को कोरी बयानबाजी छोड़कर तुरंत किसानों को हुए नुकसान की गिरदावरी करवानी चाहिए और उन्हें उचित मुआवजा देना चाहिए। वैसे इस जुमलेबाज सरकार ने दिसंबर 2024 में ओलावृष्टि से खराब हुई फसल का अभी तक मुआवजा नहीं दिया है। मीडियों को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि



पिछले दिनों ओलावृष्टि से प्रदेश के 23 जिलों के 615 गांवों की 8.08 लाख एकड़ में खडी फसलों गेंहू, सरसों, चना, जौ और सूरजमुखी को शून्य से लेकर 100 प्रतिशत तक का भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि जब भी ओलावृष्टि या बारिश से फसलों को नुकसान होता है तो किसान विशेष गिरदावरी करवाकर जल्द से जल्द मुआवजा देने की मांग करते आए जो उनका हक भी है, सरकार उन्हें बरगलाते हुए गिरदारी के आदेश तो दे देती है पर बाद में खुद ही भूल जाती है कि उसने कोई आदेश दिया था और उस पर अधिकारियों ने क्या अमल किया। वर्ष 2024 में ओलावृष्टि से 1763 गांव के 5299 किसानों ने खराब हुई 2.6 लाख एकड़ फसलें खराब हुई थी और किसानों ने इसका ब्यौरा क्षतिपूर्ति पोर्टल पर डाला था। लेकिन किसानों को मुआवजा मिलता जो दूर अभी तक सरकार ने 2.03 लाख एकड़ फसल का वेरिफिकेशन तक नहीं करवाया। कुमारी सैलजा ने कहा कि 28 फरवरी से एक मार्च तक प्रदेश के 12 जिलों में हुई भारी ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान हुआ। गेहूं और सरसों की फसलों को अधिक नुकसान हुआ है। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार किसानों के साथ पोर्टल पोर्टल पर खेल रही है, पहले किसानों को अपनी फसलों का पूरा ब्योरा मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर डालना होता है, अगर प्राकृतिक आपदा से फसल खराब हो जाए तो इसकी फिर विवरण पोर्टल पर डालना होता है, इसके बाद सरकार खराब हुई फसलों को वेरिफिकेशन करवाता है, इस काम में देरी होने से किसानों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ती है। सांसद कुमारी सैलजा ने सरकार से अपील की है कि फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए जल्द से जल्द ठोस कदम उठाए जाएं क्योंकि ओलावृष्टि और बारिश किसानों की फसल पर ही नहीं उनकी उम्मीदों पर पानी फेर देते है। फसल पर ही किसानों के सपने सजते है और फसल खराब होने पर सपने टूटते भी है।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ आज देंगे विद्यार्थियों को डिग्रियां: अभय चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** सिरसा। इंडियन नेशनल लोकदल के प्रधान महासचिव चौ. अभय सिंह चौटाला ने कहा कि भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल बुधवार सुबह 9.30 बजे ओढां स्थित माता हरकी देवी कॉलेज में दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे एवं विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान करेंगे। उसके बाद वे सिरसा स्थित जेसीडी विद्यापीठ में पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला की स्मृति में बनाए जाने वाले संग्रहालय का शिलान्यास भी करेंगे। वे मंगलवार को डबवाली रोड स्थित अपने आवास पर मीडिया से रूबरू हो रहे थे। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने भारत के



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को सिरसा में चलने वाले विभिन्न कॉलेजों की जानकारी दी तो उन्होंने स्वयं इन कॉलेजों में आने और वहां चलाए जा रहे विभिन्न महत्वपूर्ण कोर्सिज के सिलसिले में जानकारी लेने में रुचि दिखाते हुए उनका न्योता स्वीकार किया था। इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला ने कहा कि पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल व पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला को जब जब भी शासन में आने का अवसर मिला, तब तब उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी काम किए। ग्रामीणांचल की बेटियों को उच्च शिक्षा मिले, इसके लिए उन्होंने ओढां में माता हरकी देवी कॉलेज की स्थापना की। इसी तर्ज

**आधारशिला**

**कहा, पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला की स्मृति में जेसीडी में संग्रहालय की रखेंगे आधारशिला**

पर उन्होंने सिरसा में जेसीडी विद्यापीठ की स्थापना की जिसमें प्रदेशभर के हजारों विद्यार्थी विभिन्न कोर्सिज में भाग लेकर अपना भविष्य स्वर्णिम बना रहे हैं।
उन्होंने कहा कि इस बार प्रदेश सरकार ने सभी विधायकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं जिसमें उनकी पार्टी के विधायकों की ओर से सुझाव दिए गए हैं कि राजनीतिक व्यवस्था से ऊपर उठकर सभी विधायकों को विकास के लिए दी जाने वाली पांच करोड़ की राशि को बढ़ाकर दस करोड़ किया जाए तथा पंजाब के विधायकों को मिल रही बेहतर सुविधाएं भी जनहित में हरियाणा के विधायकों को मिलनी चाहिए। इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला ने कहा कि ओलावृष्टि के मुआवजे के लिए सरकार का पोर्टल 24 घंटे खुला रहना चाहिए। उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार के 100 दिनों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि खुद सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल विज कह रहे हैं कि सरकार के 100 दिनों में धरातल पर कोई विकास कार्य नहीं हुआ।

# एनसीआर क्षेत्र में जंगल सफारी के लिए बजट किया जाए प्रावधानः डॉ अरविंद


**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: प्रदेश के** विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से आग्रह किया है कि आगामी बजट में एनसीआर क्षेत्र में डिज्नीलैंड को उपयुक्त जगह देने पर विचार किया जाए, ताकि हरियाणा को पर्यटन क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर लेकर जाया जा सके। इससे न केवल प्रदेश की पहचान को नई ऊंचाईयां मिलेंगी, अपितु बड़े स्तर पर युवाओं के लिए रोजगार अवसर उपलब्ध होंगे। मंगलवार को प्रदेश के सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा दो दिवसीय पूर्व



बजट परामर्श बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष आधा दर्जन विषयों पर अपने सुझाव रख रहे थे। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार छह साल से समावेशी बजट बनाने के लिए जमीनी स्तर पर सुझाव लेकर उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रही है, इसका हरियाणा के हर वर्ग को लाभ हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सामने अपने विचार रखते हुए कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा जंगल सफारी हरियाणा अपने एनसीआर जिलों में स्थापित करने जा रहा है।

# हिमानी के ब्लैकमेल करने की कहानी को मां सविता ने खारिज किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के रोहतक की कांग्रेस नेता हिमानी नरवाल की हत्या के आरोप में पुलिस ने झज्जर के सचिन ढिल्लू को गिरफ्तार कर लिया और हत्या की वजह ब्लैकमेलिंग को बताया। लेकिन पुलिस की यह कहानी लोगों के गले नहीं उतर रही। सवालों पर पुलिस यह जवाब भी देती है कि अभी जांच चल रही है। रोहतक के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक केके राव ने कहा- दोनों की डेढ़ साल से दोस्ती थी। ढिल्लू का हिमानी के घर आना-जाना था। 28 फरवरी को झगड़े के बाद ढिल्लू ने मोबाइल चार्जर के तार से हिमानी का गला घोंट दिया। उनके बीच रुपयों का लेन-देन था। दोनों सोशल मीडिया से दोस्त बने थे। हिमानी की मां सविता देवी ने राव के दावे को खारिज कर दिया।



उन्होंने कहा- मेरी बेटी का कोई बॉयफ्रेंड नहीं था। रुपया कत्ल की वजह नहीं हो सकता। पुलिस बताए कि मेरी बेटी की हत्या क्यों की गई? सचिन उसकी बेटी का दोस्त कब और कैसे बना?
ऐसे कई सवाल सिर्फ हिमानी की मां के ही नहीं, बल्कि सबके मन में उठ रहे हैं, जिनके जवाब में पुलिस जांच का हवाला देकर किनारा कर रही है।
केके राव ने कहा कि 27 फरवरी की रात 9 बजे ढिल्लू हिमानी के घर आया। रात ढिल्लू वहीं रुका। 28 फरवरी को ढिल्लू ने हिमानी का गला घोंट दिया। हालांकि झगड़ा किस बात पर हुआ? इस पर राव ने कहा कि झगड़ा तो किसी भी बात पर हो जाता है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब इतनी बात हत्यारे ने

**जांच पर सवाल**

**दोनों की डेढ़ साल से दोस्ती थी। ढिल्लू का हिमानी के घर आना-जाना था: पुलिस महानिदेशक केके**

पुलिस को बता दी तो फिर झगड़े की वजह क्यों नहीं बताई? या फिर पुलिस इसे छुपा रही है। ढिल्लू की गिरफ्तारी की खबर सामने आते ही कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि उसने हिमानी को लाखों रुपए दिए। अउऋद्ध ने भी पैसों के लेनझ्रदेन की बात कही। ढिल्लू के बारे में झज्जर में पता चला कि वह मोबाइल रिपेयरिंग और मनी ट्रांसफर का काम करता था। उसकी वहां छोटी सी दुकान है। ऐसे में उसकी लाखों की कमाई का कोई जरिया नजर नहीं आता। दूसरा, परिवार के करीबियों का कहना है कि उसका काम बहुत अच्छा नहीं चलता था। उसके 2 बच्चे स्कूल में पढ़ते हैं, उनकी भी 2झ्र3 महीने से फीस नहीं भरी थी। ऐसे में उसने हिमानी को रुपए कहां से दिए?
दावा किया जा रहा है कि ढिल्लू हिमानी का बॉयफ्रेंड था। ढिल्लू ने 10 साल पहले लव मैरिज ही की थी। परिवार उसे बेदखल तक कर चुका है। उसके एक बेटा और एक बेटी है। जो पहली और दूसरी क्लास में पढ़ते हैं। पत्नी-बच्चे उसी के साथ रहते हैं। ऐसे में पुलिस के डेढ़ साल से फ्रेंडशिप के दावे को सही मानें तो क्या हिमानी को यह सब पता नहीं था। ऐसे में सवाल है कि वह ऐसे आदमी से कैसे इस तरह का रिश्ता रख सकती है।

# असंध के सौंदर्यीकरण के लिए दिया जाए विशेष पैकेज : योगेन्द्र राणा

## विकसित असंध के संकल्प को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री के समक्ष रखी अनेक परियोजनाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मुख्यमंत्री नायब** सैनी हरियाणा की 2 करोड़ 80 लाख लोगों की भावनाओं और अपेक्षाओं पर खरा उतरने वाला बजट पेश करेंगे। बजट के लिए समाज के विभिन्न वर्गों स्थानीय विधायकों से सुझाव लिए जा रहे हैं। असंध विधायक योगेन्द्र राणा ने पंचकूला में आयोजित इस प्री बजट परामर्श बैठक में विकसित असंध के संकल्प को पूरा करने नॉनस्टॉप हरियाणा के साथ साथ नॉन स्टॉप असंध को लेकर अपनी विधानसभा की मुख्य समस्याओं व परियोजनाओं का विषय इस बैठक में रखा। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष मांग रखते हुए कहा कि किसानों को इथनाइल प्लांट लगाने के लिए सब्सिडी दी जाए, ताकि इस तरह के प्लांट लगने से प्रदूषण कम किया जा सके। इसके इलावा उन्होंने जींद रोड को फोरलेन करने, असंध की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए असंध को जिला बनाने एवं असंध हुडा सैक्टर बनाए जाने की मांग व असंध से 152 डी दिल्ली से कटरा हाईवे गुजरने के कारण इसे औद्योगिक क्षेत्र बनाए जाने की मांग की। विधायक योगेन्द्र राणा द्वारा इस मौके पर असंध में बने राज्य परिवहन का सब डिपो को चालू किए जाने की मांग की। आयुष्मान कार्ड का लाभ सरकारी अस्पतालों में मिल सके इसके प्रावधान की मांग भी की गई। विधायक ने इस प्री बजट बैठक में असंध की सडकों की मुरम्मत व निर्माण एवं असंध के सौंदर्यीकरण के लिए विशेष पैकेज की मांग भी की।



विधायक द्वारा महिलाओं के लिए स्वयं सहायता समूह बारे जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण केन्द्र बनवाने एवं पशु रोग निदान प्रयोग शाला बनवाने के अलावा हैफेड शुगर मील असंध सुचारू रूप से चले इस बात को भी रखा, ताकि किसानों को अपनी गन्ने की फसल को बेचने में कोई परेशानी न हो।

# विधायक कृष्णा गहलावत ने खुला दरबार लगाकर सुनी लोगों की समस्याएं

**समाधान**

▶▶ प्राथमिकता के आधार पर हलकावासियों की समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा



**टीम एक्शन इंडिया**

**राई । राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा** गहलावत ने सोमवार को अपने कार्यालय में खुला दरबार लगाकर राईवासियों की समस्याओं की सुनवाई की। उन्होंने कहा कि वे राई हलका और राईवासियों की समस्याओं के समाधान तथा मांगों को पूरा करवाने के लिए चौबीस घंटे उपलब्ध हैं। प्राथमिकता के आधार पर हलकावासियों की समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा। विधायक ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समाधान के लिए कड़े निर्देश दिए। प्रमुख तौर पर गांव जोशी चौहान के ग्रामीणों ने गांव में अंबेडकर भवन के निर्माण तथा बिंदरौलीवासियों ने ग्रीन पार्क के निर्माण की मांग रखी। विधायक ने इन दोनों मांगों को पूर्ण करवाने का आश्वासन देते हुए एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। साथ ही नांगल कलां में बीपीएल प्लाटों के विषय में ग्रामीण महावीर ने मांग रखी जिसे पूरा करवाने का उन्हें भरोसा दिया। कमासपुर के ग्रामीणों को भी उनकी समस्या का समाधान मिला। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि राईवासियों की समस्याओं व मांगों के प्रति वे स्वयं संवेदनशील हैं। उनके संज्ञान में जो भी समस्या आती है उसके समाधान के लिए वे खुद प्रयास करती हैं। विकास को नये आयाम दिये जा रहे हैं। विकास के मामले में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति तथा ग्रामीण मौजूद थे। इनमें मुख्य रूप से प्रमोद, रामबीर, हंसराज, तहार सिंह चौहान, छोटू चौहान, भूपेंद्र, बाल किशन, सुनील, निरंजन, संदीप, दीपक मुकीमपुर, नरेंद्र खेवड़ा, नीरज, रणबीर, राजेंद्र सिंह, धर्मेंद्र चौहान आदि शामिल थे।

# नियमों की अवहेलना कर मिट्टी डालकर गली में बिछा दी टाइल



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। खेड़ी गुज्जर** गांव में नियमों की अवेहलना कर सरकार द्वारा निर्धारित इंटरलॉकिंग टाइल लगाने से पूर्व बिना मटेरियल डालें केवल मिट्टी पर इंटरलॉकिंग टाइल बिछाकर गली निर्माण करवाए जाने से ग्रामीणों में रोष है । वही इंटरलॉकिंग टाइल लगाकर जिस गली का निर्माण कार्य कर दिया है उसे गली में भी जहां इंटरलॉकिंग टाइलों के ऊपर जहां रेट डालना था वहां मिट्टी डाल दी गई। मिट्टी डालने के कारण उड़ती धूल से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही जब नियमों की अवेहलना कर गली निर्माण को लेकर पंचायत विभाग के अधिकारियों से बात की तो उन्होंने कहा कि जहां तक है यह काम पंचायत द्वारा करवाया जा रहा है । इसमें पंचायत विभाग की तरफ से टेंडर नहीं हुआ है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इंटरलॉकिंग टाइल लगाने से पहले गली की चौड़ाई के हिसाब से नीचे पत्थर डालना होता है और उसके बाद थोड़ी सी मिट्टी डालकर इंटरलॉकिंग टाइल लगानी होती हैं । अगर गली ज्यादा चौड़ी नहीं है तो उसमें कम मटेरियल डालकर टाइल लगाई जानी चाहिए ।

**बिना मेंटेरियल टाइल लगाने के काम की जांच कर करवाएंगे ठीक : एसडीओ**

इस बारे में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में तैनात एसडीओ विपुल ने बताया कि यह काम शायद पंचायत करवा रही है विभाग की तरफ से टेंडर नहीं लगाया गया है । इंटर नॉकिंग डायले लगाने से पूर्व नीचे मटेरियल डालना होता है अगर ऐसा किया गया है तो वह उसको ठीक करवाएंगे।

# निगम ने सेक्टर-13 में स्थापित किया ट्रिपल आर केन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नगर निगम** करनाल स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर प्रत्येक बिन्दू पर कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम ने सेक्टर-13 स्थित सफाई शाखा के कार्यालय में ट्रिपल आर केन्द्र को बीते दिनों स्थापित किया है, जहां पर नागरिक अनुपयोगी प्लास्टिक की वस्तुओं, पुराने कपड़े व जूते तथा अन्य सामान को दे सकते हैं। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि चालू स्वच्छ सर्वेक्षण की थीम भी रिड्यूज, रियूज व रिसाईकल पर आधारित है, ताकि नागरिक इनके महत्व को समझकर इसे अपने दैनिक प्रयोग में ले सकें।



उन्होंने बताया कि ट्रिपल आर को लेकर पूरे शहर में अभियान चलाया जा रहा है, ताकि लोग अपनेपुराने कपड़े, जूते, किताबें, खिलौने, प्लास्टिक की वस्तुओं तथा इलैक्ट्रोनिक सामान जैसी अनुपयोगी चीजों को यहां दे सकें और उन्हें रिसाईकल कर शहर को कचरा मुक्त बनाया जा सके। निगमायुक्त ने बताया कि उपयोग किए गए उत्पादों को कम करना ही इस मिशन का उद्देश्य है। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपरोक्त केन्द्र की तर्ज पर शहर की अन्य लोकेशन पर भी रिड्यूस, रियूस और रीसाईकल यानि आर.आर.आर. केन्द्र खोले जाएं। इसके लिए गैर सरकारी संगठन, स्वयं सहायता समूह, रेजिडेंट वैल्फेयर एसोसिएशन तथा नागरिक स्वयं सेवकों का सहयोग लिया जा सकता है और बड़ी संख्या में आमजन को मिशन से जोड़ा जाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि रेलवे रोड स्थित नेकी की दीवार, जो कि पहले ओपन थी, उसे कवर किया गया है। इसके लिए लोहे के जाल का प्रयोग किया गया है तथा एक गेट भी लगाया गया है। उन्होंने बताया कि नेकी की दीवार स्थल पर निगम कार्यालय की ओर से एक व्यक्ति की ड्यूटी लगाई जाएगी, जो नागरिकों द्वारा दिए गए सामान को अच्छे से रखेगा। इसके अतिरिक्त जरूरतमंद व्यक्ति को सामान भी वितरित किया जाएगा।

# अवैध खनन को रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले** में अवैध खनन को रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है और इस पर कड़ी नजर बनाए हुए है। इसी क्रम में खनन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक डंपर को जब्त किया, जिसके पास वैध ई-रवाना बिल नहीं था। प्रशासन ने साफ किया है कि अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर खनन विभाग की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम में एएसआई सुमन करनाल और हेड कॉन्स्टेबल अशोक शामिल रहे। माइनिंग चेकिंग के दौरान टीम ने सदरपुर से चौरा रोड पर डंपर ड्राइवरों के ई-रवाना बिल की जांच की। जांच के दौरान एक डंपर चालक के पास वैध ई-रवाना बिल नहीं पाया गया। इसके बाद प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए मौके पर ही डंपर का जीपीएस फोटो लेकर उसे मधुबन थाने में सीज करवा दिया। खनन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन अवैध खनन करने वालों पर लगातार नजर रखे हुए है।

# रेलवे फ्लाईओवर पर लगने वाले जाम को लेकर समाधान की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। भारतीय किसान** मजदूर यूनियन प्रदेश महासचिव विरेंद्र पहल व भारतीय किसान मजदूर यूनियन ज़िला उपाध्यक्ष आशु चौहान ने सोमवार को गन्नौर के एसीपी मलकीत सिंह से मुलाकात कर शहर के रेलवे रोड व गुमड़ रोड रेलवे फ्लाईओवर पर लगने वाले जाम के बारे में अवगत करवाते हुए समाधान की मांग की। इसके अलावा गन्नौर में एसीपी मलकीत के कार्यभार संभालने के बाद शहर में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगने की भी सराहना की। भारतीय किसान मजदूर यूनियन प्रदेश महासचिव विरेंद्र पहल ने मुलाकात के बाद बताया कि शहर में जाम लगे की समस्याओं से निजात पाने के लिए आम जनता व दुकानदारों का सहयोग जरूरी है जब वह मिलकर पुलिस का इस कार्य में सहयोग करेंगे तो आम जनता को पूरी राहत मिलेगी । उन्होंने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था में भी पुलिस को जनता के सहयोग की जरूरत होती है । उन्होंने कहा कि जब भी उनकी यूनियन की पुलिस को सहयोग की जरूरत होगी वह पूरा सहयोग करेंगे ।




# यूनियन 7 मार्च को सांसद और विधायक के आवास पर मांगों को लेकर करेंगे प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। आशा वर्कर्स** यूनियन गन्नौर ब्लॉक की जनरल बॉडी मीटिंग लहरी सिंह पार्क में मीना की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में उपस्थित तमाम आशा वर्कर्स ने अपनी ब्लॉक की कमेटी , चुनाव करके मीना को प्रधान और सुमन को सचिव कविता को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष बनाया ' आशा वर्कर्स यूनियन की जिला सचिव छवि , सुमन राज्य की महासचिव सुनीता भी शामिल हुई ' मीटिंग में आशा वर्कर्स मीना ने बताया कि आशा वर्कर्स को मिलने वाली प्रोत्साहन राशियों में सरकार चालबाजी करके कटौती करना चाहती है, कुछ दिन पहले स्वास्थ्य विभाग द्वारा आशा वर्कर्स को मिलने वाली प्रोत्साहन राशियों को रोकने के आदेश दिए गए हैं । सरकार का कहना है कि जननी सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को प्रसव होने के बाद कुछ सहायता राशि दी जाती है वह राशी लाभार्थी महिलाओं तक नहीं पहुंच रही है जिसका कारण सरकार आशा वर्कर्स को जिम्मेदार ठहरा रही है। जबकि सरकार का ऐसा करना गलत है। जननी सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को मिलने वाला पैसा सरकार जानबूझकर उनको नहीं देती है । आशा वर्कर यूनियन आम लोगों को बताना चाहती है कि सरकार केवल योजनाओं की घोषणा करके राजनीतिक लाभ उठा रही है । 2022 के बाद सरकार द्वारा इस योजना के पैसे का भुगतान नहीं किया गया है। सरकार द्वारा कागज पूरे करने की जो शर्तें लगाई गई है वह गर्भवती लाभार्थी महिलाएं पूरी नहीं कर सकती हैं। सरकार द्वारा लगाई गई शर्तों की वजह से इस पैसे के भुगतान में समस्याएं आ रही है ।




सरकार ने जानबूझकर इतनी शर्तें लगाई है ताकि वह पूरी न की जा सके और आशा वर्कर्स यूनियन सरकार की चाल बाजी को जनता को बताते हुए आने वाले समय में आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि आशा वर्कर्स यूनियन सरकार से मांग करती है कि गर्भवती महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना का लाभ महिलाओं तक पहुंचने के लिए इसकी शर्तों में कम से काम कागजों का आधार बनाया बनाऐ और समय पर पैसे का भुगतान करे ताकि जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सके और सरकार से यह भी मांग करती है कि आशा वर्कर्स के जननी सुरक्षा योजना के प्रोत्साहन राशियों पर जो रोक लगाई है, उसे तुरंत हटाया जाए और आशा वर्कर की मांगो और समस्याओं के समाधान के लिए, यूनियन से वार्ता करके समसया का समाधान करे। अगर जल्द ही सरकार द्वारा समाधान नहीं किया गया तो आशा वर्कर्स यूनियन आंदोलन को मजबूर होगी जिसकी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी । उन्होंने कहा कि 7 मार्च को सीटू से संबंधित सभी यूनियन सोनीपत सांसद और विधायक के आवास पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करेंगे ।

# नकल मुक्त परीक्षा संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकताः राहुल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा** विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं को पूरी तरह से नकल रहित संपन्न कराने के लिए उपमंडल असंध प्रशासन लगातार सक्रिय है। एसडीएम असंध राहुल आईएएस और डीएसपी असंध महावीर सिंह ने मंगलवार को असंध क्षेत्र के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया।



एसडीएम ने परीक्षा केंद्रों पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा को पूर्णतः नकल मुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नकल मुक्त परीक्षा कराना हमारा दायित्व भी है, इसलिए परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने परीक्षाओं की ड्यूटी कर रहे अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति नकल करने, कराने या इसमें मदद करने की कोशिश करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन इस दिशा में पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है और परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर तैनात अधिकारियों और पुलिस बल को निर्देश दिए कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, जिससे किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि न हो। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्रों पर कोई बाहरी व्यक्ति प्रवेश न कर सके और परीक्षा केंद्रों में अनुशासन भी बना रहे।

**विद्यार्थियों को एसडीएम का संदेश**

एसडीएम असंध राहुल आईएएस ने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि परीक्षा उनकी मेहनत और योग्यता का आकलन करने का माध्यम है। इसमें किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सच्ची मेहनत और ईमानदारी से दी गई परीक्षा ही भविष्य को उज्जवल बनाती है। जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से निडर होकर और पूरी ईमानदारी के साथ परीक्षा देने की अपील की।

# अंर्तविष्ट नियमों के कडाई से पालना के आदेश जारी किए

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) देशबंधु गुप्ता राजकीय** महाविद्यालय पानीपत में इको क्लब के अंतर्गत " राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस " के अवसर पर ऑक्सीजन बाग में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ दलजीत सिंह और कार्यक्रम का संचालन इको क्लब के अध्यक्ष ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने किया। ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि आज राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों और स्टॉफ सदस्यों को राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए और भारत भूमि को प्रदूषण रहित करके हरीभरी बनाने के संकल्प के साथ ऑक्सीजन बाग का निर्माण किया जा रहा है आज तीन अमरूद और दो अंजीर के फलदार पौधे रोपित किए गए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की स्थापना 4 मार्च, 1966 में की गई थी. इसके बाद 4 मार्च के दिन साल 1972 में पहली बार राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया था। इस दिन को राष्ट्र की सुरक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की सालगिरह के रूप में भी मनाया जाता है।



# भिगान टोल प्लाजा पर स्वास्थय, सड़क सुरक्षा सप्ताह में जागरूक कर शपथ दिलाई

**पंचायत**

▶▶ सेफ्टी हेड अंका बाबू पलाती, आप्रेशन हैड कुमार घोष, विकास सिंह ने जागरूक किया

**टीम एक्शनइंडिया**

**गन्नौर। भि**गान टोल प्लाजा पर मंगलवार को वाहन चालकों एवं टोल कर्मियों को राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के अर्न्तगत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सुरक्षा एवं स्वास्थय व सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ दिलाई गई और टोल प्लाजा कार्यालय में सुरक्षा ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर वाहन चालकों व टोल कर्मियों को संबोधित करते हुए सेफ्टी हेड अंका बाबू पलाती, आप्रेशन हैड कुमार घोष, विकास सिंह ने जागरूक किया। सेफ्टी हेड अंका बाबू पलाती ने संबोधित करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट के प्रयोग, नशे में वाहन न चलाना, ओवरस्पीडिंग न करना आदि नियमों का महत्व बताया। इसके बाद टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा संबंधी पंपलेट का वितरण भी किया गया। सेफ्टी हेड अंका बाबू पलाती ने कहा कि सड़क सुरक्षा का अनुपालन करना सभी के लिए अत्यंत आवश्यक है। यातायात नियमों का पालन न केवल हमारी सुरक्षा के लिए बल्कि हमारे परिवार और समाज के लिए भी जरूरी है।



कार्यक्रम के दौरान सभी ने यातायात नियमों का पूरी जिम्मेदारी से पालन करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ ली। शपथ में यह कहा गया कि सभी यातायात नियमों का पालन करेंगे। सड़क पर बाईं ओर सावधानीपूर्वक चलेंगे और कभी भी दौड़कर सड़क पार नहीं करेंगे। गति पर नियंत्रण रखते हुए वाहन चलाने, खतरनाक ढंग से वाहन नहीं चलाने, आपातकालीन सेवा के वाहनों को प्राथमिकता देने और सड़क पर अन्य राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की बात भी शपथ में शामिल थी। इसके अतिरिक्त, सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करने और दूसरों को भी इन नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया गया।

## संपादकीय

# न्यायालयों में अनसुलझे मामलों की बढ़ती संख्या

**देश की न्याय** व्यवस्था कई महत्त्वपूर्ण मुद्दों से जूझ रही है, जिसका मुख्य कारण भारतीय अदालतों में अभी भी 5 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। इनमें से कई मामले एक दशक से अधिक समय से लंबित हैं, जिनमें से लगभग 50 लाख मामले दस साल से भी अधिक समय पहले शुरू किए गए थे। नीति आयोग ने सुधारों की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हुए आगाह किया है कि मामले के समाधान की वर्तमान गति से केवल निचली अदालतों में लंबित मामलों को हल करने में 300 साल से अधिक लग सकते हैं। भारत में, "लंबित मामलों" का अर्थ कानूनी ढांचे के भीतर अनसुलझे मामलों की भारी संख्या है। स्थिति विशेष रूप से निचले न्यायिक स्तरों पर गंभीर है, जहाँ अधिकांश मामले दायर किए जाते हैं और न्यायाधीशों की कमी की वजह से निबटारा नहीं हो पाता। लंबित मामलों की बढ़ती संख्या भारतीय न्याय प्रणाली के लिए बड़ी चुनौती है। लंबी कानूनी प्रक्रियाएँ "न्याय में देरी न्याय से वंचित होने के समान है" कहावत को चरितार्थ करती हैं। अदालतों में मामलों की बड़ी संख्या अदालती दक्षता में बाधा डालती है और लंबित मामलों की संख्या में वृद्धि करती है, जिससे त्वरित न्याय लगभग असंभव हो जाता है। सर्वोच्च न्यायालय में 82, 000 से अधिक और उच्च न्यायालयों में 62 लाख से अधिक मामले लंबित होने के कारण, निर्णयों में देरी आम बात है। मुकदमेबाजी का वित्तीय बोझ आर्थिक विकास को भी बाधित करता है, क्योंकि यह संसाधनों को खत्म करता है और व्यक्तियों और व्यवसायों को कानूनी कार्यवाही करने से हतोत्साहित करता है। भारत में न्यायिक देरी की अनुमानित लागत दो मिलियन डॉलर से अधिक है। न्याय प्रणाली पर लंबित मामलों का प्रभाव गहरा और दूरगामी है। लंबे समय तक चलने वाले मामले कानूनी प्रणाली में जनता के विश्वास को डिगा सकते हैं। देरी का यह चक्र समस्या को और बढ़ाता है। न्यायिक देरी में योगदान देने वाला एक महत्त्वपूर्ण कारक जनसंख्या के लिए न्यायाधीशों का अपर्याप्त अनुपात है। भारत में, विकसित देशों की तुलना में कानूनी प्रणाली बहुत धीमी गति से काम करती है, जहाँ हर दस लाख निवासियों के लिए केवल 21 न्यायाधीश उपलब्ध हैं। सरकार सबसे बड़ी वादी है, जो सभी लंबित मामलों में से लगभग आधे मामलों के लिए ज़िम्मेदार है, जिनमें से कई छोटे मुद्दों पर अपील में बंधे हैं। सीमित कोर्ट रूम स्पेस और पुरानी केस मैनेजमेंट प्रथाओं जैसी चुनौतियों से लंबी अदालती कार्यवाही और भी जटिल हो जाती है। दिल्ली उच्च न्यायालय मध्यस्थता केंद्र ने 15 वर्षों में 200, 000 से अधिक मामलों को सफलतापूर्वक हल किया है, जो वैकल्पिक विवाद समाधान विधियों की प्रभावशीलता को उजागर करता है। दुर्भाग्य से, वकील और वादी दोनों अक्सर स्थगन का दुरुपयोग करते हैं, जिसके कारण मामले सालों या दशकों तक टल जाते हैं। मैन्युअल दस्तावेजीकरण और पुरानी कानूनी प्रक्रियाओं पर निर्भरता मामलों के समय पर समाधान में बाधा डालती है, जिससे अनावश्यक नौकरशाही बाधाएँ पैदा होती हैं। लंबित मामलों के बैकलॉग को कम करने के लिए यह सुनिश्चित करना महत्त्वपूर्ण है कि कार्यवाही निरंतर हो। इसमें बढ़ती आबादी को समायोजित करने के लिए न्यायालय स्टाफिंग और बुनियादी ढांचे में निवेश करना शामिल है।

न्यायालयों की संख्या बढ़ाने और पर्याप्त सहायक कर्मचारियों को नियुक्त करने से प्रक्रिया में तेजी लाने में मदद मिल सकती है। मामलों को अधिक तेजी से ट्रैक करने और आगे बढ़ाने के लिए प्रभावी केस प्रबंधन रणनीतियों को लागू करना भी महत्त्वपूर्ण है। उचित रूप से प्रबंधित मामलों के समय पर समाधान तक पहुँचने की अधिक संभावना होती है।

# विकास के बहाने विनाश का गरल पीते उत्तराखंड के पर्वत शिखर

मनोज कुमार

> "ऐसे में प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि आपदाओं के लिहाज से जो इलाके संवेदनशील और बेहद खतरनाक हैं और जिन इलाकों में ऐसी आपदाओं के बारे में वैज्ञानिक सचेत करते रहे हैं, उन इलाकों में ऐसी सुविधाएं विकसित करने पर जोर दिया जाए जो बेहद गंभीर संकट में भी लोगों को बचा सकें। हालांकि केदारनाथ के हादसे से सबक लेकर आपदा प्रबंधन के स्तर पर काफी सुधार देखने को मिला है। यह हादसा एक बार फिर चेता रहा है कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाया जाए, न कि उस पर अतिक्रमण हो। हकीकत यह है कि पिछले कुछ समय से हिमस्खलन की घटनाओं में बढ़ोतरी की एक वजह प्राकृतिक है, तो दूसरी वजह असंतुलित विकास और पर्यावरण की उपेक्षा। उपभोक्तावादी संस्कृति को प्रोत्साहित कर जिस तरह वैश्विक तापमान को बढ़ाया गया है"

**उत्तराखंड के** माणा में एक दुखद आपदा में प्राकृतिक हिमस्खलन से निर्माण कार्य में लगे मजदूर बर्फ में धंस गए। हालांकि 46 जिंदगी बचा ली गई लेकिन दुःखदायी यह रहा कि आठ जिंदगियों को बचाया नहीं जा सकता है। निसंदेह देश के जवानों ने इन जिंदगियों को बचाने में अपनी जान लगा दी। राहत एवं बचाव कार्य में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और सेना सहित 200 से अधिक लोग जुटे रहे। यह अभियान तीन दिन तक चला। माणा गांव में मजदूर निर्माण कार्य में लगे थे, तभी अचानक ऊपर से बर्फ का पहाड़ आ गिरा और कई मजदूर उसमें दब गए। इस घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन ने बिना देरी बचाव कार्य शुरू कर दिया । शुरू में प्रतिकूल मौसम में रास्ते बंद होने के कारण राहत कार्य में मुश्किल आई, लेकिन बचाव अभियान में जुटे जवानों ने अपनी जान की परवाह नहीं करते हुए कई जिंदगियों को बचा लिया।

हिमस्खलन स्थल पर करीब 7 फीट तक बर्फ जमा है, जिससे बचाव अभियान में कई दिक्कतें आयी। लेकिन जहां तक भी पहुंचना संभव है, वहां राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। उत्तराखंड और हिमाचल में प्राकृतिक आपदाओं का आना कोई नई बात नहीं है। अपने नैसर्गिक सौंदर्य, अध्यात्म, और धार्मिक महत्व के लिए यह राज्य प्रसिद्ध है, लेकिन यह राज्य अपनी भौगोलिक संरचना के लिए भी बेहद संवेदनशील है। पूरी दुनिया में कुदरत की सौंदर्यता के लिए जाना जाने वाला राज्य होने के साथ ही उत्तराखंड प्राकृतिक और मानवजनित आपदाओं के लिए भी जाना जाने लगा है, इसे इस राज्य का दुर्भाग्य ही कह सकते हैं।

हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड जैसे हिमालयी राज्यों को हाल के वर्षों में कई प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ा है। बीते कुछ महीनों में घटित ऐसी सभी घटनाओं के कारण अब तक 300 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई है और हजारों लोग घायल हुए हैं। लापता होने वाले लोगों की संख्या भी कम नहीं है। बड़े पैमाने पर आर्थिक नुकसान के साथ-साथ सड़कों पर आवाजाही भी बड़े पैमाने पर बाधित हुई। पहाड़ों के दरकने या भूस्खलन जैसी घटनाओं के लिए इन पहाड़ी राज्यों में होने वाली निरंकुश मानवीय गतिविधियों को मुख्य रूप से जिम्मेदार माना जाता है। आर्थिक क्रियाकलाप, पर्यटन और आधुनिक विकास के नाम पर होने वाले निर्माण इसके लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं।



सरकार आपदा की स्थिति में राहत कार्य पहुंचाती है। पर, आज जरूरत है कि समस्या के जड़ को समझकर उसके प्रभावी समाधान के लिए सही रणनीतियों के विकास और उन पर अमल करने की। ऐसा करके ही पहाड़ों में हो रहे विनाश पर लगाम लगायी जा सकती है और टिकाऊ विकास को सुनिश्चित किया जा सकता है। 2013 में केदारनाथ आपदा उत्तराखंड के इतिहास की सबसे भयावह घटना थी। जल प्रलय ने हजारों लोगों की जान ले ली थी और किसी को संभलने तक का मौका नहीं मिला था। जो जहां था, वही दफन हो गया। कई महीने तक लोगों की खोज में अभियान चलाए गए। 16 से 17 जून, 2013 में लगातार अतिवृष्टि व बादल फटने के परिणामस्वरूप भूस्खलन व नदियों में तीव्र उफान के कारण रुद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी, पौड़ी, टिहरी व पिथौरागढ़ जिलों में व्यापक जन-धन की हानि हुई। राज्य के ज्ञात इतिहास में यह सबसे बड़ी आपदा थी। इसमें हजारों लोग व मवेशी मलवे में दबकर व जल प्रवाह में बहकर काल के गाल में समा गए। सैकड़ों होटल व धर्मशालाएं व हजारों मोटर गाड़ियां नष्ट हुई। इस आपदा में एक आंकड़े के मुताबिक 3886 लोग या तो मारे गए अथवा लापता हुए, इसमें से मात्र 644 शव मिले हैं। 3242 लोगों का कोई पता नहीं चल पाया। राज्य सरकार द्वारा जारी आकड़ों के अनुसार इस आपदा में लगभग 13000 करोड़ के नुकसान का आंकलन किया गया। इसके बाद भी इस राज्य में लगातार भूस्खलन और हिमस्खलन को घटनाएं सामने आती ही रहती है। कुछ ऐसा ही फरवरी 2021 में तब हुआ था, जब चमोली जिले में ऋषि गंगा कैचमेंट से जल प्रलय निकली थी। तब सात फरवरी की सुबह हैगिंग ग्लेशियर टूट गया था। उस समय इस तरह के खतरों से पहले से ही सचेत रहने के लिए तमाम कसरत की गई थी। यहां तक कि ग्लेशियर क्षेत्रों की सैटेलाइट से निरंतर निगरानी की बात भी सामने आई थी। ताकि समय रहते ग्लेशियर और ग्लेशियर झीलों में आ रहे असामान्य बदलावों की पहचान की जा सके, लेकिन फिर भी हादसा हुआ । इसी तरह बदरीनाथ के माणा क्षेत्र में ग्रेफ के श्रमिक एवलांच जोन में निरंतर बर्फबारी के बीच भी श्रमिक काम करते पाए गए, उससे निगरानी तंत्र को लेकर सवाल भी खड़े होते हैं। इसका कारण है कि हिमनदों का पिघलना, टूट कर नदियों में गिरना, बादल फटने जैसी घटनाएं हिमालय क्षेत्र में सामान्य बात हैं। उत्तराखंड में प्राकृतिक आपदाओं के संकेत करीब चार दशक पहले से ही मिलने लगे थे। भूविज्ञानी पहले ही चेतावनी दे चुके थे कि ऋषिगंगा क्षेत्र में आठ हिमनदों के पिघलने की दर सामान्य से अधिक है। जाहिर है कि जब-जब ये टूटेंगे तो ऋषिगंगा में ही गिरेंगे और कहर बरपाएंगे। ऋषिगंगा नदी पर हिमनदों के टूटने से जो दबाव बनता है, उससे आसपास की नदियों-धौलीगंगा, विष्णुगंगा, अलकनंदा और भागीरथी में जल प्रवाह उग्र रूप धारण कर लेता है। बढ़ते तापमान और हिमालय के भीतर हो रहे परिवर्तन भी हिमनदों की प्रकृति को तेजी से बदल रहे हैं, जिससे इनके टूटने की घटनाएं भी तेजी से बढ़ रही हैं। यह ऐसा प्राकृतिक संकट है जिससे कोई बचा नहीं सकता। इन खतरों को देखते हुए ही नदियों पर बांध बनाने को लेकर चेताया जाता रहा है। चमोली की आपदा में ऋषि गंगा पर बनी तेरह मेगावाट की बिजली परियोजना और धौलीगंगा पर पांच सौ बीस मेगावाट की बिजली परियोजना पूरी तरह से बह गई और इन पर काम कर रहे लोग भी इस आपदा का शिकार हो गए। इसलिए यह सवाल क्यों नहीं उठना चाहिए कि वैज्ञानिकों की चेतावनियों के बावजूद ऐसी परियोजनाएं इन इलाकों में क्यों बनाई जाती हैं? पहाड़ी इलाकों में रहने वाले निवासियों का जीवन बेहद कठिन होता है। प्राकृतिक कारण इसे और जोखिमभरा बना देते हैं। ऐसे में प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि आपदाओं के लिहाज से जो इलाके संवेदनशील और बेहद खतरनाक हैं और जिन इलाकों में ऐसी आपदाओं के बारे में वैज्ञानिक सचेत करते रहे हैं, उन इलाकों में ऐसी सुविधाएं विकसित करने पर जोर दिया जाए जो बेहद गंभीर संकट में भी लोगों को बचा सकें। हालांकि केदारनाथ के हादसे से सबक लेकर आपदा प्रबंधन के स्तर पर काफी सुधार देखने को मिला है। यह हादसा एक बार फिर चेता रहा है कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाया जाए, न कि उस पर अतिक्रमण हो। हकीकत यह है कि पिछले कुछ समय से हिमस्खलन की घटनाओं में बढ़ोतरी की एक वजह प्राकृतिक है, तो दूसरी वजह असंतुलित विकास और पर्यावरण की उपेक्षा। उपभोक्तावादी संस्कृति को प्रोत्साहित कर जिस तरह वैश्विक तापमान को बढ़ाया गया है, उससे न केवल जल,जंगल और जमीन पर दुष्प्रभाव पड़ा है, बल्कि समुद्र तथा पहाड़ भी इससे अछूते नहीं रहे। प्रकृति की प्रतिक्रिया हम जलवायु परिवर्तन के रूप में देख सकते हैं। कहीं सूखा तो कहीं बाढ़ और कहीं जंगलों में आग से लेकर हिमस्खलन की बढ़ती घटनाएं इसी का संकेत दे रही हैं। जरूरत है कि ऐसी घटनाओं से सबक लिया जाए। हर तरह की प्राकृतिक आपदा के लिहाज से उत्तराखंड संवेदनशील है। इसके बाद भी अभी तक प्रदेश में समुचित आपदा निगरानी तंत्र विकसित नहीं हो पाया है। खासकर उच्च हिमालयी क्षेत्रों में एवलांच और ग्लेशियर झीलों से निकलने वाली तबाही को लेकर मशीनरी के हाथ बंधे हुए हैं। हिमस्खलन जैसी घटनाओं के प्रति सावधानी और जनजागरूकता से कुछ हद तक जानमाल के नुकसान को कम किया जा सकता है। मगर पहाड़ी इलाकों में जिस तरह मनुष्यों का बेतहाशा हस्तक्षेप बढ़ा है, उसमें सड़क से लेकर अन्य अनियोजित निर्माण कार्यों के गंभीर नतीजे अब सामने आ रहे हैं। एक तरफ दुनिया जलवायु परिवर्तन से जूझ रही है, तो दूसरी ओर संवेदनशील क्षेत्रों में प्रकृति से छेड़छाड़ किए जाने के कारण पर्यावरणीय विध्वंस बढ़ रहा है।

## कविता

जल ही जीवन का सार है'

पानी की एक-एक बूंद बचाएं।

जीवन में है पानी की

बड़ी सार्थकता ।

जल एक परम आवश्यकता ।

व्यक्तित्व में पानी होना चाहिए,

पर पानी पानी नहीं होना चाहिए,

पानी है तो सब कुछ है आब,

नहीं तो समझो सब कुछ ख्वाब।

पुरुष के चेहरे का रुआब पानी है,

नारी के चेहरे की लज्जा पानी ही है,

शरीर मे भी तो मिट्टी

और अधिकांश पानी है

संजीव

## बोर्ड परीक्षा में नकल पर 'नायाब' सख्ती

सुशील कुमार

**हरियाणा में इन दिनों** 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं जारी हैं। परीक्षा के पहले ही दिन से नकल रूपी दानव ने अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया है। सहयोगी बनने वालों की कोई कमी नहीं। जिसे देखो वहीं चार किताब काख में डाल परीक्षा केंद्रों के बाहर मंडरा रहे हैं। बोर्ड एग्जाम के पहले ही दिन से प्रश्न पत्र बाहर पहुंच रहे हैं। दसवीं बोर्ड की गणित विषय की परीक्षा ने इस बार ऐसी किरकरी कराई है कि खुद मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी को मोर्चा संभालना पड़ा है। कार्रवाई भी ऐसी हुई है कि दूसरे राज्यों के लिए भी यह उदाहरण बनेगी। बड़े-बड़े अधिकारियों को लपेट दिया गया है। डीसी-एसपी सब दौड़े फिर रहे हैं। हुआ यूं कि परीक्षा शुरू होने के थोड़ी ही देर बाद तीन जगह परीक्षा केंद्र से पेपर बाहर आ गया। जगह-जगह पेपर हल कर परीक्षा केंद्र में खिड़की और छतों से परीक्षार्थियों तक पर्चियां पहुंचाती देखी गई। यहां तक कई जगह पुलिस और अध्यापकों की मौजूदगी में भी पर्चियां को भिजवाना देखा गया। मीडिया में मामला उछला तो सरकार और प्रशासन की खूब किरकरी हुई। मामले की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मुख्यमंत्री को इस मामले में तुरंत प्रभाव से लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश जारी करने पड़े। इस मामले में अब तक 4 पुलिस उप अधीक्षक, 3 थाना प्रभारी समेत 25 पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को सस्पेंड किया गया है। इसके अलावा चार राजकीय और एक निजी स्कूल के परीक्षा निरीक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। यहीं नहीं चार परीक्षा निरीक्षकों और इन केंद्रों के समस्त परीक्षा स्टाफ को भी निलंबित कर दिया गया। इसके अलावा 8 परीक्षार्थियों और 4 अन्य के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज करवाया गया है। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के डीसी और एसपी को भी यह सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं कि धारा-163 की पालना सुनिश्चित हो। परीक्षा केंद्र के 500 मीटर के दायरे में कोई व्यक्ति अनाधिकृत प्रवेश करता पाया गया तो पुलिस की जिम्मेदारी होगी। साथ ही पेपर आउट व नकल की शिकायत आती है तो जिला प्रशासन जिम्मेदार होगा। एसपी को निर्देश दिए हैं कि बोर्ड परीक्षा के दिन परीक्षा केंद्र की सुरक्षा चाकचौबंद होनी चाहिए। सीएम के निर्देश मिलते ही पुलिस और प्रशासन पूर्ण रूप से सक्रिय हो गया है। सोमवार की परीक्षा में आला अधिकारी खुद मोर्चा संभालते दिखे। प्रदेश सरकार ने अब यह भी फैसला लिया है कि परीक्षाओं में जहां इस बार बाहरी हस्तक्षेप है या नकल के मामले सामने आएंगे, वहां भविष्य में परीक्षा केंद्र ही नहीं बनाया जाएगा। शिक्षा निदेशालय ने भी पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि जिस दिन बोर्ड की परीक्षा हो, उस दिन नॉन वर्किंग-डे घोषित किया जाए। जिन कर्मचारियों की डयूटी परीक्षा में लगी है, वहीं आयेंगे। शिक्षा बोर्ड ने 588 केंद्रों पर पूर्ण समय के लिए ऑब्जर्वरों की नियुक्ति की गई है।

## विचार

# पर्यावरण की रक्षा के लिए परमाणु ऊर्जा के बहिष्कार की आवश्यकता

राजकुमार सिन्हा

**परमाणु ऊर्जा न** तो सुरक्षित है, न सतत, और न ही आर्थिक रूप से व्यावहारिक। इसके पर्यावरणीय, सामाजिक और मानवीय नुकसान इसके कथित लाभों से कहीं अधिक हैं। परमाणु ऊर्जा को आगे बढ़ाने की एक खतरनाक नीति है, जो जनसुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता की पूरी तरह अनदेखी करती है। वैसे तो परमाणु ऊर्जा को स्वच्छ ऊर्जा के रूप में प्रचारित किया जाता है, लेकिन यह विकिरणीय कचरा, उच्च लागत और विनाशकारी दुर्घटनाओं के खतरे के साथ आती है। जन आंदोलनों के राष्ट्रीय समन्वय (एनएपीएम) के हैदराबाद राष्ट्रीय अधिवेशन में नेशनल अलायंस फॉर क्लाइमेट एंड इकोलॉजिकल जस्टिस,नेशनल अलायंस ऑफ एंटी-न्यूक्लियर मूवमेंट्स और चुटका परमाणु विरोधी संघर्ष समिति ने परमाणु ऊर्जा के बढ़ते उपयोग पर चिंता जताई। चुटका परमाणु विरोधी संघर्ष समिति के अध्यक्ष दादु लाल कुडापे एवं बरगी बांध विस्थापित मत्स्य संघ के अध्यक्ष मुन्ना बर्मन ने संयुक्त रूप से परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के विरोध में प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव में परमाणु ऊर्जा के विस्तार की हालिया नीतियों का कड़ा विरोध किया गया। प्रस्ताव में कहा गया है कि परमाणु ऊर्जा न तो सुरक्षित है, न सतत, और न ही आर्थिक रूप से व्यावहारिक। इसके पर्यावरणीय, सामाजिक और मानवीय नुकसान इसके कथित लाभों से कहीं अधिक हैं। एनटीपीसी (नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन) और एनपीसीआईएल (न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड) के बीच ?80,000 करोड़ के निवेश का समझौता, परमाणु ऊर्जा को आगे बढ़ाने की एक खतरनाक नीति है, जो जनसुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता की पूरी तरह अनदेखी करती है। चुटका परमाणु संयंत्र और नीमच, देवास, सिवनी और शिवपुरी जिलों में प्रस्तावित संयंत्र स्थानीय समुदायों के विस्थापन, विकिरण (रेडिएशन) के खतरे और दीर्घकालिक पारिस्थितिकीय विनाश का कारण बनेंगे।

चुटका क्षेत्र में 2009 से आदिवासी समुदाय इस परियोजना का विरोध कर रहे हैं, जहां भूमि का जबरन अधिग्रहण किया गया और उचित मुआवजा भी नहीं दिया गया। इस परियोजना से मछुआरे, किसान और स्थानीय आदिवासी समुदायों की आजीविका बुरी तरह प्रभावित होगी। इसके बावजूद चुटका परमाणु परियोजना को आगे बढ़ाया जा रहा है।

परमाणु संयंत्रों के लिए आदिवासी, किसान और मछुआरों को उनकी भूमि से बेदखल किया जाना उनके अधिकारों का उल्लंघन है और इससे उनकी आजीविका छिन रही है। इसके अलावा, सरकार द्वारा फ्रांस की ईडीएफ, रूस की रोसटॉम और अमेरिका की वैस्टींगहाउस इलेक्ट्रिक कार्पोरेशन जैसी विदेशी परमाणु कंपनियों पर निर्भरता देश की संप्रभुता और सार्वजनिक जवाबदेही को भी संकट में डालती है।

परमाणु ऊर्जा को ह्लस्वच्छ ऊर्जाह्व के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, लेकिन यह विकिरणीय कचरा, उच्च लागत और विनाशकारी दुर्घटनाओं के खतरे के साथ आती है। वैश्विक अनुभव से यह स्पष्ट हुआ है कि सौर, पवन और छोटी विकेन्द्रित जलविद्युत ऊर्जा अधिक सुरक्षित और सतत समाधान हैं।प्रस्ताव में परमाणु ऊर्जा को एक ऊर्जा समाधान के रूप में अस्वीकार करते हुए नए परमाणु ऊर्जा संयंत्रों पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए कहा गया है कि सरकार को विकेन्द्रित, नवीकरणीय (रिन्यूएबल) ऊर्जा स्रोतों में निवेश को प्राथमिकता देनी चाहिए ताकि ऊर्जा नीति पर्यावरणीय न्याय और समुदायों की संप्रभुता के सिद्धांतों के अनुरूप हो। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि एनएपीएम परमाणु ऊर्जा के आर्थिक, पर्यावरणीय और मानवीय लागतों को उजागर करने और सतत और लोकतांत्रिक ऊर्जा प्रणालियों की ओर न्यायसंगत परिवर्तन की वकालत करने के लिए प्रतिबद्ध है। परमाणु ऊर्जा विस्तार को तुरंत रोका जाना चाहिए, इससे पहले कि यह अपरिवर्तनीय पर्यावरणीय और मानवीय तबाही को जन्म दे।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**

**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**

**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**

ई-मेल : actionindianews@gmail.com



***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# अपनी कला के जरिये संस्कृति को बचाने की कोशिश में लगे मास्टर छोटूराम।

-डॉ. सत्यवान सौरभ

**प्राचीन समय** से ही इंसान का विभिन्न कलाओं के प्रति अटूट रिश्ता रहा है। कभी कलाकारों के फन ने तो कभी कलाओं के मुरीद लोगों ने इस जमाने में नए-नए रंग बिखेरे है। ये माना जाता है कि आत्मा की तरह कला अजर-अमर है, ये एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित होती है और नया रूप लेती है। आज कला के रूप बदरंग हो गए है। कलाकार अपने उद्देश्यों से भटक गए है और पैसों के पीछे दौड़ पड़े है जो एक तरह कला को बेचने जैसा है। आज कला के नाम पर परोसी जा रही अश्लीलता समाज को लील रही है। मगर इन सबके बीच आज भी देश में कुछ ऐसे कलाकार है जो भारत की प्राचीन सभ्यता को नए रंग देकर उन आदर्श और मूल्यों को बचाने की कोशिश में लगे है। जी हाँ, उनमे से एक है हरियाणा के भिवानी जिले के कस्बे सिवानी के गाँव बड़वा की माटी में जन्मे मास्टर छोटूराम। किसान परिवार में जन्मे मास्टर छोटूराम का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। इनके पिता स्वर्गीय रिछपाल गैदर एक किसान थे जिनसे इनको संघर्ष करने और धैर्य रख आगे बढ़ने की सीख मिली। छोटी उम्र में पिता का साया उठने के बाद भी ये अपनी पढाई को जारी रखते हुए शिक्षा और कला के क्षेत्र में आगे बढ़ते गए। पिछले चार-पांच दशकों से मास्टर छोटूराम अपने लिखे गीतों के जरिये समाज को भारत की प्राचीन संस्कृति से जोड़ने का अतुल्य प्रयास कर रहे है। पेशे से सरकारी अध्यापक मास्टर छोटूराम एक आशु कवि और हरियाणवी-हिंदी के जाने माने गायक है। देश भर में हजारों स्टेज कार्यक्रम दे चुके मास्टर छोटूराम हमारे देश के वीर-शहीदों; शहीद भगतसिंह, सुभाष चद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री, शहीद उद्यम सिंह के साथ-साथ अन्य सपूतों की जीवनी को जब अपने गीतों और किस्सों के माध्यम से स्टेज पर प्रस्तुत करते है तो देशभक्ति की रसधार बहने लगती है। लोगों को आज के अश्लील दौर में एक सभ्य और जीवन मूल्यों से भरे गीतों को सुनंने का सुनहरा अवसर मिलता है।

## सरकारी दफ्तर की गहरी चाय

डॉ. सुरेश कुमार

**सुबह** के नौ बजे थे। सरकारी दफ्तर में हलचल शुरू हो चुकी थी, या कहें कि आलस्य ने अंगड़ाई ले ली थी। बाबूजी अपनी कुर्सी पर ऐसे विराजमान थे जैसे सम्राट अपने सिंहासन पर। पान चबाते हुए उन्होंने घड़ी पर नजर डाली और निश्चिंत होकर एक लंबी अंगड़ाई ली। "साहब अभी नहीं आए हैं, आप थोड़ी देर प्रतीक्षा करें," यह संवाद सरकारी कार्यालयों की शाश्वत आत्मा है। फाइलों की मोटाई देखकर अनुमान लगाया जा सकता था कि वे वर्षों से सो रही हैं और आज भी उठने के मूड में नहीं हैं। बाहर बैठे रामलाल जी, जो पिछले तीन सालों से अपनी पेंशन के लिए चक्कर काट रहे थे, खंखार कर बोले, "बेटा, एक चाय तो पिला दो, तब तक सरकार जाग जाए।"

सरकारी दफ्तरों में चाय महज एक पेय नहीं, बल्कि एक प्रक्रिया है। यह निर्णय लेने, टालने, और फाइलें दबाने का प्रमुख अनुष्ठान है। चाय वाले गुप्ता जी की दुकान पर सजीव बहस चल रही थी– "देश बदल रहा है!" "लेकिन बाबूजी नहीं बदल रहे!" चाय का कप उठाते ही बहस और तीखी हो जाती, जैसे इसमें अदरक के साथ-साथ क्रांति भी पड़ी हो। उधर अंदर, बाबूजी की टेबल पर एक अर्जी धरी थी, जिस पर धूल इतनी मोटी थी कि अगर उसे झाड़ दिया जाए तो उसमें से इतिहास की धारा निकल आए।

"सर, यह फाइल चार महीने से पड़ी है।" क्लर्क ने साहब से कहा। साहब ने अपनी मूंछों पर ताव देते हुए उत्तर दिया, "इतिहास बनते समय जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। लोकतंत्र में हर चीज अपनी गति से चलती है, बस यह मत पूछो कि किसकी गति से।" पीछे खड़े चपरासी ने धीरे से कान में कहा, "सर, फाइल के साथ मिठाई भी आई है।" साहब ने चश्मा ऊपर किया और बोले, "अब समझ आया कि यह फाइल इतनी तेजी से क्यों दौड़ रही है!" रामलाल जी की उम्मीदें सरकारी मशीनरी से भिड़ रही थीं। वह बोले, "बेटा, मैं तीन साल से इस पेंशन के लिए चक्कर काट रहा हूँ। मेरी उम्र अब दौड़ने की नहीं रही।" बाबूजी ने दार्शनिक अंदाज में कहा, "संयम रखिए काका, पेंशन मिलनी तय है, लेकिन कौन-सी पीढ़ी को मिलेगी, यह कहना मुश्किल है।" फिर अचानक मुस्कुराए, "चलिए, चाय पीते हैं, सोचते हैं।"

## न्यूज फ्लैश

### चुनाव में ड्यूटी देने वाले अधिकारी और कर्मचारी ड्यूटी कटवाने के लिए ना काटें दफ्तरों के चक्कर-डीसी

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने मंगलवार को जिला सचिवालय के सभागार में निगम चुनाव की पर्यवेक्षक मनीता मलिक की उपस्थिति में सभी मतदान केंद्रों व ईवीएम मशीनों की संख्या का रेंडमाइजेशन करवाया और सख्त हिदायत दी कि चुनाव ड्यूटी में लगे किसी भी अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी नहीं काटी जाएगी। इस मौके पर निगम चुनाव लड? वाले विभिन्न उम्मीदवार और उनके प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी तल्लीनता के साथ चुनाव ड्यूटी का निर्वहन करें। अगर कोई अधिकारी और कर्मचारी ड्यूटी करने में कोताही बरतता है और किसी भी प्रशिक्षण में भाग नहीं ले रहा है तो उसके विरुद्ध हैं नियम अनुसार कार्यवाही भी की जाएगी। इस मौके पर रिर्टनिंग अधिकारी एवं एसडीएम ब्रहम प्रकाश भी मौजूद रहे।

### सर्वसम्मति से बने 2 पार्षदों को आरओ एवं डीएमसी सतेन्द्र सिवाच ने दिया प्रमाण पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : नगरपरिषद** थानेसर आम चुनाव 2025 के तहत थानेसर के वार्ड नंबर 7 और वार्ड नंबर 32 में 2 पार्षदों को सर्वसम्मति से चुना गया है। इन दोनों पार्षदों को रिटनिंग अधिकारी एवं डीएमसी सतेन्द्र सिवाच ने नियमानुसार प्रमाण पत्र सौंपा है। थानेसर नगर परिषद के रिटनिंग अधिकारी एवं जिला नगर आयुक्त सतेन्द्र सिवाच ने मंगलवार को नए लघु सचिवालय डीएमसी कार्यालय में वार्ड 7 से सर्वसम्मति से चुनी पार्षद निशा रानी व वार्ड 32 से सर्व सम्मति से बने सुधीर कुमार चुघ को प्रमाण पत्र दिया है। इसके अलावा रिटनिंग अधिकारी ने नियमानुसार तमाम औपचारिकताओं को भी पूरा करवाया है। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने सर्वसम्मति से बने पार्षद निशा रानी व सुधीर कुमार चुघ को बधाई व शुभकामनाएं दी है। इस मौके पर समाजसेवी टोनी मदान आदि उपस्थित थे।

### विधायक देवेंद्र कादियान ने जनता दरबार में सुनीं समस्याएं, समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए



**गन्नौर। विधायक देवेंद्र** कादियान ने सोमवार को अपने कार्यालय में जनता दरबार लगाया। क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं। समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। सनपेड़ा गांव के सरपंच प्रमोद ढाका ने गन्नौर जीटी रोड से उनके गांव सनपेड़ा को जाने वाले सड़क का निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की। जिस पर विधायक ने सड़क एवं भवन निर्माण विभाग के एसडीओ को शीघ्र सड़क का निर्माण कार्य पूरा करने के आदेश दिए । शहर वार्ड 14 के रजनीश सिंह ने बताया कि उनके मोहल्ले में तीन महीने से गंदा पानी आ रहा है। जल विभाग में कई बार शिकायत की, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हुआ। पीने के लिए पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। कपड़े धोने के लिए दूसरे मोहल्ले से पानी लाना पड़ता है। विधायक ने पब्लिक हेल्थ विभाग के जेई को फोन कर तुरंत समाधान करने और स्वच्छ जल की वीडियो भेजने को कहा। जेई ने भरोसा दिया कि मंगलवार तक समस्या हल कर दी जाएगी। टेहा गांव के पात्र लोगों ने पंचायती प्लॉट 50 से 100 वर्ग गज देने की मांग की। उद्देशीपुर गांव की 50 महिलाओं ने मनरेगा में काम दिलाने की गुहार लगाई। विधायक ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि महिलाओं को काम दिलाया जाए। विधायक ने कहा कि हर सोमवार जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनते हैं। अधिकतर समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाता है।

# एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में युवा संसद का होगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**





**एसडी पीजी कॉलेज** पानीपत को राष्ट्रीय सेवा योजना और नेहरु युवा केंद्र भारत सरकार द्वारा प्रायोजित विकसित भारत युवा संसद 2025 को आयोजित करने का गौरवपूर्ण दायित्व मिला है । यह जानकारी प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए दी । उनके साथ डॉ नवीन गोयल, प्रो प्रवीण खेरडे. डॉ संतोष कुमारी और डॉ राकेश गर्ग मौजूद रहे । इस संसद का आयोजन देश भर के 256 जिलों में होगा और हरियाणा में इसका 8 जिलों में आयोजन होगा जिसमें से पानीपत और सोनीपत जिलों की जिम्मेदारी सनातन धर्म कॉलेज को मिली है । जिला स्तरीय युवा संसद 2025 का थीम ह्यएक राष्ट्र एक चुनाव विकसित भारत के लिए मार्ग प्रशस्त करेगाह्व है । युवा संसद में पानीपत और सोनीपत जिले 18 से 25 वर्ष की आयु का कोई भी प्रतिभागी भाग ले सकता है । इच्छुक प्रतिभागियों को आधिकारिक वेबसाइट पर या या क्यूआर कोड को स्कैन करके पंजीकरण करना होगा । यह पंजीकरण 27 फरवरी से 9 मार्च तक खुला है । युवा संसद विभिन्न सत्रों में आयोजित होगी जिसमें प्रतिभागी असली संसदीय प्रक्रिया का अनुभव करेंगे । उन्हें चर्चा के लिए विषयों की सूची पहले से प्रदान की जाएगी । प्रतिभागियों को एक निश्चित विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करने होंगे और अन्य प्रतिभागियों से तर्क-वितर्क करना होगा । सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतियों का मूल्यांकन एक निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा । प्रतिभागियों को सभ्य भाषा का उपयोग करना होगा और दूसरों के विचारों का सम्मान करना होगा । किसी भी प्रकार के व्यक्तिगत हमले, अनुचित भाषा या अशोभनीय व्यवहार की अनुमति नहीं होगी । सभी प्रतिभागियों को आयोजकों द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करना होगा । प्रतिभागियों को सामग्री की गुणवत्ता, प्रस्तुति कौशल, तर्क क्षमता और समस्या समाधान कौशल जैसे मापदंडों पर आँका जाएगा।
जिला स्तर पर 150 प्रतिभागी चयनित किये जायेंगे जिसके 10 विजेताओं को राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए भेजा जायेगा । फिर राज्य के 3 टॉप विजेता राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का हिस्सा बनेंगे । विजेताओं को प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार दिए जाएंगे । किसी भी जानकारी के लिए इच्छुक प्रतिभागी डॉ राकेश गर्ग से 7015265108 मोबाइल नंबर पर या कॉलेज की वेब साईट पर सम्पर्क कर सकता है।

## एन.एस.एस. यूटीडी इकाई तीन द्वारा सफाई अभियान आयोजित





**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) यूटीडी इकाई तीन ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रोज गार्डन में सफाई अभियान का आयोजन किया। यह अभियान विश्वविद्यालय के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर एनएसएस यूनिट तीन की कार्यक्रम अधिकारी डॉ निधि माथुर ने कहा कि सफाई अभियान हमारे समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह न केवल हमारे आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाता है, बल्कि हमें स्वस्थ जीवनशैली की ओर भी प्रेरित करता है। एनएसएस के स्वयंसेवकों ने इस सफाई अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने रोज गार्डन की सफाई की और लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने यह संदेश दिया कि हमें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाने के लिए नियमित रूप से सफाई अभियान चलाने चाहिए। इस अभियान में डॉ. निधि माथुर और सभी एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे ।

### परीक्षा केंद्र में नहीं हुआ बाहरी हस्तक्षेप

**गन्नौर । बोर्ड की** 10वीं की अंग्रेजी विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में हुई। सभी परीक्षा केंद्रो पर पुलिस कर्मी मुस्तैद दिखाई दिए। जिस वजह से किसी भी परीक्षा केंद्र पर बाहरी हस्तक्षेप नहीं हो सका। वहीं एसडीएम प्रवेश कादियान व एसीपी मलकीत सिंह ने भी परीक्षा केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जांचा और अधिकारियों व कर्मचारी को सख्त निर्देश दिए। एसडीएम ने चेताया कि परीक्षा के दौरान अगर कही बाहरी हस्तक्षेप मिलता है तो उसके लिए पुलिस कर्मी जिम्मेदार होंगे और परीक्षा केंद्र के अंदर कोई नकल करते पाया व नकल मिले तो ड्यूटी स्टाफ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बेटी की हत्या करने का आरपी पिता गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : जिला पुलिस** ने बेटी की हत्या मामले में आरोपी पिता को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के मार्ग-निर्देश में थाना सदर थानेसर पुलिस की टीम ने हत्या मामले की गुत्थी सुलझाते हुए बेटी की हत्या करने के आरोप में ललित महतों वासी खेडी मारकंडा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 2 मार्च 25 को थाना सदर थानेसर पुलिस को दी अपनी शिकायत में खेडी मारकंडा वासी महिला ने बताया कि दिनांक 1 मार्च 25 को उसकी 7 साल की बेटी स्कूल गई थी । उसके पिता आधार कार्ड बनवाने के बहाने से स्कूल से उसकी बेटी को लेकर आया था । शाम के समय जब लडकी घर नही आई तो उसने अपने पति से पूछा तो उसने बताया कि वह लडकी को सिन्धु बॉर्डर दिल्ली में किसी रिश्तेदार के पास छोड़कर आया है। उसके बताये अनुसार जब वह अपनी बेटी को लेने के लिए दिल्ली गई तो आईएसबीटी बस स्टैंड पर उसका पति उसको छोड़कर भाग गया। जिसकी शिकायत पर थाना सदर थानेसर में गुशुदगी का मामला दर्ज करके जांच की गई । दिनांक 3 मार्च 25 को थाना सदर थानेसर प्रभारी निरीक्षक बलजीत सिंह के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक परमजीत सिंह व हवलदार कर्मबीर सिंह की टीम ने बेटी की हत्या करने के आरोप में ललित महतों वासी खेडी मारकंडा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

**सफलता**

▶▶ हत्या करने के आरोप में ललित महतों वासी खेडी मारकंडा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की

### नगर निगम चुनाव 9 मार्च को होंगे

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) नगर निगम चुनाव 9 मार्च** को होंगे ।12 मार्च को परिणाम भी आ जाएंगे । चनावी प्रचार अपनी चरम सीमा पर है इसी कड़ी में मेयर प्रत्याशी कोमल सैनी ने मंगलवार को वार्ड 19 में भाजपा पार्षद पद प्रत्याशी कुलदीप स्वामी के साथ एक चुनावी जन सभा को संबोधित किया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश भारद्वाज ने की। जन सभा को संबोधित करते हुए मेयर पद की भाजपा प्रत्याशी कोमल सैनी ने कहा कि पानीपत एक ऐतिहासिक,औद्योगिक तथा व्यवसायिक नगर है ।जिससे देखने तथा व्यापार करने लाखों पर्यटक तथा बायर्स यहां आते है ।इसलिए इस शहर को विकास के मामले में उच्च प्रार्थमिकता दी जाएगी ।और भाजपा के संकल्प पत्र ने शहर के विकास के जो जो संकल्प किए गए है उन्हें समय पर पूरा करवाने के लिए कुशल वित्तीय प्रबंधन किया जाएगा ।और शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के सभी प्रयास किए जाएंगे ।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को जहां विकसित राष्ट्र बनाने के सभी प्रयास कर रहे है वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत का कद बढ़ रहा है ।भारत सरकार ने केन्द्रीय बजट में 12 लाख की वार्षिक आय को कर मुक्त करके एक ऐतिहासिक कार्य किया गया ।बजट में हरियाणा भी विशेष ख्याल रखा गया है।

## क्षेत्र की तस्वीर व लोगों की तकदीर बदलेंगे समाधान शिविर: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**



**हरियाणा के मुख्यमंत्री** नायब सिंह ने प्रदेश में विकास की नई गाथा लिखने के जोरदार प्रयास किये हैं। स्थिति यह है कि प्रदेश के हर कोने में विकास का पहियां समांतर रूप से घुम रहा है। सरकार की दुगामी सोच ने लोगों के लिए विकास के नये आयाम स्थापित किये हैं। कम समय में मुख्यमंत्री ने आम जन मानस के दुख दर्द को समझ कर उनका निदान करने में लगे हैं। प्रदेश भर में जनता समाधान शिविर प्रारंभ करके लोगों का मन जीता है व उनकी मांग के अनुरूप कार्य कर-के प्रदेश को विकास के पथ पर आगे ले जाने का कार्य किया है। उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने जिला सचिवालय स्थित सभागार में मंगलवार को जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि सकारात्मक ऊर्जा और संतुलित चेतना से असंभव कार्य भी संभव हो जाता है। अधिकारियों की मेहनत से क्षेत्र की जहां तस्वीर बदलेगी वहीं जरूरत मंद लोगों की तकदीर बदलेगी। अब यह अधिकारियों पर निर्भर करता है। उनकी सोच किस दिशा में जाती है। इस पर अधिकारियों को गंभीरतापूर्व ध्यान देना होगा। उपायुक्त ने कहा कि यह जनता समाधान शिविर उन लोगों के लिए खुबसुरत जगह है जो लोग अपनी समस्या लेकर यहां आते हैं। यह जगह इसलिए भी खुबसुरत हैं क्योंकि यहां लोगों की समस्याओं का निश्चित समय अवधि में समाधान होता है। उपायुक्त ने कहा कि लोगों की समस्याएं तब कम होंगी जब हम उनकी उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। उपायुक्त ने कहा कि आम जन की समस्याओं का समाधान करना हमारी गारंटी है। अधिकारियों को समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं को लक्ष्य मान कर इसे एक नई पहचान देनी है क्योंकि जब लक्ष्य मजबूत होगा तो लक्षण अपने आप ही आ जायेंगे।

## अवैध खनन को रोकने के लिए प्रशासन करेगा कार्यवाही

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**



**उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र** कुमार दहिया ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अवैध खनन को रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह से सजग है और जिला में अवैध खनन करने और करवाने वाले दोनों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिला की टास्क फोर्स के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अवैध खनन को रोकने के लिए रात्रि के समय में गस्त करें। उन्होंने कहा कि जहां जहां अवैध खनन की संभावना है उन पर और चौकसी बरतनी होगी। उन्होंने कहा कि बापौली-सनौली क्षेत्र में और अधिक चौकसी बरतने की आवश्यकता है। अधिकारी इन क्षेत्रों में चौक्कना रह कर कार्य करें। जहां पर ज्यादा अंधेरा रहता है उस जगह को चयनित कर वहां पर और चौकसी बढ़ाये। एक टीम गठित करके इस कार्य को अंजाम दे। डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि अवैध खनन को रोकने के लिए और तेजी से कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन को लेकर शिंकजा कसना होगा। उन्होंने कहा कि गांव में भी जहां-जहां से अवैध खनन की सूचना मिलती है उस पर तुरन्त प्रभाव से कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि संयुक्त टीमे बनाकर इन गतिविधियों पर नजर रखें। जिला खनन अधिकारी निरंजन कुमार ने बताया कि महानिदेशक खान एवं भू गर्भ विभाग के.एम.पाण्डुरंग के निर्देश पर जिला में अवैध खनन को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। उसी के दृष्टिगत गांव बराना में खनन की शिकायत को लेकर पुलिस टीम के साथ मिलकर निरीक्षण किया गया जहां पर पाया गया कि विभागीय अनुमति के अनुसार अनुमति लेकर मिट्द्टी की खुदाई का कार्य किया जा रहा है।

**कार्यवाही**

▶▶ जिला में अवैध खनन करने और करवाने वाले दोनों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी

## हुडदंगबाजी करने वाले मनचलों की खैर नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : जिला में महिलाओं** और युवतियों पर फब्ती कसना या किसी प्रकार की छेड़छाड़ करना मनचलों को मंहगा पड़ सकता है। सार्वजानिक स्थानों पर महिलाओं और युवतियों पर फब्ती कसना युवाओं को सलाखों के पीछे भेज सकता है। इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने आदेश जारी किये हैं। पुलिस अधीक्षक ने सार्वजानिक स्थानों, महिला कॉलेज/स्कूलों के आसपास गस्त बढ़ाने के आदेश जारी किये हैं। जिला पुलिस द्वारा ऐसे स्थानों को चिन्हित किया गया है जहां पर महिलाओं और युवतियों के साथ फब्ती कसने या छेड़छाड़ करने की शिकायतें मिली हैं। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने सार्वजानिक स्थानों, महिला कॉलेज/स्कूलों के आसपास गस्त बढ़ाने के आदेश जारी किये हैं। अपने आदेश में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महिलाओं सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकताओं में एक है तथा महिलाओं की सुरक्षा करना तथा महिलाओं को सुरक्षित महसूस करवाना पुलिस का कर्तव्य है। सार्वजानिक स्थानों, महिला कॉलेज/स्कूलों के आसपास महिलाओं और युवतियों पर फब्ती कसने तथा छेड़छाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा। आदेशों की पालना करते हुए मंगलवार को महिला थाना प्रभारी निरीक्षक कुलबीर कौर की टीम ने दुर्गा शक्ति टीम के साथ मिलकर शहर के चिन्हित हॉट स्पॉट स्थानों का दौरा किया । इस दौरान महिला टीम ने कॉलेज/स्कूलों के आसपास खड़े करीब 14 लडकों से पूछताछ की। बाद में महिला टीम ने लडकों के परिवारजनों से बात करवाकर उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया । पुलिस टीम ने कॉलेज/स्कूलों के आसपास चाय वगैरा की दुकान करने वाले दुकानदारों को भी चेतावनी दी कि अपने पास बेवजह लडकों का ना बैठने दे । पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा जिससे कि कॉलेज/स्कूलों के आसपास मनचलों पर नजर रखी जा सके ।

## दिव्या ने काव्य पाठ प्रतियोगिता में जीता प्रथम पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत- ( कमाल हुसैन )**



**आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय** में हिंदी विभाग के उपक्रम हिंदी साहित्य परिषद के विद्यार्थियों द्वारा मारकण्डा नेशनल कॉलेज शाहबाद में प्रो. राजेश्वर प्रसाद 'शोख' की याद में राज्यस्तरीय काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के रूप में अपनी शानदार प्रस्तुति प्रदान की। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत हिंदी, अंग्रेजी, पंजाबी, उर्दू भाषाओं में काव्य पाठ का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी भूमिका निभाई । काव्य पाठ प्रतियोगिता के अंतर्गत आर्य कॉलेज के तीन विद्यार्थियों ने अलग-अलग भाषाओं में अपने काव्य की प्रस्तुति दी। प्रसन्नता एवं गर्व का विषय यह है कि तीनों ही विद्यार्थी विजेता बने । जिसमें दिव्या, बी.ए.तृतीय वर्ष से अंग्रेजी काव्य में प्रथम स्थान पर, खुशबू, बी.ए.तृतीय वर्ष से हिंदी काव्य में तृतीय स्थान पर और स्नेहा,बी.ए.तृतीय वर्ष से पंजाबी काव्य में तृतीय स्थान पर रही । दिव्या ने अंग्रेजी भाषा में 'नारी सशक्तिकरण' विषय पर नारी के सम्मान, न्याय और सामाजिक समानता के प्रसंगों को विस्तार सहित अपने काव्य में प्रस्तुत किया। खुशबू ने हिन्दी भाषा में 'मदार्नी लक्ष्मी बाई की वीरता और बलिदान की कथा' को काव्य के माध्यम से अपने ओज गुणों से युक्त विचार रखे ,वहीं स्नेहा ने पंजाबी भाषा में 'बेटी होती है घर की नींव' विषय पर समाज और परिवार में बेटी के मान सम्मान व स्नेह के बिंदुओं को काव्य के रूप में सभी के समक्ष रखा और बताया कि एक बेटी को बेटा कहा जा सकता है लेकिन एक बेटे को बेटी कह कर नहीं पुकारा जा सकता । समाज में बेटियों के प्रति आदर भाव व सम्मान को बढ़ावा देना चाहिए । सभी प्रस्तुतियों पर प्रतिभागियों ने खूब तालियां एवं सराहना एकत्रित की। इन प्रतिभावान विद्यार्थियों को विशिष्ट अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। विजेता विद्यार्थियों ने अपने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता से शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्राप्त किया । प्राचार्य ने होनहार विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी अपने महाविद्यालय का नाम तो रोशन कर ही रहे हैं।
साथ ही भविष्य में अपने जीवन को उज्ज्वल एवं सफल भी बना रहे हैं। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए अग्रिम शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर परिषद संयोजक प्रा. विजय सिंह, डॉ. शालिनी, प्रा. गोपाल और प्रा. कविता हिंदी विभाग से उपस्थित रहे ।

## अवैध रूप से चलने वाले इंटरनेट/टेलीकॉम /केबल सर्विस के विरुद्ध दर्ज होगी एफआईआर

**टीम एक्शन इंडिया**



**पानीपत, (कमान हुसैन ) डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार** दहिया की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय केबल निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिला में संचालित होने वाले सभी इंटरनेट/ टेलीकॉम/ केबल सर्विस ऑपरेटर की जानकारी जुटाएं। यही नहीं जिला में केबल/ इंटरनेट/ टेलीकॉम सर्विस ऑपरेटर सरकारी पोल और खंबो का प्रयोग अपनी सेवाओं के लिए कर रहे हैं,जो कि गलत है। डीसी ने इन ऑपरेटर द्वारा ली गई अनुमति बारे भी रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने नगराधीश ( सिटी मजिस्ट्रेट )को नोडल अधिकारी भी नियुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला में कोई भी अवैध रूप से इंटरनेट/ टेलीकॉम/ केबल सर्विस ऑपरेटर नहीं चलने दिया जाएगा और उसके लिए उन्हें अनुमति लेनी जरूरी होगी। उन्होंने कहा कि यह लोग वार्षिक शुल्क भी जमा नहीं कर रहे हैं जिससे सरकार को वित्तीय हानि हो रही है। बैठक में सदस्य सचिव जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुनील कुमार बस्ताडा, सचिव रेड क्रॉस गौरव रामकरण, जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी, राजकीय महाविद्यालय मतलौडा के प्राचार्य के प्रतिनिधि के तौर पर सहायक प्रोफेसर डॉक्टर रेखा, डीडी न्यूज के संवाददाता विनोद मोरवाल, एआईपीआरओ दीपक पाराशर इत्यादि उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### पांच साल की बच्ची को तेज रफ्तार ट्राला ने चपेट में लिया मौत

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र के गांव नाथूपुर मार्केट में सब्जी लेने आए परिजनों संग आई पांच साल की बच्ची को ट्राला ने अपने चपेट में ले लिया। हादसे में घायल हुई बच्ची को उपचार के लिए दिल्ली के अस्पताल में लेकर जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में ट्राला चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोरोकला हरदोई हाल में गांव नाथपुर निवासी सुधीर ने बताया कि वह रविवार देर शाम नाथूपुर मार्केट में सब्जी लेने परिवार के सदस्यों के साथ आया था। उसके साथ उसका भाई हरिपाल, पत्नी सुमी देवी, बेटा शिवा व बेटी गुड़िया (5) भी थी। वह मार्केट में एक चूडि?ों की दुकान के सामने खड़े थे। तभी सबौली गांव की तरफ से आए ट्राला चालक ने उनकी बेटी गुडि?ां को चपेट में ले लिया। हादसे में उनकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। वह अपनी बेटी को तुरंत दिल्ली के नरेला स्थित सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी बेटी की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दिल्ली के जहांगीरपुरी स्थित बाबू जगजीवनदास अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। जांच अधिकारी एसआई दीपक कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से ट्राला चालक की तलाश कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### बिजली की तार चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: राई** थाना सोनीपत पुलिस टीम ने बिजली की तार चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मुन्ना निवासी मोतीपुर, बिहार हालत में दुर्गा कॉलोनी बढ़मलिक सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सिपाही प्रीतम ने बताया कि गत दो मार्च को उनकी टीम बढ़ मलिक मोड पर मौजूद थी। उसी दौरान एक युवक जोकि रामनगर बढ़ मलिक के शमशान घाट के पास बिजली की वायर से तार निकालकर नीले प्लास्टिक कट्टे मे डालकर केएमपी फ्लाईओवर से होता हुआ आ रहा है। टीम ने उसे काबू कर लिया। उसके पास से चोरी की तारें मिली। जिसे वह बेचने के लिए जा रहा था। मामले को लेकर आरोपित के खिलाफ संबंधित थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी सिपाही प्रीतम ने आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### कंपनी से सामान चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: राई** थाना पुलिस टीम ने कंपनी से सामान चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित संजय निवासी बक्सर, बिहार, शेरसिंह उर्फ शेरा निवासी फिरोजाबाद यूपी का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। सेक्टर-10 ए गुरुग्राम निवासी अमिताभ ने गत एक मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उनकी राई औद्योगिक क्षेत्र में कंपनी है। वह कंपनी में बतौर एचआर के तौर पर कार्यरत है। कंपनी में एल्युमिनियम डाई कास्टिंग का कार्य होता है। कंपनी में संजय बिहार जाने वाले सामान की देखरेख करता है। वहीं शेरसिंह यूपी लवकुश ट्रांसपोर्ट का चालक है। करीब छह-सात महीनों से कागजों में सामान कम हो रहा था।

# खुशनुमा स्वस्थ जीवन जीने की कला विषय पर कार्यक्रम आयोजित

### कला विषय पर पंच देव मंदिर, महेश नगर में बहुत सुंदर कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**खुश**

▶▶ सदा मन से खुश व स्वस्थ रहने के लिए याद रखना है कि मैं परमात्मा की सर्वश्रेष्ठ रचना हूं





**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** ब्रहमाकुमारीज बहनों की पावन उपस्थिति में *खुशनुमा स्वस्थ जीवन जीने की कला* विषय पर पंच देव मंदिर, महेश नगर में बहुत सुंदर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने कहा सदा मन से खुश व स्वस्थ रहने के लिए याद रखना है कि मैं परमात्मा की सर्वश्रेष्ठ रचना हूं। इस सृष्टि पर सिर्फ.मनुष्य प्राणी को ही मुस्कुराना आता है। सदा स्मृति में रहे मेरे चेहरे पर मुस्कान परमात्मा के हस्ताक्षर हैं। इन्हें आंसुओं से मिटाना नहीं है हर हाल में खुश रहना है कर्म के सिद्धांत को समझ कर काम करने से मन पर कभी भी बोझ महसूस नहीं होगा। काम करते परमात्मा को साथी बना ले जैसे तितली को किसी ने पूछा तुम इतनी खुश कैसे रहती हो तितली ने बोला मुझे मालूम है मेरी जिंदगी दो दिन की है मुझे लगता है थोड़े समय में हर फूल से मिलूं और उनकी खुशबू हर किसी तक पहुंचा दूं। ठीक इसी तरह जिंदगी में भी जब देने की भावना होती है तो जीवन खुशी से भर जाता है। परमात्मा द्वारा दिए गए सत्य ज्ञान, कि में कौन हूं मेरा पिता कौन है इस सृष्टि पर मेरा किरदार क्या है जब इस गहरे राज को हम समझ जाते हैं और इस समझ से हर कर्म करते हैं तो जीवन खुशियों से सदा भरा रहता है। हर परिस्थिति का सामना करने की शक्ति बढ़ती है।

एक ही दिन में हम खुश हो जाए, ऐसा कोई यह मैजिक नहीं है, लेकिन यह एक आर्ट है और आर्ट को हमें बार-बार अभ्यास में लाने से ही उस आर्ट में हम माहिर हो जाते हैं। तो खुश रहना भी एक कला है बार-बार के अभ्यास से प्रयास से हम सदा खुश रह सकेंगे। मुख्य अतिथि श्याम मनचंदा प्रधान पंच देव मंदिर जी ने कहा पूरे संसार में चेहरे पर जो तेज इन बहनों के चेहरे पर है वह हम सबके चेहरे पर नहीं है। आज इन्होंने हमें सदा खुश रहने का जो ज्ञान दिया हम सबको वह सीखना है। जीवन को आध्यात्मिक बनाना हमें इन बहनों से सीखना है। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रीती दीदी जी ने सभी को योग द्वारा शांति की गहन अनुभूति कराई।

# मांगों को लेकर रिटायर कर्मचारी संगठन की हुई मीटिंग



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/लाडवा:** आज हरियाणा रिटायर कर्मचारी संगठन 1968 ब्लॉक लाडवा की मीटिंग स्थानीय जिंदल पार्क में ब्लॉक प्रधान सुरेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई । मीटिंग का संचालन ब्लॉक सचिव तेजवीर पंजेटा ने किया। मिंटिग में ब्लॉक के सभी विभागों के पदाधिकारियों व रिटायर कर्मचारीयों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मीटिंग में जिला सचिव बरखाराम जास्ट उपस्थित रहे। बरखाराम जास्ट व सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि रिटायर कर्मचारियों की मांगों को लेकर संगठन द्वारा 18 फरवरी को मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कुरुक्षेत्र श्री कैलाश सैनी को मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सोंपा गया था ।कार्यालय प्रभारी श्री कैलाश सैनी द्वारा संगठन को आश्वस्त किया गया की 12 मार्च के बाद संगठन की मीटिंग मुख्यमंत्री महोदय से करवाई जाएगी ।संगठन मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार से अपील करता है कि संगठन को बातचीत के लिए समय देकर रिटायर कर्मचारियों की मांगों का समाधान किया जाए। पूरे प्रदेश भर का रिटायर कर्मचारी वर्ग रोष में है। यदि बातचीत के माध्यम से रिटायर कर्मचारीयों की जायज मांगों का समाधान नहीं किया गया तो प्रांतीय संगठन से बड़े आंदोलन की घोषणा करने के लिए अपील की जाएगी।

**मांगों पर विमर्श**

▶▶ मीटिंग में ब्लॉक के सभी विभागों के पदाधिकारियों व रिटायर कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया

## विजय सिंह मौर्य बने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण सगंठन के नैशनल वाइस प्रेसिडेंट



**टीम एक्शन इंडिया**
**शिवपुरी:** सामाजिक कार्यकर्ता एवं सेवानिवृत्त जेल अधीक्षक डॉ विजय सिंह मौर्य को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण सगंठन ने उनको एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण सगंठन के प्रेसिडेंट द्वारा डॉ विजय सिंह मौर्य के सामाजिक कार्यों को देखते हुए ओर चार बार राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित तथा चार बार अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित एवं 480 संस्थाओं द्वारा सम्मानित और मध्य प्रदेश शासन द्वारा अनेकों बार सम्मानित होने वाले डॉ विजय सिंह मौर्य को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण सगंठन द्वारा भारत का नैशनल वाइस प्रेसिडेंट बनाया गया है। मौर्य ने कहा कि यह संस्था पूरे विश्व में मानवाधिकार एवं अपराध को नियंत्रण करने में पुलिस का भरपूर सहयोग करती है तथा मानव कल्याण हेतु कार्य करती है। मैं विश्वास के साथ कहना चाहता हूं कि जो जिम्मेदारी मुझे शीर्ष नेतृत्व ने सौंपी है उसे बखूबी निभाऊंगा।

# मुरलीधर डीएवी स्कूल में स्वामी दयानंद सरस्वती जन्म जयंती पखवाड़ा आयोजित

**भव्य**

▶▶ भव्य "स्वामी दयानंद सरस्वती जन्म जयंती पखवाड़ा" का भव्य आयोजन किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** "राष्ट्रहित सर्वोपरि" के मंत्र को आत्मसात करने वाले महान ऋषि, समाज सुधारक एवं आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती जी की जयंती के पावन अवसर पर मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल, अंबाला शहर में 12 फरवरी से 26 फरवरी 2025 तक भव्य "स्वामी दयानंद सरस्वती जन्म जयंती पखवाड़ा" का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शिक्षा, संस्कृति तथा आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत कार्यक्रमों का लाभ उठाया। इस विशेष आयोजन का सफल संचालन आर्य युवा समाज मुरलीधर डीएवी द्वारा आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा हरियाणा के तत्वावधान में किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राधा रमन सूरी के मार्गदर्शन में, आर्य युवा समाज की संचालिका श्रीमती गौरी वंदना एवं श्रीमती राधिका सीकरी के नेतृत्व में इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों में वैदिक मूल्यों और ऋषि दयानंद के आदर्शों के प्रति जागरूकता बढ़ाई। विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार द्वारा सम्मानित भी किया गया।भाग प्रधानाचार्य डॉ. राधा रमन सूरी ने सभी

विद्यार्थियों को महर्षि दयानंद के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। उन्होंने सभी अभिभावकों, विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया व शिक्षकों को साधुवाद देते हुए कहा कि "स्वामी दयानंद सरस्वती जन्म जयंती पखवाड़ा" न केवल एक कार्यक्रम था,

बल्कि यह विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम था। इस आयोजन के माध्यम से नई पीढ़ी को महर्षि दयानंद के विचारों को आत्मसात करने का संदेश दिया गया, जो न केवल उन्हें एक अच्छा विद्यार्थी बनाएगा, बल्कि एक सशक्त और संस्कारित नागरिक भी बनाएगा।

# शेयर मार्केट में मोटी कमाई का झांसा देकर दस लाख से ज्यादा की राशि ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: जिले** में साइबर ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। साइबर ठगों ने युवक को शेयर मार्केट में मोटी कमाई का झांसा देकर दस लाख से ज्यादा की राशि के ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। साइबर थाना सेक्टर-23 सोनीपत पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। नरेंद्र नगर निवासी पंकज ने बताया कि उसके पास एक फरवरी को उनके पास टेलीग्राम पर फ्री में शेयर मार्केट में ट्रेडिंग सिखाने का संदेश आया। संदेश भेजने वाले ने खुद का परिचय एक कंपनी में अधिकारी के तौर पर दिया दिया। इसके बाद उनको लिंक भेज कर अकाउंट बनाने को कहा। उसने अकाउंट बना लिया। इसके बाद कुछ दिन तक उसे शेयर मार्केट में निवेश के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद उससे निवेश के लिए उकसाने लगे। आरोपितों ने कहा कि निवेश कर तीन गुणा रुपये कमा सकते है। उसने अलग-अलग बार में उनके बताए गए खातों में 10.14 लाख रुपये ट्रांसफर किए। जब रुपये निकालने लगे तो रुपये नहीं निकाल पाए। जांच की तो पता चला कि फर्जी दस्तावेजों पर खुलवाएं गए खातों के जरिए उससे ठगी की गई है। इसके बाद मामले की सूचना हेल्पलाइन नंबर पर दी। मामले को लेकर सेक्टर-23 साइबर थाना सोनीपत पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई गिरीश ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द ठगों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई

**निवेश**

▶▶ संदेश भेजने वाले ने खुद का परिचय एक कंपनी में अधिकारी के तौर पर दिया दिया। इसके बाद उनको लिंक भेज कर अकाउंट बनाने को कहा।

▶▶ अकाउंट बना लिया। इसके बाद कुछ दिन तक उसे शेयर मार्केट में निवेश के बारे में जानकारी दी

# अखाड़ा संचालक हत्याकांड मामले में दो आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**हत्या**

▶▶ लोगों के सामने बाइक सवार गांव के मनोज व भांजे साहिल ने आकाश की तीन गोली मारकर हत्या कर दी थी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: खरखौदा** थाना क्षेत्र के गांव कुंडल में महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित दंगल में अखाड़ा संचालक हत्याकांड मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मनोज निवासी सोहटी व साहिल निवासी महराणा झज्जर का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें सात दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। एसीपी राजपाल सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि गांव सोहटी निवासी चांद सिंह ने 26 फरवरी को खरखौदा थाना पुलिस को बताया था कि उनके भतीजे राकेश राणा हॉल में रोहतक की ओमेक्स सिटी में रहते थे और सोहटी धाम स्थित अखाड़ा के संचालक थे। वह गोहाना के गांव बनवासा में स्कूल व अकादमी भी चलाते थे। राकेश राणा 26 फरवरी को गांव कुंडल में महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित कुश्ती दंगल में बेटे अमृत व अन्य पहलवानों के साथ गए थे। बेटे की कुश्ती देखने के बाद वापस जाने लगे तो एक हजार से अधिक लोगों के सामने बाइक सवार गांव के मनोज व उसके भांजे साहिल ने आकाश की तीन गोली मारकर हत्या कर दी थी। चांद सिंह ने पुलिस को बताया था कि उनका परिवार में चचेरे भाई मनोज के

साथ प्लॉट को लेकर विवाद है। जिसमें 15 जुलाई, 2024 को उन्होंने मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया था।

## चोरी की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना सोनीपत पुलिस टीम ने घर से आभूषण व रुपये चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रिंस निवासी टीला शामली यूपी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। यूपी हाल पटेल नगर निवासी बसंत ने आठ फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि गत सात जनवरी को अपने परिवार सहित अपने गांव चंद्रवती वाराणसी यूपी चला गया। उसके लड़के पवन के पास उसके दोस्त महेश का फोन आया।

# ईवीएम को हरियाणा सशस्त्र पुलिस और त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में रखा

**सुरक्षा**

▶▶ नगरपालिका अध्यक्ष व पार्षदों का चुनाव संपन्न होने के बाद ईवीएम कन्या महाविद्यालय में रखवा दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: नगर** निगम के मेयर प्रत्याशियों व खरखौदा में नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षदों का भविष्य ईवीएम में बंद हो चुका है। मतदान संपन्न होने के बाद ईवीएम को हरियाणा सशस्त्र पुलिस (एचएपी) और जिला पुलिस के त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में रखा गया है। सोनीपत नगर निगम चुनाव में प्रयोग की गई ईवीएम मोहाना स्थित बिट्स कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में रखवाई गई हैं तो खरखौदा नगरपालिका चुनाव की ईवीएम कन्य महाविद्यालय, खरखौदा में रखी गई हैं। रविवार को सोनीपत नगर निगम के चुनाव के बाद कड़े सुरक्षा घेरे में ईवीएम को मोहाना स्थित बिट्स कॉलेज में रखवाया गया। पुलिस ने निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार स्ट्रांग रूम तैयार किए हैं। स्ट्रांग रूम में ईवीएम को रखने के बाद कमरे सील कर दिए गए। सभी स्ट्रांग रूम को डबल लॉक किया गया। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है। रूम के परिसर तक आने और जाने वालों के लिए लॉग बुक लगाई गई है, जिसमें उनकी उपस्थिति दर्ज की जाएगी। रविवार को मतदान संपन्न होने के बाद सभी ईवीएम गाड़ियों में स्ट्रांग रूम तक पहुंचाई गई थी। वहीं खरखौदा में भी नगरपालिका अध्यक्ष व पार्षदों का चुनाव संपन्न होने के बाद ईवीएम कन्या महाविद्यालय में रखवा दी गई है।

**मोहाना में 45 व खरखौदा में 51 कर्मी किए गए तैनात:** बिट्स में बनाए गए स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को लेकर 45 कर्मी तैनात किए गए हैं। त्रिस्तरीय घेरा बनाया गया है। पहले घेरे में एचएपी के जवानों को नियुक्त किया गया है। दूसरे व तीसरे घेरे में पुलिस व एचएपी के जवान तैनात किए गए हैं। मुख्य गेट पर कर्मी तैनात है। वहीं खरखौदा में भी तीन लेयर में 51 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

**केंद्र पर लगाए सीसीटीवी, रखी जा रही नजर:** मतगणना केंद्र के बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए है। जवानों के साथ ही गेट पर सीसीटीवी कैमरों से पैनी नजर रखी जा रही है। यह ईवीएम 12 मार्च को नगर निगम के मेयर व खरखौदा नपा अध्यक्ष व पार्षद प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगी। सुरक्षा के चलते किसी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी गई है। ईवीएम की थ्री-टियर सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उच्च अधिकारियों के निदेर्शों पर एचएपी व पुलिस के जवान पूरी तरह से तैनात रहकर सुरक्षा दे रहे है।

# अवैध कॉलोनी में किए गए निर्माण को किया नष्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र ,** जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार शाहबाद में राजस्व संपदा शाहबाद के गांव जंदहेडी में लगभग 2.5 एकड़ में एक अवैध कॉलोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी विक्रम कुमार ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि राजस्व संपदा शाहबाद के गांव जंदहेडी में एक अवैध कालोनी में उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोडफोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। डीटीपी विक्रम कुमार ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ



डीटीपी की टीम ने राजस्व संपदा शाहबाद के गांव जंदहेडी में लगभग 2.5 एकड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी में कच्ची सडकों, डीपीसी व कंट्रोल एरिया में एक अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा शाहबाद के गांव जंदहेडी में लगभग 2.5 एकड़ में एक अवैध कॉलोनी के पनपने का मामला आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट्द करने का काम किया गया है।

उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलर के बहकावे में आकर प्लाट ना खरीदें और ना ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य करे। इतना ही नहीं जमीन की खरीद करने से पहले डीटीपी कार्यालय से कॉलोनी की वैधता और अवैधता की जानकारी प्राप्त कर लें। सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार भी रजिस्ट्री करने से पहले सरकार द्वारा जारी हिदायतों की पालना करें। यदि कोई व्यक्ति अवैध कालोनियों में कोई प्लॉट खरीदता है तो उसके विरुद्ध भी डीटीपी कार्यालय द्वारा कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और जिसमें 50 हजार का जुमार्ना व 3 साल की सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि ग्रुप हाउसिंग स्कीम में दीनदयाल हाउसिंग स्कीम व अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग स्कीम के तहत 5 एकड़ भूमि पर लाइसेंस प्रदान किया जाता है।

**पीला पंजा**

▶▶ ग्रुप हाउसिंग स्कीम में दीनदयाल हाउसिंग स्कीम व अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग स्कीम के तहत 5 एकड़ भूमि पर लाइसेंस प्रदान किया जाता है

# दो भाइयों के झगड़े में छोटे ने बड़े को उतारा मौत के घाट

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : मुरथल** थाना क्षेत्र में पंजाब हरियाणा हिमाचल ढाबे पर रुके ट्रक में सवार दो भाइयों पर किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिसके बाद छोटे भाई ने अपने बड़े भाई को प्राइवेट पार्ट सहित अन्य जगहों पर लात से हमला कर बेहोश कर दिया। उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मुरथल थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शवगृह में रखवाया है। परिजनों को इस संबंध में सूचना दे दी है। परिजनों के आने के बाद पुलिस आगामी कार्यवाही शुरू करेगी। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लिया है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि हरियाणा पंजाब हिमाचल ढाबे पर ट्रक लेकर आए दो युवकों ने झगड़ा हो गया है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जहां एक युवक बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ था। पूछताछ में जानकारी मिली कि मोहाली पंजाब निवासी राजेश और राजू चंडीगढ़ से गाजियाबाद जा रहे थे। राजू (30) ट्रक पर चालक के तौर पर कार्यरत था। जबकि उनके छोटे भाई राजेश क्लीनर के तौर पर काम करता था। दोनों जब जीटी रोड पर मुरथल के पास पहुंचे तो ट्रक रोक लिया। इसके बाद शराब पीने लगे। शराब पीने के दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी होगी। जिस पर छोटे भाई राजेश ने राजू को पीटना शुरू कर दिया। आसपास के लोगों ने छुड़ाने का भी प्रयास किया। वह लात-घूंसों से प्राइवेट अंग वार करता रहा।

**साधा निशाना**

~~▶▶ पंजीकरण 6 तक किए जा सकते हैं, जिसके लिए ऑनलाइन परीक्षा 17 मार्च 2024 से आयोजित होगी~~

# 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं नकलरहित एवं पारदर्शी तरीके से होनी चाहिए: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिले में 10वीं व 12वीं की जो परीक्षाएं चल रही हैं वह नकलरहित एवं पारदर्शी तरीके से होनी चाहिए। परीक्षा के दृष्टिगत जिन कर्मचारियों व अधिकारियो की डयूटी लगी हुई है वे अपनी डयूटी को पूरी सजगता के साथ करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षाओं के दृष्टिगत अतिरिक्त उपायुक्त को नोडल अधिकारी लगाया गया है। इसी कड़ी में अतिरिक्त उपायुक्त एवं एसडीएम अम्बाला शहर दर्शन



कुमार ने बीते कल कई परीक्षा केन्द्रों का जायजा लिया। अतिरिक्त उपायुक्त डा. ब्रहमजीत ने कहा कि उन्होंने कई परीक्षा केन्दों का दौरा करते हुए परीक्षाओं की व्यवस्थाओं का जांचा है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बलाना व दुराना गांव में परीक्षा केन्द्रों का जायजा लिया और मौके पर उपस्थित सैंटर अधीक्षक से यहां पर चल रही परीक्षा के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि परीक्षा के तहत किसी प्रकार की कोई समस्या तो नहीं है उस बारे भी उनसे जाना। यहां बता दें कि बीते कल भी अतिरिक्त उपायुक्त ने पीकेआर जैन गर्ल्ज सीनियर सैकेडरी स्कूल, सोहन लाल गर्ल्ज सीनियर सैकेडरी व आर्य स्कूल का जायजा लिया था। सभी जगहों पर परीक्षा सुचारू रूप से चल रही थी, कही पर भी कोई दिक्कत या शिकायत प्राप्त नहीं है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र व अन्य को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा के तहत यदि किसी की कोई कौताही या लापरवाही सामने आई, चाहे वह ऑफिसियल है या अन्य कोई है नियमानुसार तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधीश द्वारा पहले से ही धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत आदेश जारी किए हुए है कि परीक्षा केन्द्रों के 500 मीटर के दायरें में अनाधिकृत व्यक्ति व मोबाईल ले जाने पर प्रतिबंध हैं। इसके साथ-साथ परीक्षा केन्द्रों के नजदीक फोटो स्टेट की दुकाने 27 फरवरी से 29 मार्च तक परीक्षा के दिनों में 12 बजे से शाम 4 बजे तक बंद रखी जाने बारे भी आदेश जारी किए हुए हैं। मकसद जिले में परीक्षाओं का सफलतापूर्वक आयोजन करवाना है।

# वर्तमान दौर में व्हीकल में नए लुक एवं फैब्रिकेशन की मांग : प्रो. सुनील

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : वर्तमान दौर** में व्हीकल में नए लुक एवं फेब्रिकेशन की मांग है। इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग के अनुरूप अब उत्पादकों का ध्यान नए डिजाइन एवं फैब्रिकेशन की ओर भी है जिससे इलेक्ट्रिक व्हीकल की बाजार में डिमांड होने लगी है। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक व्हीकल की पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से भी महत्ता है। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी व यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने मंगलवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में यूआईईटी संस्थान के मैकेनिकल विभाग द्वारा इलेक्ट्रिकल व्हीकल डिजाइन एवं फेब्रिकेशन पर आधारित पांच दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन



अवसर पर बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इस अवसर पर उन्होंने कार्यशाला में एएमके इंडस्ट्री से आए सीनियर रिसर्च इंजीनियर एवं विषय विशेषज्ञों का पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।इस अवसर पर कार्यशाला के संयोजक डॉ. विशाल अहलावत ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यशाला में संस्थान के तकनीकी विद्यार्थी प्रतिभागिता कर रहे है। इस मौके पर एएमके इंडस्ट्री से विषय विशेषज्ञ इंजीनियर नरेश व डॉ. रंजन ने इलेक्ट्रिक व्हीकल की आधारभूत संरचना के बारे में जानकारी साझा करते हुए टायर के बारे में जानकारी दी।

मौके पर डॉ. सुनील नैन, डॉ. अनुराधा, डॉ. विजय गर्ग, डॉ. रामावतार, डॉ. प्रियंका जांगड़ा, डॉ. उर्मिला, रवींद्र चौधरी, पंकज, हरिकेश पपोसा तथा कुलदीप मलिक सहित प्रतिभागी मौजूद थे।

## न्यूज फ्लैश

### अवैध कालोनी में कार्रवाई करते हुए पीला पंजा चलाया और अवैध निर्माण को ढहा दिया

**गन्नौर। जिला नगर** योजनाकार की टीम ने सोमवार को राजलू गढ़ी रॉड पर पनप रही अवैध कालोनी में कार्रवाई करते हुए पीला पंजा चलाया और अवैध निर्माण को ढहा दिया। जिला नगर योजनाकार अधिकारी के आदेश विभाग की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और अवैध रूप से भरी प्लाटों की नींव को गिराना शुरू कर दिया। इस दौरान टीम ने 5 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कालोनी में बनाई गई 12 डीपीसी, कच्चे रास्ते व नाले पर बन रहे रास्ते को जेसीबी की मदद से ध्वस्त करवा दिया। जिला नगर योजनाकार अजमेर सिंह ने बताया कि राजलू गढ़ी रॉडवपर सिथत जमीन में बिना अनुमति के अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। जिस पर विभाग ने कार्रवाई की है। विभाग द्वारा पहले भी कार्रवाई करते हुते मुकदमा भी दर्ज कराया गया है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए बताया कि नियंत्रित क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करें और अवैध कॉलोनी में कोई प्लॉट न खरीदें।

### आधा दर्जन परीक्षा केन्द्रों पर एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण

**गोहाना।**



**गोहाना की एसडीएम** अंजली श्रोत्रिय ने गोहाना उप मंडल में चल रही वार्षिक बोर्ड परीक्षाओं को नकल रहित पूर्ण करवाने हेतु चेकिंग की। उन्होंने गोहाना, महमदपुर, बीचपड़ी, कथुरा, धनाना, भावड, परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं में कोई भी बाहरी शरारती तत्व बाधा ना डाल सके इसके लिए प्रशासनिक अधिकारी लगातार परीक्षा केंद्र का दौरा कर रहे हैं और बाहरी हस्तक्षेप को रोकने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। इसके अलावा सभी परीक्षा केंद्र की वीडियोग्राफी की जा रही है ताकि किसी प्रकार का कोई बाहरी हस्तक्षेप या बाधा ना पहुंचाई जा सके। यदि कोई व्यक्ति ऐसा करता पाया गया तो उसके खिलाफ प्रशासनिक कार्यवाही की जाएगी और एफआईआर दर्ज कर सजा दी जाएगी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवम् मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मीनू ने बताया कि न्यायमूर्ति लिसा गिल, न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय तथा कार्यकारी अध्यक्ष, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार व सुदेश कुमार शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरपर्सन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पानीपत के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सेशन डिवीजन पानीपत में 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन करने जा रही है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-एवं-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीनू ने बताया कि कोई भी व्यक्ति अपने लंबित मामलों जिसमें दुर्घटना के दावे, चेक बाउंस, बैंक वसूली, नागरिक विवादों से संबंधित सार्वजनिक उपयोगिता सेवाएं भी शामिल है और यहां तक कि घरेलू हिंसा अधिनियम आदि से संबंधित कंपाउंडेबल अपराधों के अपराधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से सुलझा सकते हैं।

उन्होंने लोगो से आह्द्वान किया है की वे ज्यादा से ज्यादा अपने मुकदमों को लोक अदालत के माध्यम से निपटारा कर सकते है क्योंकि लोक अदालत विवादों के निपटान के प्रभावी तरीकों में से एक है। लोक अदालत में निपटान से न किसी की हार और न किसी की जीत होती और लोक अदालतों में विवादों का सौहार्द पूर्वक निपटारा किया जाता है। सभी के लिए न्याय तक पहुंच के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए एडीआर तंत्र का संवर्धन काफी महत्वपूर्ण है। लोक अदालत को स्थाई और निरंतर प्रक्रिया बनाने के लिए सत्र न्यायालय पानीपत में दैनिक लोक अदालतें भी आयोजित की जाती है। इस लोक अदालत के बारे में लोगो को जागरूक करने के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सक्षम युवाओं के माध्यम से घर घर जाकर निरंतर जागरूकता फैला रहा है।

# लोगों की समस्याओं का जल्द हो समाधान: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: उपायुक्त अजय** सिंह तोमर ने कहा कि समाधान शिविर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं को जानकर उसका प्राथमिकता से समय रहते समाधान करवाना है। इसी को ध्यान में रखते हुए सम्बन्धित सभी अधिकारी पूरी लग्न एवं निष्ठा के साथ अपनी डयूटी का बखूबी निर्वहन करते हुए लोगों की समस्याओं का समाधान करवा रहे हैं। उपायुक्त अजय सिंह तोमर उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहे थे और प्रार्थियों को समस्याओं को सुन रहे थे। इससे पहले उन्होंने समाधान शिविर में




पहुंचे प्रार्थियों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना और सम्बन्धित अधिकारियों को उनकी समस्याओं का तत्परता से समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में 3 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से एक शिकायत का मौके पर समाधान कर दिया गया तथा शेष 02 शिकायतों को उपायुक्त ने सम्बन्धित को मार्क करते हुए जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। यहां बता दें कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने हेतू जिला स्तर पर डीसी कार्यालय में तथा उपमंडल स्तर पर एसडीएम कार्यालय में प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन समाधान शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एक छत के नीचे बैठकर प्राथमिकता के आधार पर लोगों की समस्याओं का समाधान करते हैं और आमजन को अपनी समस्याओं का समाधान करवाने के लिए इधर-उधर अलग-अलग कार्यालयों में जाना नहीं पड़ता है। अतिरिक्त उपायुक्त डा. ब्रहमजीत सिंह, एसडीएम दर्शन कुमार, डीएसपी सुरेश कुमार, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार, कार्यकारी अभियंता पब्लिक हैल्थ कर्णवीर, एईई बिजली विभाग जोगिन्द्र, एआईपीआरओ अजीत सिंह, जिला समाज कल्याण विभाग अवतार सिंह मौजूद रहे।

# रणदीप सिंह सुरजेवाला हरियाणा कांग्रेस को फिर से सशक्त बना

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: किसान कांग्रेस** के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य, कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला को यदि हाईकमान हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त करती है तो ये सभी नेताओं को साथ लेकर चलने का काम कर सकते हैं। रणदीप सुरजेवाला अपनी मृदुल भाषा से सभी को साथ लगाने का भली भांति काम कर सकते हैं। उनकी आम कार्यकर्ता तक पूरी पकड़ हैं और वे 36 बिरादरियों के हरमन प्रिय नेता है। वे हर बिरादरी को साथ लेकर चलते है। वे एक बेदाग, बेपाक और निडर नेता होने के कारण भाजपा सरकार को अच्छी तरह से बेनकाब करने का काम कर सकते हैं। इससे पहले जब रणदीप सुरजेवाल ने युवा कांग्रेस के अध्यक्ष के तौर पर काम किया तो लाखों युवाओं को कांग्रेस पार्टी से जोड़ा और देश व प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी। हरियाणा में मंत्री रहते हुए हरियाणा की जनता के सामूहिक काम किए और युवाओं को रोजगार दिए। बवेजा ने कहा कि कांग्रेस के एक विशेष नेता ने हरियाणा कांग्रेस में कांग्रेस का संगठन ही नही बनाया और कांग्रेस पार्टी का सर्वनाश कर

# रोड क्षत्रिय प्रगति मंच का वार्षिक सम्मेलन 30 मार्च को : मास्टर सतपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : हर वर्ष की भांति** इस वर्ष भी रोड़ क्षत्रिय प्रगति मंच अपना वार्षिक सम्मेलन बड़े धूम धाम से मनाने जा रहा है` यह वार्षिक सम्मेलन 30 मार्च को के. एस. पैलेस समीप श्री जयराम विध्यापिठ, ब्राहमसरोवर कुरुक्षेत्र मे मनाया जाएगा` अपने वार्षिक सम्मेलन मे रोड़ क्षत्रिय प्रगति मंच रोड़ बिरादरी से किसी भी क्षेत्र मे नाम रोशन करने वाले युवाओं को सम्मानित करता आया है` अपने पिछले सफल वार्षिक सम्मेलन मे रोड़ क्षत्रिय प्रगति मंच ने बिरादरी से चिकित्सा क्षेत्र मे एम. बी. बी. एस. व एम. डी. करने वाले सैंकड़ों युवाओं को सम्मानित करके खूब सुर्खियां बटोरी थी` इसी कड़ी को आगे बढ़ाते इस वर्ष भी 30 मार्च को जो किसी भी कारण से पहले सम्मानित नहीं हो पाये व नए दाखिला लेने वाले व पास आउट सभी युवा जो एम. बी. बी. एस., एम. डी.,बी. ए. एम. एस., बी. डी. एस., एम. डी. एस. वी. एस. एंड एलायड उम्मीदवारों को सम्मानित किया जाएगा` पिछले कुछ वर्षों मे रोड़ बिरादरी के युवाओं का रुझान चिकित्सा क्षेत्र मे काफी बढ़ा है` रोड़ बिरादरी के सभी सामाजिक संगठन इस कार्यक्रम मे सिरकत करते हैं।

# नगर परिषद कर्मियों ने बच्चों को स्वच्छता का संदेश दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: सेक्टर-3** स्थित किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में नगर परिषद के कर्मचारियों ने प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों के साथ स्वच्छता संबंधी विचार साझा किए। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को कूड़ा प्रबंधन की सही प्रक्रिया समझाते हुए बताया कि हर घर में तीन तरह के कूड़ेदान होने चाहिए– नीला कूड़ादानः सूखे कचरे के लिए,हरा कूड़ादानः गीले कचरे के लिए,पीला कूड़ादानः अन्य कचरे के लिए। कर्मचारियों ने बच्चों को समझाया कि यदि गीले और सूखे



कूड़े को अलग-अलग किया जाए, तो गीले कचरे से खाद बनाई जा सकती है, जबकि सूखे कचरे को रिसाइकिल कर नई वस्तुएं बनाई जा सकती हैं। विद्यालय प्रबंधक परमिंदर सिंह ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता सिर्फ एक आदत नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने घर, स्कूल और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया।

# छात्र ने पोस्टर मेकिंग में पाया प्रथम स्थान

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** दयाल सिंह कॉलेज करनाल एवं गुरु तेग बहादुर एजुकेशनल ट्रस्ट में आयोजित प्रतियोगिताओं में आई. बी. महाविद्यालय के छात्र सौरभ ने दयाल सिंह कॉलेज में पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान एवं छात्र नितिन वर्मा व सुमित आनंद ने गुरु तेग बहादुर एजुकेशनल ट्रस्ट में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त कर कॉलेज का नाम गौरवान्वित किया। प्रबंधन समिति ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धा के दौर में केवल किताबी ज्ञान ही काफी नहीं है।

# शिक्षा का हक कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: हरियाणा राज्य** विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार शिक्षा का हक ह्यह्य नयी राह नयी पहचान एक कैंपेन की शुरूआत की गयी है। इसी कड़ी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अध्यक्षता में अम्बाला छावनी स्थित बिहार बस्ती शिक्षा का हक ह्यह्य नयी राह नयी पहचान विषय पर वर्कशॉप एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पी एल वी व कानूनी स्वयं सेवक नेहा परवीन ने इदरीश फाउंडेशन की सहायता से इस विषय बारे सभी को जागरूक करने का काम




किया गया। इस मौके पर कानूनी स्वय सेवक नेहा परवीन ने विद्यार्थियों को नालसा हेल्पलाइन नंबर तथा डीएलएसए की गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 (आरटीई) के तहत, 6 से 14 साल के बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार है। यह अधिनियम, भारत के संविधान के अनुच्छेद 21-ए में शामिल है, इस अधिनियम के तहत, सरकारी स्कूल में नियमानुसार बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने का प्रावधान है। इसी प्रकार निजी स्कूलों में कम से कम 25 प्रतिशत बच्चों को बिना किसी शुल्क के दाखिला मिलेगा। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 में यह प्रावधान किया गया है कि सरकारी और निजी स्कूलों में बच्चों को शिक्षा देना अनिवार्य है। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की जिम्मेदारी हम सबकी सांझी है, ताकि वे भविष्य में आत्मनिर्भर और सक्षम नागरिक बन सकें। शिक्षा का अधिकार न केवल बच्चों को विद्यालय भेजने का सवाल है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि बच्चों को बिना भेदभाव के, सुरक्षित और समावेशी वातावरण में शिक्षा प्राप्त हो।

# एआई शिक्षा, उद्योग और दैनिक जीवन में लाया क्रांतिकारी बदलाव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :ग्रीन फील्ड पब्लिक** स्कूल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता मिस रमिका ने इस उभरती हुई तकनीक के महत्व, उपयोग और भविष्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला के दौरान स्कूल प्रिंसिपल डॉ० सुमिता ठाकुर ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वर्तमान समय की अनिवार्यता बन चुका है और इसे सीखना व समझना सभी के लिए आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों को इस तकनीक के प्रति जागरूक होने और इसे शिक्षण प्रक्रिया में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यशाला में स्कूल के सभी अध्यापक उपस्थित रहे, जिन्होंने बड़ी उत्सुकता से अकसे संबंधित नए आयामों को समझा और अपने अनुभव साझा किए। अंत में, डॉ० सुमिता ठाकुर ने मुख्य वक्ता मिस रमिका का आभार व्यक्त किया और सभी शिक्षकों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं विद्यार्थियों और शिक्षकों को तकनीकी युग के साथ तालमेल बिठाने में सहायक होंगी। यह कार्यशाला शिक्षकों के लिए एक ज्ञानवर्धक अनुभव रही, जिससे उन्हें अककी बारीकियों को समझने और इसे अपने शिक्षण कार्य में लागू करने की प्रेरणा मिली।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर लगाए हेल्प डेस्क: सीजेएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: राष्ट्रीय विधिक** सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को अम्बाला एवं नारायणगढ़ न्यायिक परिसर में किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवीन ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश कंचन माही के कुशल मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत के अर्न्तगत प्राधिकरण की तरफ से जिला न्यायालय परिसर तथा एडीआर



सेंटर अम्बाला में हैल्प डेस्क स्थापित किए गए है जिसमें कोर्ट परिसर में आने वाले लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जागरूक किया जा रहा है और लोक अदालत के फायदे भी बताए जा रहे है। इसके अतिरिक्त स्थाई लोक अदालत व उपभोक्ता अदालत मे नैशनल लोक अदालत का आयोजन 07 मार्च 2025 को किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए हैल्पलाइन नं. 0171-2532142 व 9991112660 पर संपर्क किया जा सकता है।

हैल्प डैस्क में एक अधिकार मित्र

**दिशा-निर्देश**

**न्यायालय परिसर तथा एडीआर सेंटर अम्बाला में हैल्प डेस्क स्थापित किए गए है**

की ड्यूटी लगाई गई है। प्राधिकरण सचिव ने आह्वान किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को एक उत्सव की तरह मनाना चाहिए और इसमें अधिक से अधिक मामलों का निपटारा करवाने के लिए सभी को बढ़ चढकर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए विभिन्न बैंकों, सरकारी विभागों इत्यादि के उच्च अधिकारियों के साथ सांमजस्य स्थापित करने का प्रयास किया गया है जिसमें आम जनता को अधिकतम छूट एवं वाहन, बिजली विभाग, सिंचाई विभाग व पंचायती राज, जिसमें आम जनता को लोन रिकवरी केस में अधिकतम छूट वाहन दुर्घटना मुआवजा में अधिकतम मुआवजा आपसी सहमति के आधार पर दिया जा सके। उन्होने जनसाधारण से अपील की कि वे अदालत मे लम्बित मुकदमे व प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमे इस लोक अदालत मे रख कर उनका निपटारा करवा सकते है।

# उल्लास कार्यक्रम को लेकर बीड कालवा स्कूल में सीआरसी की हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : आज राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीड कालवा के प्रांगण में सीआरसी की बैठक हुई। इस बैठक में सीआरसी के सभी स्कूलों ने भाग लिया। इस बैठक का मुख्य एजेंडा उल्लास कार्यक्रम था। राकेश कुमार नोडल सीआरसी पंजाबी अध्यापक द्वारा सभी सदस्यों को उल्लास कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया गया । जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य ज्ञानचंद सैनी द्वारा की गई तथा उन्हें यह बताया गया कि इस सेशन में



1500 का लक्ष्य बाबैन ब्लॉक के लिए निर्धारित किया गया है। इसके अंतर्गत जो हर स्कूल को 25 से 30 न्यू लर्नर ऐड करने हैं तथा उन्हें जन चेतना केंद्र में शिक्षित किया जाना है। यह संपूर्ण कार्य 20 मार्च 2025 तक किया जाना है।

ताकि सभी न्यू लर्नर की परीक्षा 30 मार्च 2025 तक करवाई जा सके और उन्हें नए सर्टिफिकेट प्रदान किया जा सके।

# विधायक राजकुमार भाटिया के कार्यालय पर जनधन खाते खुलवाने का लगा शिविर








**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केनरा बैंक और पंजाब नेशनल बैंक के माध्यम से विधानसभा सेवक कार्यालय में जनधन खाते खुलवाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 300 महिलाओं ने अपने खाते खुलवाये। आगामी 8 मार्च को दिल्ली सरकार द्वारा महिला सम्मान योजना के तहत 2500 रुपये देने की शुरूआत की जानी है। इसी कड़ी में दिल्ली के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जनधन खाते खुलवाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार भाटिया ने बताया कि इन्हीं खातों के माध्यम से मोदी जी की गारंटी के लाभ मिलेंगे। जैसे महिला सम्मान योजना, सड़क सुरक्षा बीमा योजना का भी लाभ मिलेगा। उन्होंने आगे बताया कि आगामी दिनों में इस प्रकार के शिविर पूरी विधानसभा में लगाये जाएँगे। हमारा लक्ष्य है कि हर सरकारी योजना या सीएसआर के माध्यम से जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। इस मौके पर भाजपा के पूर्व निगम प्रत्याशी अनुभव धीर, गौरव गुप्ता, तिलकराज शर्मा, प्रदीप राणा, मनोज कलीरमण, महेश चुटानी, टीम राजकुमार भाटिया के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## '8 मार्च को दिल्ली की प्रत्येक महिलाओं के खातों में 2500 रुपये आने का वायदा कहीं जुमला तो नहीं बन जाएगा'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली में केजरीवाल के भ्रष्टाचार से त्रस्त दिल्ली ने भाजपा को उम्मीद के साथ बहुमत दिया था कि सरकार बनने के पर भाजपा नेता केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार की सभी14 सीएजी रिपोर्ट को विधानसभा पटल पर रखेगी और दिल्ली की जनता से किए गए वायदों की घोषणा करेगी लेकिन विधानसभा सत्र खत्म होने के बाद दिल्ली की जनता को सिर्फ निराशा हाथ लगी है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली की सत्ता में आने से पहले भाजपा ने प्रत्येक



महिला को 2500 रुपये मासिक देने का वादा किया था और केन्द्र सरकार ने बयान दिया था कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को दिल्ली की महिलाओं के खाते में 2500 रुपये आना शुरू हो जाऐंगे। भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री नियुक्त करके दिल्ली की जनता को जो संदेश देने का प्रयास किया था वह निरर्थक साबित हुआ। जब महिला मुख्यमंत्री महिलाओं के हितों और उन्हें राहत देने के लिए कोई निर्णय नहीं ले सकती, तब दिल्ली की लगभग 3 करोड़ जनता भाजपा सरकार से क्या उम्मीद कर सकती है। कहीं भाजपा की गारंटियां जुमला तो साबित नहीं हो होंगी?
देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली की आधी आबादी महिलाओं को उम्मीद थी कि भाजपा की महिला मुख्यमंत्री मंत्री महिला होने के नाते अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर उनके खाते में 2500 रुपये देने का अध्यादेश जरुर पारित करेंगी और होली से पहले रसोई गैस सिलेंडर पर 500 रुपये सब्सिडी का निर्णय लेंगी परंतु भाजपा में खींचतान की कार्यशैली के कारण सब कुछ आम आदमी पार्टी की सरकार की तरह ही हो रहा है, सिर्फ बयानबाजी, अखबारों में विज्ञापन दिख रहे है, अभी तक काम कुछ भी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का शगूफा छोड़कर भाजपा अब दिल्ली में भी विकसित दिल्ली बनाने की बात कर रही है जबकि वास्तविकता में जहां देश और देशवासी आर्थिक रुप से पिछड़ रहे है।

## हर बार सरकार की नीति निर्धारण में खामियां निकलती हैं और राहुल गांधी हर बार सही साबित होते हैं: भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: पिछले हफ्ते** शेयर बाजार धड़ाम गिरे और गिरते ही जा रहे हैं। लेकिन सत्ता के मद में सरकार इस तरफ से बिलकुल लापरवाह हो रही है। सभी अर्थशास्त्री बाजार के इस रुख से चिंतित हैं लेकिन न सरकार और न ही भारतीय मीडिया इस पर कोई बात करने को तैयार नहीं है। इस मुद्दे पर करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज का कहना है कि हमारे जननायक नेता विपक्ष ने 21 नवंबर 2024 को एक संबोधन में कहा था कि आज जो बाजार के हालात हैं उसको देखते हुए भारतीय सेंसेक्स बाजार बहुत बुरी तरह गिरेगा और वहीं



आज देखने को मिल रहा है। जबकि लोकसभा चुनावों के ठीक पहले प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह सहित कई बड़े नेताओं ने आम जनता से शेयर बाजार में पैसा लगाने की बात कही थी और यह कोई पहला मौका नहीं है कि राहुल गांधी की बात सही साबित हुई हो। इससे पूर्व किसान कानूनों पर भी राहुल गांधी 14 जनवरी 2021 को स्पष्ट रूप से कह चुके थे कि मेरे शब्द नोट कर लीजिए सरकार को ये तीनों कानून वापस लेने ही पड़ेंगे। और हुआ भी वहीं 19 नवंबर 2021 को केंद्र सरकार को तीनों काले कानून वापस लेने पड़े। यह कोई पहला या दूसरा मौका नहीं है कि जब राहुल गांधी ने अपनी दूरदर्शी सोच का परिचय दिया हो। नोटबंदी, अडानी स्कैम, इलेक्ट्रॉल बॉन्ड, राफेल खरीद घोटाला और कोविड संकट जैसे अहम मामलों पर उनकी बातें सच साबित होती रही हैं। इलेक्ट्रॉल बॉन्ड को तो राहुल गांधी ने 18 नवंबर 2019 को ही रिश्वत और घूस लेने का सबसे बड़ा माध्यम बता दिया था। और अंततः 15 फरवरी 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने भी इलेक्ट्रॉल बॉन्ड को घूसखोरी का बड़ा माध्यम मान लिया था। वहीं जब यूरोप के कई देशों और एशिया के चीन सहित कई देशों में कोविड खतरनाक रूप से बढ़ता जा रहा था उस वक्त भी राहुल गांधी ने अंतर्राष्ट्रीय यातायात बंद करने की बात उठाई थी लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार ने ना सिर्फ राहुल गांधी का मजाक उड़ाया बल्कि "नमस्ते ट्रंप" जैसे कार्यक्रम कर लाखों लोगों की मौत का न्योता दिया।

## दो करोड़ की लूट के मामले में दो नाबालिग समेत तीन को पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दक्षिण जिले** के फतेहपुर बेरी थाना पुलिस ने फार्म हाउस में चल रहे एक नामी बुटीक में गार्ड को बंधक बनाकर दो करोड़ रुपये की कीमत के दुल्हन के कपड़े व अन्य सामान लूटने के मामले में दो नाबालिग समेत तीन लोगों को पकड़ा है। पकड़े गए दो लुटेरे जांच में नाबालिग निकले हैं। जबकि तीसरी आरोपित युवती है और वह पकड़े गए एक नाबालिग की मित्र है। सोशल मीडिया के जरिए नाबालिग ने युवती से दोस्ती की और वारदात के लिए राजी किया था। पकड़ा गया एक नाबालिग बुटीक में सेल्समैन का काम करता है। पुलिस ने आरोपितों की निशादेही पर लूट का सारा सामान बरामद किया। दक्षिण जिले के एडीशनल डीसीपी अचिन गर्ग ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि फतेहपुर बेरी पुलिस को एक मार्च की देर रात पीसीआर कॉल के जरिए सूचना मिली कि त्रिवेणी हाट नामक फार्म हाउस में लूट हुई है। सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची। कॉलर गार्ड ने बताया कि दो युवक व एक युवती देर रात उनके पास आए थे। युवती ने खुद को फार्म हाउस मालिक आशीष बत्रा का रिश्तेदार बताकर बाथरूम इस्तेमाल करने की बात कही थी।

## हिंदू अध्ययन केंद्र में 15 दिवसीय पांडुलिपि अध्ययन कार्यशाला का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** विश्वविद्यालय के हिन्दू अध्ययन केन्द्र में हिंदू अध्ययन केंद्र दिल्ली विश्वविद्यालय एवं तत्वम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में तथा राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन, संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ वाग्देवी, वाग्धारा, वागमाता सरस्वती के पूजन और गणेश वंदना से किया गया। कार्यशाला में डीयू के कला संकाय की डीन प्रो. अमिताव चक्रवर्ती मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन के निदेशक प्रो. अनिर्बान दास विशिष्ट अतिथि और डीयू के अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष अंजना शर्मा उपस्थित रहे। साथ ही



कार्यक्रम में हिन्दू अध्ययन केन्द्र के निदेशक प्रो.ओमनाथ बिमली एवं सह निदेशक व कार्यक्रम संयोजिका डॉ प्रेरणा मल्होत्रा अथवा तत्वम फाउंडेशन के गणेश तिवारी आदि विभूतियां उपस्थित रहीं। डॉ प्रेरणा मल्होत्रा ने बताया कि भारत में विश्व की सर्वाधिक पांडुलिपियां आज भी विद्यमान हैं। एक अनुमान के अनुसार आज के समय में 10 मीलियन से अधिक पांडुलिपियां उपलब्ध हैं और लगभग एक करोड़ भारतीय पांडुलिपियां दुनिया भर में फैली पड़ी हैं, जिनको लाना और फिर उसका गूढ़वाचन करना फिर डिजिटलाइज करना है। यह भारत के लिए बहुत बड़ी चुनौती है और इसको करना भारतीय ज्ञान परंपरा के लिए अत्यंत आवश्यक है। हमें यूरोसेंट्रिक मानसिकता का त्याग करके अपनी दृष्टि के आधार पर जगत का अनुकरण करना चाहिए। हम सबको लिपियों का अध्ययन करते रहना चाहिए जिससे संस्कृतिक एवं धार्मिक धरोहर को बचाकर रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला भारतीय संस्कृति को सभी के समक्ष स्थापित करने के लिए प्रथम कदम है। प्रो. ओम नाथ बिमली ने अपने वक्तव्य में छात्रों की चिति को जागृत करते हुए भारत भूमि में जन्म पाकर इस जन्म को सार्थक करने के लिए सभी को प्रेरित किया। उन्होंने पांडुलिपि के अध्ययन की उपयोगिता पर बल देते हुए बताया कि कैसे वाचस्पति मिश्र के लिखे ग्रन्थ ब्रह्म तत्व समीक्षा की।

## निगम पार्षद चित्रा विद्यार्थी ने डॉ भीम राव अम्बेडकर पार्क की करवाई सफाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने मंगलवार को डॉ भीम राव अम्बेडकर पार्क पार्ट-2 की सफाई करवाई और कर्मचारियों को यह भी निर्देश दिये कि क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें, जिससे की क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति को परेशान न होना पड़े। इस मौके पर उनके साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## घायल या बीमार पशु-पक्षियों के त्वरित इलाज हेतु एंबुलेंस सेवा हुई शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: समस्त महाजन,** मुंबई एवं विजय वल्लभ स्मारक, जी.टी. करनाल रोड़ द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिसके अंतर्गत केशव पुरम जोन, दिल्ली नगर निगम में घायल या बीमार पशु-पक्षियों के त्वरित इलाज हेतु एंबुलेंस सेवा शुरू की गई है। वर्तमान में प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाओं या अन्य कारणों से अनेक पशु एवं पक्षी घायल हो जाते हैं, परंतु समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध न होने के कारण वे असहाय स्थिति में रहते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, समस्त महाजन व विजय वल्लभ स्मारक ने यह निर्णय लिया है कि उनकी ओर से विशेष एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें दो




डॉक्टर, दो सहायक, आवश्यक दवाइयाँ एवं अन्य चिकित्सा सुविधाएँ रहेंगी। इस सेवा के अंतर्गत, जनता को दो हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराए गए हैं, जिन पर संपर्क करने पर एंबुलेंस तुरंत मौके पर पहुंचेगी और घायल पशु-पक्षी को प्राथमिक उपचार दिया जाएगा। यदि आवश्यक हुआ, तो उन्हें उचित पशु अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। आज इस पहल को लेकर समस्त महाजन संस्था के पदाधिकारी शुभकांत जैन एवं संजय जैन ने केशव पुरम जोन के अध्यक्ष योगेश वर्मा (एडवोकेट) से संपर्क किया। इस अवसर पर केशव पुरम जोन के उपायुक्त संदीप कुमार, वरिष्ठ पशु-चिकित्सक डॉ. रवीश कुमार एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।
वर्मा ने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस सेवा के माध्यम से क्षेत्र में घायल एवं बीमार पशु-पक्षियों को समय पर उपचार मिल सकेगा। उन्होंने समस्त महाजन एवं विजय वल्लभ स्मारक के पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह निःशुल्क सेवा समाज के प्रति एक महत्वपूर्ण योगदान है।
इसके अतिरिक्त, विजय वल्लभ अस्पताल एवं पक्षी अस्पताल भी इस सेवा में अपना सहयोग दे रहे हैं और भविष्य में भी पशु-पक्षियों के इलाज हेतु अपनी सेवाएँ उपलब्ध कराते रहेंगे।

## लापता नाबालिग कश्मीरी गेट बस अड्डे से मिली

**नई दिल्ली:** दक्षिण पश्चिमी जिले के कापसहेड़ा इलाके से लापता हुई 14 वर्षीय नाबालिग को पुलिस ने कश्मीरी गेट बस अड्डे पर खोज निकाला। नाबालिग बिना बताए उत्तर प्रदेश में अपने रिश्तेदार के यहां चली गई थी। पुलिस ने नाबालिग को परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस अधिकारी के अनुसार कापसहेड़ा थाने में परिजनों ने 14 वर्षीय नाबालिग बच्ची की गुमशुदगी की सूचना दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर तत्काल एक टीम लापता की तलाश में लगाई गई। लापता बच्ची का पता लगाने के लिए एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर बलबीर सिंह व एसआई शिल्पी की टीम ने लापता बच्ची के परिजनों से मुलाकात की।

## शालीमार बाग के कई रोड़ों पर लगता है जाम, भारी वाहनों पर लगाया जाये प्रतिबंध: सत्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** शालीमार बाग इलाके के केला गोदाम रोड़, शहीद उधम सिंह मार्ग व शालीमार गांव चौक पर प्रायः यातायात जाम की समस्या बनी रहती है।जिससे स्थानीय निवासी परेशान है। उक्त बातें जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने कही। सत्यपाल शर्मा ने बताया कि दोपहर के समय स्कूली बच्चे जाम में फंस जाते है, जिसके फलस्वरूप अभिभावको में चिंता होना स्वाभाविक है। जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने यातायात पुलिस



से मांग कि है की यहां पर भारी वाहनों के आने-जाने पर प्रतिबंध लगाया जाये। साथ ही साथ यातायात पुलिस कर्मियों की पर्याप्त तैनाती की जाये, जिससे यातायात सुचारू रूप से चल सके।

## आईआईएमसी के दीक्षांत समारोह में बोले अश्विनी वैष्णव, यह असीमित अवसरों का युग है

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: केंद्रीय** सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) के दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए युवाओं को राष्ट्र प्रथम की भावना से ओतप्रोत होकर जीवन में आगे बढ़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यह असीमित अवसरों का युग है। ऐसे में यह हम पर निर्भर करता है कि हम इस बदलते समय का किस तरह से लाभ उठाते हैं। आईआईएससी के कुलाधिपति, केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने संस्थान के महात्मा गांधी सभागार में




56वें दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के बैच के 9 पाठ्यक्रमों के 478 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान किए गए। इसके अलावा 36 विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के सम्मान में पदक और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। वैष्णव ने दीक्षांत समारोह में डिप्लोमा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए आज के दिन को उनके जीवन का प्रमुख मील का पत्थर करार दिया। उन्होंने कहा कि अब आप जीवन के अगले चरण में प्रवेश करेंगे। उन्होंने इसे रोमांचक समय बताया और कहा कि बड़े पैमाने पर परिवर्तन आ रहा है। पहले काम करने के लिए सीमित दायरा होता था लेकिन अब नए अवसर आ रहे हैं। आज आपमें से प्रत्येक एक नया उद्यम बना सकता है। मीडिया की पूरी दुनिया बदलने के कारण यह संभव हुआ है। वैष्णव ने विद्यार्थियों को जीवन में आने वाले बदलावों को स्वीकार करने की सलाह देते हुए कहा कि जो लोग बदलाव को आत्मसात करते हैं।

# आज यूपी देश में नंबर दो की अर्थव्यवस्था बन गया: योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट पर चर्चा के दौरान अपना वक्तव्य रखते हुए मंगलवार को विधान सभा में कहा कि किसान, युवा, महिला और गरीब को समर्पित करते हुए वंचित को वरीयता के आधार पर यह बजट प्रस्तुत किया गया है। आज हम देश में नंबर दो की अर्थव्यवस्था बन गए हैं। पिछले साल की तुलना में करीब 10 फीसदी अधिक है। प्रदेश को मजबूती प्रदान करने वाला है। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जमकर कटाक्ष भी किए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि अब तक 93 सदस्यों ने जिसमें 59 सत्ता और नेता प्रतिपक्ष समेत विपक्ष के 34 सदस्यों ने बजट की चर्चा में हिस्सा लिया। उन सबको मैं धन्यवाद देता हूं। नेता प्रतिपक्ष ने



दार्शनिक अंदाज में लोहिया के अनुयायी के रूप में वक्तव्य रखा। यह बात अलग है कि वह स्वयं डॉ. लोहिया के आदर्शों को अपना पाते हैं या नहीं। लोहिया ने कहा था कि सम्पत्ति और संतति से दूर रहें। उन्होंने कहा था कि भगवान राम, भगवान शंकर और भगवान कृष्ण देश के आदर्श हैं। आपकी पार्टी तो इन्हें मानती ही नहीं है। आपकी पार्टी के आचरण को देख कर समझा जा सकता है कि आप लोहिया के कितना अनुयायी हैं। योगी ने कहा कि आपने( नेता प्रतिपक्ष) कहा कि आपकी सोच साम्प्रदायिक है। आप बताएं हमारी सोच कहां साम्प्रदायिक है। हमारा नारा है सबका साथ सबका

**उल्लेख**

**पत्रकारों और देश भर के कुछ राजनेताओं की कुंभ के बारे में सकारात्मक टिप्पणियों का उल्लेख किया**

विकास। महाकुम्भ सम्पन्न हुआ है। इस आयोजन में सब लोग साथ स्नान किए। सबके लिए समान व्यवस्था की गयी। संभल में 54 साल बाद शिवलिंग का अभिषेक हुआ। यह हमारी विरासत है। उसे खोजकर सामने लाना हमारा कर्तव्य है। हम तो वही चाहते हैं तो हमारा है। सपा के लिए यह कहात सही है पर उपदेश कुशल बहुतेरे।

आप कानून व्यवस्था की चर्चा कर रहे थे। 66 करोड़ लोग कुंभ में आए। आधी आबादी तो महिलाओं की रही होगी। एक भी छेड़खानी, लूट, हत्या की घटना नहीं हुई जिससे भारत और सनातन धर्मावलंबियों को शर्मिंदा होना पड़े। बहुत से लोग आना चाहते थे। जो नहीं आ पाए उनके मन में कसक थी। जिसने डुबकी लगाई वह अभिभूत होकर गया। यह भारत की विरासत का एक ऐसा अनुपम उदाहरण है जिसे हम शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकते।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विदेशी मीडिया बीबीसी, एक्सप्रेस ट्रीव्यून, द न्यूयार्क टाइम्स, रायटर्स, द गार्डियन, सीएनएन समेत पत्रकारिता जगत के अन्य बैनरों ने कुंभ के बारे अच्छी टिप्पणी की है। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों और देश भर के कुछ राजनेताओं की कुंभ के बारे में सकारात्मक टिप्पणियों का उल्लेख किया।

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने फरवरी 2025 में 4,22,449 यूनिट्स बेचीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**करनाल।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने फरवरी 2025 के अपने बिक्री आंकड़े जारी किए। फरवरी 2025 में कंपनी की कुल बिक्री 4,22,449 यूनिट्स रही। इसमें 3,83,918 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 38,531 यूनिट्स का निर्यात शामिल है।

यह उल्लेखनीय है कि HMSI की वित्त वर्ष 2025 (अप्रैल 2024 - फरवरी 2025) की अब तक की कुल बिक्री 54,04,216 यूनिट्स तक पहुंच गई है, जिसमें 49,25,241 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 4,78,975 यूनिट्स का निर्यात शामिल है।

फरवरी 2025 में HMSI की मुख्य उपलब्धियां:

प्रोडक्टः HMSI ने उन्नत नए फीचर्स के साथ OBD2B अनुकूलित Shine 125 और Hornet 2.0 के अपडेटेड वर्जन पेश किए। इसके अलावा, कंपनी ने OBD2B कंप्लायंट इंजन और अपग्रेडेड इक्विपमेंट के साथ बिल्कुल नया NX200 लॉन्च किया।

बिजनेसः HMSI ने दक्षिण भारत में 2 करोड़ बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया और मध्य प्रदेश में ग्रॅंल्ली 125 और रढ125 की 10 लाख यूनिट्स की संचयी बिक्री पूरी कर ली, जो कंपनी की लगातार बढ़ती लोकप्रियता को दशार्ता है।

सड़क सुरक्षाः भारत में सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ल्टरकने देशभर में 10 स्थानों झ्र मथुरा (उत्तर प्रदेश), सापुतारा (गुजरात), अमरावती (महाराष्ट्र), अमृतसर (पंजाब), अंगुल (ओडिशा), बल्लारी (कर्नाटक), जबलपुर (मध्य प्रदेश), काकीनाडा (आंध्र प्रदेश), दरभंगा (बिहार) और गोवा में अभियान चलाए। इसके अलावा, HMSI ने मुंबई (महाराष्ट्र) में स्कूल प्राचार्यों के साथ "माइंडसेट डेवलपमेंट फॉर आवर फ्यूचर जेनरेशन" प्रोजेक्ट के तहत एक रोड सेफ्टी कन्वेंशन आयोजित किया। साथ ही, ल्टरकने चेन्नई में अपने ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क की 6वीं वर्षगांठ मनाकर सड़क सुरक्षा को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया।

उरफ (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व): उत्तर प्रदेश में किसान उत्पादक संगठनों को सहयोग और सशक्त बनाने के उद्देश्य से, होंडा इंडिया फाउंडेशन ने प्रोजेक्ट अन्नदाता - सशक्त किसान, समृद्ध राष्ट्र के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

## संक्षिप्त खबरें

### जावा येज्दी और बीएसए मोटरसाइकिल्स ग्राहक आश्वासन कार्यक्रम पेश करेंगी

**नोएडा।** क्लासिक लेजेंड्स ने अपने मोटरसाइकिल रेंज के लिए एक महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी "जावा येज्दी बीएसए ओनरशिप एश्योरेंस प्रोग्राम" की घोषणा की है, जो मध्यम क्षमता वाली मोटरसाइकिल के सेगमेंट में नए बेंचमार्क स्थापित कर रहा है और भारत भर के राइडर्स को बेजोड़ भरोसा प्रदान कर रहा है।



व्यापक कार्यक्रम में सेगमेंट में अग्रणी 4-साल/50,000 किमी मानक वारंटी पेश की गई है, जिसके साथ 6 वर्ष तक के विस्तारित कवरेज विकल्प भी दिए गए हैं, जो क्लासिक लीजेंड्स को एक बार फिर सेगमेंट में सबसे अलग बनाता है। यह असाधारण कवरेज क्लासिक लेजेंड्स के इंजीनियरिंग कौशल और निर्माण की सटीकता में गहरे भरोसे से उपजा है। पीथमपुर में कंपनी की अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा के संयंत्र के दौरे के दौरान लेगेसी इन मोशन की इस पहल को लॉच किया गया। यह कार्यक्रम न केवल उत्कृष्ट मोटरसाइकिल निर्माण के प्रति क्लासिक लेजेंड्स की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है, बल्कि ग्राहकों को बेहतरीन स्वामित्व अनुभव भी सुनिश्चित करता है। क्लासिक लेजेंड्स के को-फाउंडर अनुपम थरेजा ने कहा, "हमने हमेशा उद्योग की परंपराओं को चुनौती दी है, और हमारी इंजीनियरिंग क्षमता हमें अपने उत्पादों पर अटूट विश्वास देती है। अब हम इस आश्वासन को इस सेगमेंट में सबसे व्यापक मोटरसाइकिल आश्वासन के माध्यम से सीधे अपने ग्राहकों तक पहुंचा रहे हैं। हमारी बनाई गई हर मोटरसाइकिल में क्लासिक की आत्मा होती है, लेकिन आधुनिक मशीन का दिल धड़कता है - ब्रिटिश सर्किट पर शुरू हुई बीएसए की रेसिंग विरासत से लेकर जावा की नियो-क्लासिक क्रांति और येज्दी की एडवेंचर-रेडी स्पिरिट तक। हमारी मोटरसाइकिलों को सटीकता के साथ इंजीनियर किया जाता है और पूरे कमिटमेंट के साथ बनाया जाता है - यही कारण है कि हम उनके पीछे इतने आत्मविश्वास के साथ खड़े हो सकते हैं, जो मन की शांति प्रदान करते हैं जो हमारे डिजाइनों की तरह ही कालातीत है लेकिन हमारी तकनीक की तरह ही आगे की सोच रखती है।"

### भारत में लास्ट माइल डिलीवरी के लिए ईकार्ट ने आइकिया से मिलाया हाथ

**गुरुग्राम।** भारत की अग्रणी 4पीएल सप्लाई चेन कंपनियों में शुमार ईकार्ट ने आइकिया के साथ साझेदारी का एलान किया है। इसके तहत आइकिया के होम फर्निशिंग बिजनेस के लिए लास्ट-माइल डिलीवरी प्रदान की जाएगी। इसके माध्यम से आइकिया की वेबसाइट पर किए गए ऑर्डर्स को सुगमता के साथ लोगों के घर तक डिलीवर किया जाएगा।



ईकार्ट के चीफ बिजनेस ऑफिसर मणि भूषण ने कहा, ह्ययह साझेदारी बड़े रिटेल ब्रांड्स को एंटरप्राइज ग्रेड सप्लाई चेन सॉल्यूशंस प्रदान करने की ईकार्ट की क्षमता का प्रमाण है। लोगों के रोजाना के जीवन को बेहतर करना आइकिया का विजन है और इस मिशन में योगदान देने का ईकार्ट को गर्व है। हमारे लिए यह सप्लाई चेन में पारदर्शिता और पर्यावरण अनुकूलता के साझा मूल्यों की बात है, जिसमें ग्राहकों की खुशी और भरोसे के साथ कोई समझौता नहीं किया जाता है। इस गठजोड़ के माध्यम से हम ग्राहकों के लिए आइकिया का विश्व स्तरीय कस्टमर एक्सपीरियंस सुनिश्चित करेंगे। इस साझेदारी के तहत उत्तर भारत में फर्नीचर, होम डेकोर और हाउसहोल्ड एसेंशियल्स समेत आइकिया के 7,000 से ज्यादा उत्पादों के व्यापक कैटलॉग के बड़े पार्सल्स के फुलफिलमेंट में ईकार्ट महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। ईकार्ट की मजबूत लॉजिस्टिक्स क्षमताओं की मदद से आइकिया ज्यादातर ग्राहकों के ऑर्डर्स को 24 घंटे के भीतर डिलीवर करने में सक्षम हो सकेगी। इससे ऑपरेशनल एक्सीलेंस को लेकर कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूती मिलेगी। अपने हाई-परफॉर्मेंस लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस का लाभ उठाते हुए ईकार्ट दिल्ली-एनसीआर में आइकिया इंडिया के हाल ही में लॉन्च किए गए फुलफिलमेंट हब के माध्यम से डिलीवरी प्रदान करेगी।

# जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता का रोका वेतन

**जालौनः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अंतर्गत जनपद में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने समग्र शिक्षा अभियान के तहत माध्यमिक शिक्षा विभाग में कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

# विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं अब मरीजों के इलाज में काम आएंगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराजः महाकुम्भ** मेले में इस्तेमाल की गई विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं अब प्रदेश के मरीजों के इलाज में काम आएंगी। प्रयागराज के सेंट्रल हॉस्पिटल में प्रयुक्त उन्नत चिकित्सा उपकरणों को अब यूपी के विभिन्न जिलों के अस्पतालों में भेजने की तैयारी चल रही है।

यहां के सेंट्रल हॉस्पिटल के माध्यम से मेले के दौरान सात लाख से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। यूपी के विभिन्न जिलों में महाकुम्भ मेले के सेंट्रल हॉस्पिटल की एक-एक मशीनें इस्तेमाल की जाएंगी। डिमांड के हिसाब से उपकरणों की सप्लाई की जाएगी। इसके लिए



जिलों के सीएमओ को अप्लाई करना होगा, तब मशीनें भेजी जाएंगी।

सीएमओ की मांग पर होगी आपूर्ति, कमिश्नर करेंगे अनुमोदनप्रयागराज के एडी हेल्थ डॉ राकेश शर्मा ने बताया कि महाकुम्भ के दौरान प्रयागराज के परेड ग्राउंड में 100 बेड का हाईटेक सेंट्रल हॉस्पिटल स्थापित किया गया। जिसमें अत्याधुनिक आईसीयू, डेंटल, आर्थोपेडिक, स्त्री एवं शिशु रोग विशेषज्ञों की सेवाएं यहां आने वाले श्रद्धालुओं को उपलब्ध थीं। मेला समाप्त होने के बाद अब यहां के बेड समेत तमाम उपकरणों को प्रदेश के अन्य जिलों तक पहुंचाने की योजना बनाई गई है। जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी अपनी आवश्यकताओं के अनुसार उपकरणों की मांग करेंगे। जिसके बाद प्रयागराज के कमिश्नर के अनुमोदन पर उनकी आपूर्ति होगी।

महाकुम्भ में बने अस्पतालों की सुविधाएं अब प्रदेश भर में मिलेंगीमहाकुम्भ मेला के नोडल चिकित्सा स्थापना डॉक्टर गौरव दुबे ने बताया कि महाकुम्भ मेले के दौरान 100 बेड के सेंट्रल हॉस्पिटल के अलावा 25 बेड के दो सब-सेंट्रल हॉस्पिटल, 20-20 बेड के आठ सेक्टर हॉस्पिटल और 20 बेड के दो संक्रामक रोग अस्पताल भी स्थापित किए गए। इनके साथ ही 10 फर्स्ट एड पोस्ट भी संचालित हुए। इन सभी चिकित्सा इकाइयों में प्रयुक्त उपकरणों को अब प्रदेश के विभिन्न जिलों में पहुंचाकर वहां के मरीजों को आधुनिक चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाएगी।

आईसीयू की हाईटेक तकनीक का किया जाएगा इस्तेमालमहाकुम्भ के सेंट्रल हॉस्पिटल में 10 बेड का एक अत्याधुनिक आईसीयू तैयार किया गया। जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सक्षम उपकरणों का इस्तेमाल हुआ।

# खाईं में बाइक गिरने से दो चचेरे भाइयों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**मीरजापुरः राजगढ़** थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में दो युवकों की जान चली गई। सोमवार की रात सेमरी तलरे गांव के पास एक तीव्र मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर पांच फीट गहरी खाईं में जा गिरी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक चचेरे भाई विष्णु (18) पुत्र तेजबली और सुरेंद्र (19) पुत्र राजबली गम्भीर रूप से घायल हो गए। मदद न मिलने के कारण दोनों पूरी रात झाड़ियों के बीच तड़पते रहे और आज सुबह तक उनकी मौत हो गई। मृतकों के परिवार में मातम पसरा हुआ है। खासकर सुरेंद्र के घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। सोमवार को ही उसकी शादी के लिए 30 अप्रैल की तारीख तय की गई थी

**हादसा**

**घायलों को खाई से निकालकर स्वास्थ्य केंद्र, राजगढ़ ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया**

और लग्न पत्र भी रख लिया गया था। परिजनों को उम्मीद थी कि जल्द ही सुरेंद्र के सिर पर सेहरा सजेगा, लेकिन उसकी अर्थी उठी। विष्णु के भाई अखिलेश के मुताबिक दोनों युवक सोमवार को बिना बताए घर से निकले थे। शाम चार बजे विष्णु से फोन पर बात हुई थी, तब उसने बताया कि वे चुनार बाजार में हैं और जल्द घर लौटेंगे। लेकिन जब रात आठ बजे दोबारा फोन किया गया, तो मोबाइल बंद मिला। मंगलवार सुबह करीब दस बजे गांव के ही विजेंद्र, जो चुनार मंडी से लौट रहा था, सेमरी तलरे गांव के पास पहुंचा। वहां उसने सड़क किनारे झाड़ियों में एक क्षतिग्रस्त बाइक देखी। बाइक पहचानने पर वह रुक गया और खाईं में झांककर देखा तो दोनों युवक लहूलुहान हालत में पड़े थे। यह देखकर उसके होश उड़ गए। उसने तुरंत पुलिस और मृतकों के परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को खाई से निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, राजगढ़ ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# हाईकोर्ट ने विशेष जज पाक्सो से मांगी सफाई

**प्रयागराजः इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने अपर सत्र न्यायाधीश-विशेष जज पाक्सो पडरौना कुशीनगर से सफाई मांगी है कि उन्होंने याची की जमानत अर्जी खारिज कर दी, जबकि सह अभियुक्त की जमानत पहले ही मंजूर कर ली गई थी। पीड़िता 15 साल की नाबालिग लड़की के बयान में दोनों पर केमिकल फेंक कर घायल करने का आरोप है।

अर्जी की अगली सुनवाई 7 मार्च को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन ने मुकेश की जमानत अर्जी की सुनवाई करते हुए दिया है। याची अधिवक्ता वरुण मिश्र का कहना था कि 15 साल की लड़की को केमिकल से जलने की चोट है।

# शिक्षामित्रों-अनुदेशकों को दे रहे हैं डिजिटल लिटरेसी की ट्रेनिंग: मंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः बजट** सत्र के नवें दिन, उत्तर प्रदेश विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को डिजिटल लिटरेसी की विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों को डिजिटल लिटरेसी और कंप्यूटर इंटेलिजेंस की सुविधाएं भी दी जा रही हैं, जिससे वे आधुनिक तकनीकों से जुड़ सकें। उन्होंने यह भी बताया कि कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों को शिक्षामित्रों द्वारा पढ़ाया जाता है, जबकि कक्षा 6 से 8 के छात्रों की शिक्षा अनुदेशकों के माध्यम से कराई जाती है। मंत्री ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग शिक्षकों को कंप्यूटर, इंटरनेट और डिजिटल संसाधनों के व्यावहारिक ज्ञान की ट्रेनिंग दे रहा है, जिससे वे छात्रों को प्रभावी तरीके से शिक्षण प्रदान कर सकें। इसके अलावा, उन्होंने सरकार के डिजिटल इंडिया विजन के तहत शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए डिजिटल स्किल्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कोडिंग जैसी नई तकनीकों को शिक्षा में शामिल करने के लिए प्रतिबद्धता जाहिर की। मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और डिजिटल संसाधनों को सुलभ बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसके तहत, शिक्षामित्र और अनुदेशकों को स्मार्ट क्लास, ऑनलाइन शिक्षण और डिजिटल टूल्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि छात्रों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जा सके और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा सके। एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए मंत्री संदीप सिंह ने परीक्षा प्रक्रियाओं और डिजिटल शिक्षा पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों के प्रश्नपत्र विद्यालयों तक पहुंचाए जाते हैं और कंपोजिट ग्रांट के माध्यम से पेपरों की छपाई कराई जाती है।

# ...तो परिवहन करने को रोका एवं सीज किया जा सकता है: हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराजः इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने जीएसटी सचल दल कानपुर के जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में आदेश दिया कि अगर करापवंचन की मंशा से माल का कम मूल्य प्रदर्शित करते हुए परिवहन किया जा रहा है तो उसे रोका और सीज किया जा सकता है। न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल ने यह आदेश जया ट्रेडर्स बनाम एडिशनल कमिश्नर ग्रेड 2 (अपील) के मामले में व्यापारी की याचिका को निरस्त करते हुए दिया। कोर्ट ने कहा कि याची के विरुद्ध कोई विपरीत तथ्य रिकॉर्ड पर आने के बाद अगर उसे अपीलीय अधिकारी के समक्ष चुनौती नहीं दी गई तो बाद में उक्त कार्यवाही को अवैध और मनमाना



नहीं कहा जा सकता है। सरकार की तरफ से अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ता रवि शंकर पाण्डेय ने याचिका का विरोध किया।

प्रस्तुत मामले में जया ट्रेडर्स एवं चार अन्य फर्मों के द्वारा पश्चिम बंगाल और असम से दिल्ली, पान मसाला और तम्बाकू का परिवहन किया जाना प्रदर्शित किया गया था। जबकि ड्राइवर ने उक्त माल को कानपुर से लोड किया जाना बताया। सभी बिल रु 50,000 से कम होने के कारण कोई ई वे बिल नहीं बनाया गया था। सचल दल ने ड्राइवर के बयान के आधार पर यह माना कि व्यापारी द्वारा गलत प्रपत्रों के आधार पर परिवहन दशार्या जा रहा है। व्यापारी द्वारा पश्चिम बंगाल और असम से माल के परिवहन का कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया जा सका जिस पर सचल दल अधिकारी द्वारा प्रपत्रों को वास्तविक ना पाए जाने के आधार पर माल का मूल्य निर्धारित करते हुए, अनुमानित कीमत पर जीएसटी की धारा 129 के अंतर्गत अर्थदंड आरोपित कर दिया था। न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए जया ट्रेडर्स बनाम एडिशनल कमिश्नर ग्रेड 2 (अपील) के मामले में व्यापारी की याचिका को निरस्त कर दिया।

# गुणवत्तापरक शिक्षा को ग्रहण कराने का कार्य शिक्षकों का: पटेल

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्याः प्रदेश** की राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय का विकास तभी संभव है जब सभ्य समाज में मानव का निर्माण हो। खोए हुए को पुनः प्राप्त करना और उसे आकार देना एवं गठित करना शिक्षण संस्थानों का प्रमुख दायित्व है। गुणवत्तापरक शिक्षा व संस्कारों को ग्रहण कराने का कार्य शिक्षकों का है। शिक्षा विद्यार्थी के सम्पूर्ण विकास में सहायक है। उक्त बातेमंगलवार को उन्होंने डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय मंगलवार को अपना स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि विश्व स्तर पर हो रही प्रतिस्पर्धा में युवाओं को




भारी योगदान देना होगा। राज्यपाल ने कहा कि आज की पीढ़ी का यह दायित्व है कि आने वाले भविष्य में सभी क्षेत्रों के युवा अपना अहम योगदान दे। शिक्षण संस्थान द्विस्तरीय शिक्षा का आदान प्रदान करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में छात्र-छात्राओं को मल्टीपल विषय चुनने की आजादी है। इससे हम अपने विद्यार्थियों को हर क्षेत्र में प्रशिक्षित कर सकते हैं। विश्वविद्यालय स्तर पर यह तय किया जाए कि विद्यार्थियों की रुचि को बढ़ावा देने के लिए नए नए प्रयोग किए जाए। राज्यपाल ने कहा कि राम हमारे आदर्श है जो हमारे जीवन में चरित्र के निर्माण में सहायक है। भगवान राम जीवन चित्रण जनमानस को शिक्षा देता है। कि हमें सामान्य तौर पर भेद-भाव से दूर रहना होगा। उन्होंने कहा कि सबरी का चरित्र हमें क्या सिखाता है। इस पर विचार करना चाहिए। एक दूसरे से सीखना ही जीवन है। समारोह में कुलाधिपति ने खेल पर जोर देते हुए कहा कि खेल बच्चों के जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज समाज में बच्चों को खेलने से मना करने की धारणा पनप रही है। जबकि बच्चों को इससे मना करना उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास में बाधा डालना है। सात साल के बच्चों का अस्सी से नब्बे प्रतिशत विकास हो जाता है। यह शोधों से पता चला है कि बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए खेल आवश्यक है। राज्यपाल ने शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को बताया कि यह वर्ष महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म ज्योति का उत्सव मना रहा है। विश्वविद्यालयों को इस पर व्यापक चर्चा कर महारानी होल्कर के योगदान को समझना चाहिए। कुलाधिपति ने कहा कि विश्वविद्यालयों में शोध कार्यों के मूल्यांकन के लिए वैश्विक स्तर पर कार्य करना होगा। तभी हम उच्च गुणवत्ता को प्राप्त कर सकेंगे। तभी शिक्षण संस्थानों को नैक मूल्यांकन राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का मूल्यांकन सुनिश्चित हो सके। इससे हमारी विश्व रैकिंग में सुधार होगा।

# झांसी में हरेंद्र मसीह की सवा करोड़ की संपत्ति कुर्क

**टीम एक्शन इंडिया**

**झांसीः अरबों** की संपत्ति कब्जाने और गैंग के साथ झांसी क्रिश्चियन हॉस्पिटल की करोड़ों रुपये की जमीन की धोखाधड़ी करने के आरोप में जेल में बंद भू माफिया गैंगस्टर फर्जीवाड़े के मसीहा हरेंद्र मसीह की सवा करोड़ रुपए कीमत की संपत्ति को कानपुर पुलिस ने सीज कर दिया।

मंगलवार को कानपुर कमिश्नरेट के निर्देशन पर कानपुर एसआईटी झांसी पहुंची। यहां पुलिस प्रशासन के सहयोग के साथ टीम ने जेल चौराहा स्थित सिविल लाइन स्थित क्रिस्टियन हॉस्पिटल के पास स्थित सवा करोड़ कीमत की जमीन को कुर्क की कार्यवाही करते हुए सीज कर दिया। इस

**सख्ती**

**मसीहा हरेंद्र मसीह की सवा करोड़ रुपए कीमत की संपत्ति को कानपुर पुलिस ने सीज कर दिया।**

दौरान पुलिस टीम ने डुगडुगी पिटवा कर ऐलान कराते हुए संपत्ति कुर्क की। यह जमीन हरेंद्र मसीह ने अपनी पत्नी संगीता मसीह के नाम से ली थी।

गौरतलब है कि कानपुर व अन्य जिलों समेत झांसी में हरेंद्र मसीह के खिलाफ सरकार की करोड़ों की संपत्ति को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बनाकर बेचने के आरोप में कई मुकदमे दर्ज हैं। उसके 7 साथियों समेत दर्जनों अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इस मामले में कानपुर की एस आई टी जांच कर रही थी। आरोपी हरेंद्र मसीह जेल में है। कानपुर पुलिस ने आरोपी हरेंद्र मसीह पर गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की थी। जिसके तहत कानपुर पुलिस कमिश्नरेट के आदेश पर कानपुर एस आई टी ने झांसी पहुंच कर उसकी संपत्ति कुर्क कर दी। इस दौरान झांसी सदर तहसीलदार व झांसी पुलिस सहयोग में शामिल रही। इसके अलावा ललितपुर के तालबेहट में भी हरेंद्र मसीह व उसकी पत्नी के नाम करोड़ों की संपत्ति बताई जा रही है।

फास्ट न्यूज

## एक ही गांव में छः माह में दूसरे प्रेमी जोड़े ने की आत्महत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश की संस्कारधारी के सिहोरा थाना क्षेत्र में सोमवार-मंगलवार की देर रात को प्रेमी जोड़े ने सल्फास की गोलियां निगल कर आत्महत्या कर ली । इसके लिए वे पहले घर से निकलकर गांव से करीब एक किमी दूर पहाड़ी के किनारे बने खेल मैदान के मंच पर पहुंचे और वहां बैठकर दोनों ने जहरीला पदार्थ निगल कर एक साथ मृत्यु को गले लगाय। जबकि मामले की जानकारी सुबह सामने आई, प्रेमिका का शव मैदान में बने मंच के नीचे पड़ा मिला तो वहीं प्रेमी युवक का शव मंच पर औंधा मिला है। इस संबंध में सामने आया है कि युवक - युवती की शादी को परिजन अनुमति नहीं दे रहे थे, जिसके चलते दोनों ने साथ मरने की सोची और जहर खाकर ये हृदयविदारक आत्मघाती कदम उठा लिया । युवती ग्राम दिनारी खमरिया की रहनेवाली है, जिसका नाम भारती 20 वर्ष पिता वृन्दावन पटेल है। वहीं युवक का नाम मोनू 23 वर्ष पिता अंबिका पटेल है। मृत प्रेमी युगल में युवती की मां मझौली से जनपद सदस्य हैं, तो वहीं युवक के पिता किसान हैं दोनों संभ्रांत परिवारों से हैं। दोनो युवक युवती इसी ग्राम के हैं और एक ही समाज से संबंध रखते हैं। ग्रामीणों के अनुसार सोमवार की देर रात सम्भवतः प्रातः करीब दो से तीन बजे के बीच प्रेमी युगल अपने अपने घर से निकले और आत्महत्या कर ली। मामले को लेकर सिहोरा थाना एसआई उमलेश तिवारी ने बताया कि जैसे ही सुबह ग्रामीणों के द्वारा घटना की जानकारी मिली, तुरंत पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और मर्ग कायम कर दोनों के शवों को सुरक्षित सिविल अस्पताल सिहोरा में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। आगे पुलिस द्वारा घटना की विवेचना कर सभी सूक्ष्म बिन्दुओ की जांच की जाएगी। दूसरी ओर यह भी सामने आया है कि मृत युवती की शादी का समय भी नजदीक ही था जिसकी तैयारियों के लिए परिजनों ने विवाह कार्यक्रम के लिए एडवांस देकर बुकिंग करवा ली थी।

## खाटू श्याम मेले में दुकान में लगी आग,

**टीम एक्शन इंडिया**

**सीकर।** विश्व प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर में जारी फाल्गुनी लक्खी मेले के दौरान मंगलवार तड़के 75 फीट दर्शन मार्ग स्थित प्रेमानंद मिष्ठान भंडार में अचानक आग लग गई। इस हादसे में दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि दमकल कर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया।

# डिजिटल लेनदेन में यूपी देश में नंबर 1: मुख्यमंत्री

## कसा तंज- 20 करोड़ बेरोजगारी भत्ता बांटने के लिए सपा ने समारोह के आयोजन पर खर्च कर दिए

उपलब्धियां

**पिछले सात-आठ वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश में लगातार घटी है बेरोजगारी दर: मुख्यमंत्री योगी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में डिजिटल क्रांति आई है। 2017-18 में 122.84 करोड़ का डिजिटल ट्रांजेक्शन था। 2024-25 में बढ़कर (दिसंबर 2024 तक) 1024.41 करोड़ डिजिटल ट्रांजेक्शन यूपी से हुआ है। डिजिटल लेनदेन में यूपी देश में नंबर एक है। आधे से अधिक लेनदेन यूपीआई के माध्यम से हुए हैं।

**गांवों तक इंटरनेट व वाईफाई की मिली है सुविधा**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डिजिटल ट्रांजेक्शन यह



दिखाता है कि डिजिटल बैंकिंग आसान हुई है। गांवों तक इंटरनेट, वाई-फाई की सुविधा मिली है। वित्तीय जागरूकता व उपक्रमों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध हुई है। सीएम ने बताया कि बैंकों की संख्या 20416, बैंक मित्र व बीसी सखी चार लाख 932, 18747 एटीएम तथा चार लाख 40 हजार बैंकिंग केंद्रों के माध्यम से प्रदेशवासियों को बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

**डीबीटी ने भ्रष्टाचार की कमर पर किया सबसे कठोर प्रहार**

सीएम योगी ने कहा कि डीबीटी ने भ्रष्टाचार की कमर पर सबसे कठोर प्रहार किया है। डीबीटी बजरंग बली की गदा है, जो बेईमानी व भ्रष्टाचार पर कठोर प्रहार कर रही है। डीबीटी में लाभार्थी का पैसा सीधे खाते में पहुंच रहा है। 11 विभागों की 207 योजनाएं (113 केंद्रीय व 94 राज्य सेक्टर) हैं। प्रदेश में एक वर्ष में 9 करोड़ 8 लाख से अधिक लोगों तक एक लाख 11 हजार 637 करोड़ का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया गया है।

डीबीटी ट्रांजेक्शन के कारण प्रदेश को 10 हजार करोड़ रुपये की बचत हुई है। सीएम ने बताया कि यूपी में अप्रैल 2000 से जून 2017 तक 3303 करोड़ रुपये का एफडीआई (फॉरेन डायरेक्ट इनवेस्टमेंट) आया था। 2017 से 2024 तक यूपी में 14 हजार 8 करोड़ रुपये से अधिक का एफडीआई आया है। यह बताता है कि प्रदेश सही दिशा में आगे बढ़ा है।

### 'मजबूत हो रही यूपी की अर्थव्यवस्था'

**सीएम** ने बताया कि आरबीआई बुलेटिन में उन्होंने कहा कि बैंक व वित्तीय संस्थाओं से प्रोजेक्ट फाइनेंसिंग के लिए फंड आकर्षित करने में 16.2 प्रतिशत की रेट से यूपी देश में शीर्ष पर है। प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत संपूर्ण वित्तीय समावेशन की योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व अटल पेंशन स्कीम में यूपी नंबर एक पर है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना में यूपी नंबर दो और पीएम स्वनिधि योजना में स्ट्रीट वेंडर्स को सर्वाधिक ऋण देने में यूपी देश में प्रथम है। सर्वाधिक आयकर रिटर्न भरने वालों में यूपी देश में नंबर दो पर आ चुका है। हमारे यहां इनकम टैक्स रिटर्न भरे जा रहे हैं। इसका प्रमाण है कि यूपी की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है।

**पिछले सात-आठ वर्ष के अंदर लगातार घटी है बेरोजगारी दर :** सीएम योगी ने प्रदेश के अंदर बेरोजगारी दर पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में बेरोजगारी दर 17 से 19 फीसदी थी, लेकिन पिछले सात-आठ वर्ष के अंदर यह लगातार घटी है। 2023-24 में बेरोजगारी दर 3.4 फीसदी है। देश के अंदर अन्य राज्यों की बेरोजगारी दर अलग-अलग है। जम्मू-कश्मीर में 6.7 फीसदी, केरल में 7 फीसदी, पंजाब में 6.1 फीसदी व हिमाचल प्रदेश में 4.3 फीसदी है।

## श्रद्धालु ने सांवलिया सेठ को भेंट किया साढ़े सात लाख मूल्य का ट्रैक्टर

**टीम एक्शन इंडिया**

**चित्तौड़गढ़।** जिले के प्रसिद्ध श्री सांवलियाजी मंदिर में एक श्रद्धालु ने अपनी आस्था प्रकट करते हुए भगवान को ट्रैक्टर भेंट किया है। ट्रैक्टर व्यवसाय से जुड़े इस श्रद्धालु ने वर्ष 2024 में अपने व्यवसाय की सफलता के लिए प्रार्थना की थी। वर्षभर में कारोबार अच्छा रहने के बाद, वह अपने परिवार के साथ मंदिर पहुंचा और नया ट्रैक्टर भेंट स्वरूप अर्पित किया। इस दौरान मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालु परिवार का सम्मान किया गया।

## महाकाल मंदिर में होमगार्ड स्वयंसेवी सैनिक की होगी भर्ती

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक हुई, जिसमें प्रदेश के हित में कई अहम निर्णय लिए गए। मंत्रि-परिषद ने उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर में होमगार्ड स्वयंसेवी सैनिकों के 488 पद स्वीकृत करने की मंजूरी दी गई। इस पर सालाना 17 करोड़ रुपये का व्यय आएगा। एक वर्ष के भीतर यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इसके अलावा, मंत्रिपरिषद द्वारा दूसरे अनुपूरक बजट को भी स्वीकृति प्रदान है, जिसे विधानसभा में पेश किया जाएगा। नगरीय विकास और आवास मंत्री



कैलाश विजयवर्गीय ने बैठक में लिए फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को समिट के प्रस्तावों को जमीन पर उतारने के लिए सतत फॉलो-अप करने और विभाग प्रमुखों के साथ रिव्यू करने का निर्देश दिया है। प्रमुख सचिव हर हफ्ते रिव्यू करेंगे और मुख्य सचिव को इसकी रिपोर्ट देंगे। मंत्री भी इन प्रस्तावों को साकार करने के लिए कार्य करेंगे। इस दौरान सेक्टरवार मिले निवेश प्रस्तावों की जानकारी साझा की गई। उन्होंने बताया कि मंत्रि-

समिट

**मंत्रिपरिषद द्वारा दूसरे अनुपूरक बजट को भी स्वीकृति प्रदान है, जिसे विधानसभा में पेश किया जाएगा**

परिषद ने विकास योजना के लिए नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम की धारा 66 में संशोधन विधेयक 2025 को मंजूरी दी है। इस विधेयक के तहत कोई भी शासकीय विभाग प्लानिंग एरिया के बाहर भी निवेश कर सकेगा और राज्य सरकार को प्रस्ताव देगा।

## दुनिया को भारत से बहुत उम्मीदें: मोहन भागवत




**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल। स्वयंसेवक संघ के** सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत ने कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि इसे व्यापक दृष्टिकोण से देखना होगा। मानवता को सही दिशा देने के लिए आवश्यक है कि हम अपने कार्य को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाएं। विद्या भारती केवल शिक्षा प्रदान करने का कार्य नहीं करती बल्कि समाज को सही दिशा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आज विश्व भारत की ओर देख रहा है। उसे भारत से बहुत उम्मीदे हैं, भारत को विश्व भर में मानवता की दिशा देनी होगी। संघ प्रमुख डॉ. भागवत मंगलवार को विद्या भारती के आयोजित पांच दिवसीय पूर्णकालिक कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग 2025 के उद्घाटन कार्यक्रम में बोल रहे थे। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल स्थति शारदा विहार आवासीय विद्यालय में आज आवासीय वर्ग का शुभारंभ करते हुए डॉ. भागवत ने कहा कि विद्या भारती अपने विचारों के अनुरूप शिक्षा कार्य कर रही है। यह शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है बल्कि यह छात्रों के जीवन मूल्यों और संस्कारों का निर्माण भी करती है। हमारी शिक्षा का कार्य व्यापक है, जो केवल ज्ञान देने तक सीमित नहीं रह सकता अपितु इसका उद्देश्य समाज को नैतिक रूप से समृद्ध बनाना भी है। उन्होंने कहा कि समय के अनुसार परिवर्तन आवश्यक है, लेकिन इसमें निष्क्रिय होकर बैठना उचित नहीं होगा। मानव अपने मस्तिष्क के बल पर समाज में परिवर्तन लाता है और उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यह परिवर्तन सकारात्मक हो। संघ प्रमुख ने कहा है कि आज के समय में तकनीक समाज के हर क्षेत्र में अपना प्रभाव डाल रही है। हमें टेक्नोलॉजी के लिए एक मानवीय नीति बनानी होगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान और तकनीक में जो कुछ गलत है, उसे छोड़ना पड़ेगा और जो अच्छा है, उसे स्वीकार कर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विशेषता पर जोर देते हुए कहा कि हमें विविधता में एकता बनाए रखनी होगी। भारत की संस्कृति ने हमेशा सभी को जोड़ने का कार्य किया है और इसे बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। सब में मैं हूँ, मुझ में सब हैं।

दृष्टिकोण

**देश को विश्व भर में देनी होगी मानवता की दिशाः स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत**



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मंगलवार को उनके सरकारी आवास में आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी कैलाशानन्द गिरि जी महाराज निरंजनी अखाड़ा, हरिद्वार ने शिष्टाचार भेंट की।




## गहलोत ने भजनलाल सरकार पर लगाया रसोई योजना को कमजोर करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुरः** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भजनलाल सरकार पर उनके कार्यकाल में शुरू की गई रसोई योजना को कमजोर करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि अब भाजपा सरकार में यहां किसी रसोई में खाना नहीं है, तो कहीं पर गंदगी है और ठंडा भोजन परोस रहे हैं। इस वजह से आने वाले लोग निराश हो रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट



कर लिखा कि "कोई भूखा न सोए" की भावना के साथ हमारे कार्यकाल में इंदिरा रसोई की शुरूआत की गई थी। भाजपा सरकार आने के बाद इस योजना का नाम बदल कर अन्नपूर्णा योजना कर दिया। नाम बदलने के बाद इस योजना को मजबूत करने का संकल्प करना चाहिए था।

गंभीर आरोप

**ब भाजपा सरकार में यहां किसी रसोई में खाना नहीं है, तो कहीं पर गंदगी है और ठंडा भोजन परोस रहे हैं**

## शेखावत ने गुजरात के मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**जोधपुर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सूरत के शिवशक्ति टेक्सटाइल मार्केट में विगत दिनों हुई भीषण आगजनी से राजस्थान के व्यवसायियों को हुए आर्थिक नुकसान के संदर्भ में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल को पत्र लिखा है। उन्होंने मुख्यमंत्री का व्यापारी बंधुओं की सहायता के लिए विशेष पैकेज जारी करने की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। अपने पत्र में शेखावत ने लिखा कि मैं आपका ध्यान शिवशक्ति टेक्सटाइल मार्केट में 25 से 27 फरवरी को भीषण आग लगने की दु:खद और स्तब्ध करने वाली घटना की ओर आकर्षित करना चाहूंगा।

लक्ष्य

**मार्च माह के आने के साथ ही सरकार राजस्व बढ़ाने को लेकर गंभीर हो जाती है**

## लक्ष्यों की पूर्ति के लिए गंभीर खनिज विभाग ने बनाई योजना

**टीम एक्शन इंडिया**

**चित्तौड़गढ़। मार्च** माह के आने के साथ ही सरकार राजस्व बढ़ाने को लेकर गंभीर हो जाती है। इसी को लेकर खनिज विभाग भी मार्च माह में राजस्व के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रयासों में जुट गया है। मुख्यालय की ओर से तय लक्ष्यों के मुकाबले अब तक 319.06 करोड़ रुपये के राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति हो गई है। जानकारी के अनुसार 2024-25 के वित्तिय वर्ष में चित्तौड़गढ़ खनि अभियन्ता को मुख्यालय से 451.53 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य दिया था। इसके विरूद्ध फरवरी माह तक 319.06 करोड़ रुपये का




लक्ष्य ही अर्जित हो पाया है। अब इसे लेकर विभाग ने कार्य योजना तैयार की है। विभाग को संभावना है कि उनके द्वारा 354.95 करोड़ रुपये का लक्ष्य अर्जित किया जा सकेगा। लेकिन इसके अतिरिक्त भी लक्ष्य प्राप्ति के प्रयास शुरू कर दिए है। खनि अभियन्ता अहते शाम सिद्दकी के अनुसार खनिज विभाग द्वारा चित्तौड़गढ़ खंड में 152.04 करोड़ के मुकाबले फरवरी माह तक 118.72 करोड़ का लक्ष्य अर्जित किया है। इसी तरह निम्बाहेड़ा खंड में 299.49 करोड़ के मुकाबले 200.34 करोड़ का लक्ष्य अर्जित किया जा सका है।

**31 मार्च तक के लिए बनाई कार्य योजना**

खनिज विभाग ने लक्ष्यों को अर्जित करने के लिए 31 मार्च तक कार्य योजना बनाई है। कार्य योजना के अनुसार प्रधान खनिज के नीलाम हो चुके प्लॉट से प्राप्त होने वाली दूसरी प्रीमियम किश्त मार्च 2025 में ही जमा कराने के प्रयास किए जा रहे है। इसमें 8.71 करोड़ रुपये की आय की संभावना है। इसी प्रकार अप्रधान खनिज के खनन पट्टों के 32 प्लॉट और क्वारी लाइसेंस के 105 प्लॉट नीलामी के लिए निदेशालय प्रेषित किए है।